# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार, 29 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 133 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## सप्तम नवदुर्गा : माता कालरात्रि

**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।**
**वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।**



श्री दुर्गा का सप्तम रूप श्री कालरात्रि हैं। ये काल का नाश करने वाली हैं, इसलिए कालरात्रि कहलाती हैं। नवरात्रि के सप्तम दिन इनकी पूजा और अर्चना की जाती है। इस दिन साधक को अपना चित्त भानु चक्र (मध्य ललाट) में स्थिर कर साधना करनी चाहिए। संसार में कालो का नाश करने वाली देवी 'कालरात्री' ही है। भक्तों द्वारा इनकी पूजा के उपरांत उसके सभी दुःख, संताप भगवती हर लेती है।






## ‘आत्मसमर्पण करें नक्सली, नहीं चलेगी एक भी गोली’ : शाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भारत में नक्सल को खत्म करने के अपने संकल्प को दोहराया। साथ ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार की सख्त नीति पर जोर दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सरकार नक्सलियों के सीजफायर प्रस्ताव को खारिज करती है। उन्होंने कहा कि अगर नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते हैं तो उनका स्वागत है लेकिन कोई सीजफायर नहीं होगा। अमित शाह ने कहा कि हाल ही में एक पत्र लिखकर भ्रम फैलाने की कोशिश की गई कि अब तक जो हुआ वह गलती थी और अब सीजफायर कर आत्मसमर्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं साफ कहना चाहता हूं कि कोई सीजफायर नहीं होगा। अगर आत्मसमर्पण करना है तो हथियार डाल दें, एक भी गोली नहीं चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वालों के लिए लाल कालीन बिछा है। श्री शाह ने कहा कि भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो



जाएगा। उन्होंने बताया कि नक्सलवाद की समस्या केवल हथियारबंद लड़ाई तक सीमित नहीं है। यह समस्या समाज में बनी विचारधारा और उसे मिलने वाले समर्थन से जुड़ी है। उन्होंने नक्सलवाद के विचार के हमले करने की सरकार की योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग सोचते हैं कि नक्सलवाद की समस्या हथियारबंद गतिविधियों के खत्म होते ही खत्म हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं है। नक्सलवाद क्यों पैदा हुआ, कैसे बढ़ा और विकसित हुआ? श्री शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि नक्सलवाद के पीछे कौन लोग हैं जिन्होंने विचारधारा, कानूनी और वित्तीय मदद दी? जब तक भारतीय समाज इस बात को समझेगा नहीं, तब तक नक्सलवाद से लड़ाई खत्म नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में समाज की सोच और उससे जुड़े लोगों को समझना जरूरी है। इसके साथ ही अमित शाह ने अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ सरकार की सख्त और योजनाबद्ध नीति की सफलता पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद वहां सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है।

## अवैध जमीन जमाबंदी मामले में विनय सिंह के छह ठिकानों पर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**रांची।** झारखंड में एसीबी की टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए विनय सिंह के छह ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई हजारीबाग में जमीन की अवैध जमाबंदी और अनियमित खरीद-बिक्री से जुड़े मामलों की जांच के तहत की गई है। सूत्रों के अनुसार तीन दिन पहले ही एसीबी ने विनय सिंह को गिरफ्तार किया था। रविवार को सुबह से ही एसीबी की टीम ने छापेमारी शुरू कर दी जिसमें स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद था। इस दौरान कई अहम दस्तावेज, जमीन से संबंधित कागजात और लेन-देन से जुड़े रजिस्टर बरामद किए गए हैं। यह जमाबंदी का मामला वर्ष 2013 का है। डीसी कार्यालय ने उस समय पांच प्लाट की जमाबंदी रद्द कर दी थी, क्योंकि यह क्षेत्र वन क्षेत्र में आता था। वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गैर-वानिकी कार्य या अतिक्रमण करना सख्त वर्जित है। सूत्रों ने बताया कि विनय सिंह, उनकी पत्नी और उनके नेटवर्क पर लंबे समय से जमीन के अवैध कारोबार में शामिल होने के आरोप लगे थे। एसीबी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और दबंगई के बल पर प्लॉटिंग और अवैध जमाबंदी की जा रही है। एसीबी की इस छापेमारी के बाद ऐसे कई तथ्यों का खुलासा होने की संभावना है जो जमीन से जुड़े अवैध कारोबार और प्लॉटिंग के मामलों को लेकर जांच में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार ट्रक ने ली बुजुर्ग की जान

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सरिया थाना अंतर्गत पोखरियाडीह में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गांव के ही 65 वर्षीय फूलचंद मंडल की मौत मौके पर हो गई। घटना रात करीब आठ बजे तब हुई जब वे सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इसी क्रम में बगोदर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि फूलचंद मंडल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### ट्रक की चपेट में आया बच्चा, मौत

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** चाईबासा-जगन्नाथपुर मुख्य सड़क पर सिंहपोखरिया रेलवे स्टेशन के पास एक ट्रक ने 10 वर्षीय मासूम को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चा सुबह अपने दोस्तों के साथ घूमने निकला था तभी गलत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम पसर गया है। घटना के तुरंत बाद आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए। उन्होंने चाईबासा-जगन्नाथपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है।

### आग लगने से चार मजदूर झुलसे

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** बोकारो स्टील प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 एसएमएस-2 में रविवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक आग लगने से चार ठेका मजदूर झुलस गए। घायल मजदूरों में रंजीत महथा, ब्रजेश महथा, ओमप्रकाश महली और प्रवीण कुमार शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद घायल मजदूरों को प्लांट मेडिकल यूनिट में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बोकारो जनरल हॉस्पिटल (बीजीएच) रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, रंजीत महथा 90 प्रतिशत से अधिक झुलस चुके हैं, जबकि ब्रजेश महथा और ओमप्रकाश महली 60 प्रतिशत, और प्रवीण कुमार 45 प्रतिशत झुलसे हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### आत्मनिर्भर भारत अभियान का किया शुभारंभ

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा अनगड़ा मंडल ने रविवार से आत्मनिर्भर भारत अभियान का शुभारंभ किया। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी व मंडल अध्यक्ष सुनील महतो ने अभियान की शुरुआत की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। सुरेंद्र महतो ने बताया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमें स्वदेशी सामानों को प्राथमिकता देनी होगी।

## भू-धंसान से झोपड़ीनुमा होटल हुआ जमींदोज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिले के निरसा थाना क्षेत्र में रविवार को एक बार फिर भू-धंसान की घटना हुई। यह हादसा मुगमा इंद्रा कॉलोनी के मोची कटिंग के पास हुआ जहां मनीष नामक युवक की झोपड़ीनुमा होटल पूरी तरह जमींदोज हो गई। संयोग से घटना के वक्त दुकान बंद थी जिससे किसी की जान नहीं गई। हालांकि स्थानीय लोगों ने बताया कि मनीष इसी दुकान के सहारे अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। हादसे के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दुकान से कुछ ही दूरी पर लंबे समय से अवैध कोयला उत्खनन जारी था। इसी कारण जमीन कमजोर हुई और अचानक धंस गई। घटना होते ही उत्खनन स्थल पर मौजूद सभी लोग फरार हो गए। निरसा थाना क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर इसी तरह अवैध खनन किया जा रहा है। मजदूरों को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, चितरंजन और झारखंड के जामताड़ा इलाकों से बुलाया जाता है। मजदूरी के लालच में वे अक्सर अपनी जान दांव पर लगाते हैं। घटना के बाद निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने भी स्वीकार किया कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन जोरों पर है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन सख्ती दिखाए तो कोयले का एक तिनका भी इधर से उधर नहीं हो सकता। विधायक ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। कहा कि इस पर तत्काल रोक लगे। लोगों का कहना है कि प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत से अवैध गतिविधियां पनप रही हैं।

## 60 हजार डेयरी किसानों को मिलेंगे 16 करोड़ रुपये : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** शारदीय नवरात्रि के उत्सवी माहौल में झारखंड के दुग्ध उत्पादकों के लिए बड़ी खुशखबरी कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दी है। झारखंड मिल्क फ़ेडरेशन राज्य के करीब 60 हजार दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात दुर्गा पूजा के दौरान ही देने जा रही है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि अप्रैल 2025 से अगस्त 2025 तक का बकाया प्रोत्साहन राशि को विभाग के द्वारा निर्गत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने दुग्ध उत्पादकों को दिए जाने वाले प्रति लीटर 5 रुपये की प्रोत्साहन राशि के मद में 16 करोड़ रुपया जारी किया है। अब



इस राशि को दुग्ध उत्पादकों के बैंक खातों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। झारखंड मिल्क फ़ेडरेशन के द्वारा वर्तमान समय में प्रतिदिन करीब 2153 लाख लीटर दूध संग्रहित किया जा रहा है और इससे करीब 60 हजार पशुपालक जुड़े हुए हैं। राज्य में दूध संग्रहण की लगातार बढ़ती क्षमता से झारखंड श्वेत क्रांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि राज्य की हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही इंडिया ब्लॉक की सरकार की योजनाएं राज्य के ''दूध उत्पादकों'' को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के साथ-साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने में मददगार साबित हो रही है। मंत्री ने बताया कि राज्य के पशुपालक खुशहाल हों और वह भी शारदीय नवरात्र के इस पावन त्योहार को अपने परिवार के साथ खुशी एवं आनंदपूर्वक मनाएं। इसकी छोटी सी कोशिश विभाग ने की है और जल्द ही राज्य के 60 हजार दूध उत्पादक पशुपालकों के बैंक खाते में प्रति लीटर 05 रुपये के हिसाब से प्रोत्साहन राशि पहुंच जाएगी। कृषि मंत्री ने राज्य के सभी अन्नदाता किसानों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं दूध उत्पादकों को शारदीय नवरात्र और दशहरा की शुभकामनाएं भी दी हैं।

## संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर रांची पुलिस अलर्ट है। शहर की सुरक्षा को चाक-चौबंद तो की ही जा रही है वहीं दूसरी तरफ रविवार को राजधानी के सभी संवेदनशील स्थानों पर रांची पुलिस और केंद्रीय बलों ने एक साथ फ्लैग मार्च किया। राजधानी में नवरात्र को लेकर पुलिस की टीम पूरी तरह से सजग है। एक तरफ जहां रांची के सीनियर एसपी खुद रात के समय सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं वहीं असामाजिक तत्वों को चेतावनी देने के लिए शहर में फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से शुरू होकर फ्लैग मार्च मेन रोड होते हुए कर्बला चौक तक



पहुंचा। कर्बला चौक के बाद रांची के चर्च रोड, काली मंदिर रोड होते हुए हर उस स्थान से पुलिस का काफिला गुजरा जहां कभी ना कभी सांप्रदायिक ताकतें मजबूत होने की कोशिश कर चुकी हैं। फ्लैग मार्च के दौरान ही वैसे तमाम संवेदनशील जगह जहां पूर्व में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई थी वहां सीनियर अधिकारियों ने खुद रुक कर इलाके के थानेदारों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान रांची पुलिस के अधिकारियों ने सुरक्षा के लिए किए गए बंदोबस्त का जायजा भी लिया। रांची पुलिस के अनुसार फ्लैग मार्च के जरिए आम लोगों के बीच दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संदेश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व अगर शहर की शांति और सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। फ्लैग मार्च से पूर्व रांची के सिटी एसपी, एसडीओ और सिटी डीएसपी द्वारा सुरक्षा में तैनात जवानों को ब्रीफ भी किया गया। इस संबंध में रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने और आमलोगों के मन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के लिए पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया था।

## हजारीबाग जेल में एक माह के अंदर तीसरी बार छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजरीबाग प्रशासन ने दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इसी क्रम में हजारीबाग जेल का एक महीने के भीतर तीसरी बार औचक निरीक्षण किया गया। त्योहारों के दौरान शरारती तत्वों की सक्रियता की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई। करीब दो घंटे चले इस तलाशी अभियान में पांच मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। अभियान का नेतृत्व सदर एसडीओ बैजनाथ कामती और सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने किया। गहन जांच के बावजूद जेल से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। सदर एसडीओ बैजनाथ कामती ने कहा कि त्योहारों में सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क है और लगातार समीक्षा की जा रही है। वहीं एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि हजारीबाग जेल में कई कुख्यात अपराधी बंद हैं, इसलिए यहां अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए जाते हैं और अचानक निरीक्षण उसी का हिस्सा है। जिला प्रशासन ने शहरों से लेकर गांवों तक सुरक्षा पुख्ता करने पर जोर दिया है। त्योहारों में भीड़भाड़ बढ़ने की आशंका को देखते हुए पूजा पंडालों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। गांवों और कस्बों में भी निगरानी बढ़ाई जा रही है।

## हैदरनगर नवरात्र मेला को लेकर स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर देवी धाम शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्र मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए रेलवे प्रशासन की ओर से मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन रविवार से शुरू किया गया है। देवी धाम हैदरनगर के चर्चित मेला को लेकर झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के सदस्य और मीडिया प्रभारी अंकु सिंह राणा ने 16 सितंबर को मंडल रेल प्रबंधक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पत्र लिख कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया था। भेजे गए पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि हैदरनगर नवरात्र मेले में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न राज्यों से दर्शन और पूजन के लिए आते हैं। इस दौरान हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ एकत्रित होती है जिससे यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला स्पेशल और अतिरिक्त ट्रेन की व्यवस्था की जानी आवश्यक है। डीडीयू रेल मंडल ने इस मांग पर संज्ञान लेते हुए गढ़वा रोड से डिहरी ऑन-सोन के बीच नई स्पेशल ट्रेन परिचालन रविवार से शुरू करा दिया है। इससे मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। यह ट्रेन पूरे नवरात्र पर्व के दौरान 2 अक्टूबर तक चलाई जाएगी। हैदरनगर देवी धाम शक्ति पीठ, जिसे राज्य सरकार ने राजकीय पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता दी है, यहां 1887 से लगातार चैत्र और शारदीय नवरात्र में मेले का आयोजन होता है। इस दौरान झारखंड के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित देशभर से श्रद्धालु यहां दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं।

## अंजली अरोड़ा के साथ डांडिया नाइट में झूमा पलामू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा के साथ शनिवार को पूरा पलामू झूमा। दरअसल पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला विंग ने डांडिया नाइट का आयोजन किया था। डांडिया नाइट का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, सांसद विष्णु दयाल राम, पांकी के विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता, मेदिनीनगर के प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि वह माता रानी से प्रार्थना





करते हैं कि झारखंड में वित्त की कमी नहीं हो। पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स का इस तरह सांस्कृतिक आयोजन काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से इलाके का माहौल बदल रहा है। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम एवं पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने कहा कि पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स का यह सराहनीय आयोजन है। डांडिया नाइट मेदिनीनगर के गांधी मैदान में आयोजित हुआ। सोशल मीडिया स्टार अंजलि अरोड़ा ने पलामू के लोगों से साथ डांडिया खेला और लोगों से कहा कि वह पहली बार झारखंड आई हैं और इतनी भीड़ रहेगी उन्हें उम्मीद नही थी। डांडिया नाइट का आयोजन पलामू चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला विंग पिछले तीन वर्षों से लगातार कर रही है। मेदिनीनगर के प्रथम मेयर अरुणा शंकर एवं चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के पहल पर महिला विंग पलामू के इलाके में बदलाव की जिम्मेदारी उठा रही है।

# चौपारण में दुर्गा पूजा पर सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड में दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए चौपारण पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में रविवार को पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और फ्लैग मार्च निकालकर शांति और सुरक्षा का संदेश दिया।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व डीएसपी अजीत कुमार विमल ने किया। उनके साथ सीओ संजय कुमार यादव, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी और इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। अधिकारियों ने चौपारण बाजार, बसरिया, रामपुर, मानगढ़, सिंघरावा, दैहर समेत कई प्रमुख इलाकों में पूजा पंडालों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रशासन ने पंडाल समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली और सहयोग की अपील की। डीएसपी अजीत कुमार विमल ने कहा कि प्रशासन हर गतिविधि पर निगरानी रखे हुए है और पूजा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने लोगों से अपील की कि वे अफवाह या विवाद फैलाने से बचें। वहीं, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि शांति बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है। पंडाल समितियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे नियमों का पालन करेंगे और कोई अव्यवस्था नहीं होने देंगे। स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों ने फ्लैग मार्च का स्वागत किया और प्रशासन की इस पहल को आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ाने वाला बताया। कुल मिलाकर, चौपारण में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालु निश्चिंत होकर पूजा-अर्चना कर सकें। अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा शांति और भाईचारे का पर्व है और इसे सभी लोग सहयोग और सद्भाव के साथ मनाएं।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मुआवजा को लेकर विधायक के नेतृत्व में कंपनी का घेराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के गड़लाही मोड़ के पास शनिवार रात्रि लगभग 8:30 बजे हुए सड़क हादसे में रसोइया धमना पंचायत के लश्करी निवासी रामसागर कुमार (30 वर्ष), पिता कैलाश रजक की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। करीब एक घंटे बाद प्रशासन की समझाइश पर जाम हटाया गया। बरही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजा और रविवार को परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में शव के साथ राजकेशरी कंस्ट्रक्शन का घेराव किया। कंपनी के कर्मी सूचना मिलते ही स्थल से फरार हो गए। चार घंटे तक चले धरना के दौरान भी कंपनी का कोई प्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा। इस पर नाराज विधायक यादव ने धरनास्थल पर मौजूद चौपारण सीओ संजय यादव, पुलिस अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी को सख्त निर्देश दिए कि जब तक मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये का मुआवजा नहीं दिया जाता, तब तक कंपनी का काम पूरी तरह ठप रहेगा। विधायक ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही से बीते एक महीने में दर्जनों लोग जान गंवा चुके हैं, बावजूद इसके कंपनी सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही। उधर, शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। देर शाम मृतक का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। मृतक अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। वह अपने पीछे माता-पिता, छोटा भाई, पत्नी, एक बेटी और एक बेटा को छोड़ गया है। उसके निधन से पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# सांसद पर चौपारण की समस्याओं की अनदेखी का आरोप, कांग्रेस नेता ने जताया आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** जिला ओबीसी कांग्रेस के नेता दीपक गुप्ता ने सांसद मनीष जायसवाल पर चौपारण क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को लेकर उदासीन रहने का आरोप लगाया है।

दीपक गुप्ता ने कहा कि सांसद के हालिया चौपारण दौरे से जनता को उम्मीद थी कि वे जर्जर पुलों, खराब सड़कों और लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं जैसे गंभीर मुद्दों पर ठोस कदम उठाएंगे। लेकिन सांसद ने केवल प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना और किसी भी स्थानीय समस्या पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से सांसद की इस लापरवाही को उजागर करते हुए कहा कि चौपारण क्षेत्र में लंबे समय से खस्ता सड़क नेटवर्क और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन सांसद ने अब तक कोई सार्थक पहल नहीं की। कांग्रेस नेता ने सांसद से आग्रह किया कि वे जल्द ही लौटकर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता केवल भाषण और औपचारिक दौरों से संतुष्ट नहीं होगी, बल्कि उन्हें स्थायी समाधान और ठोस कार्रवाई चाहिए। दीपक गुप्ता ने चेतावनी दी कि सांसद की यह उदासीनता जनता में गहरा आक्रोश पैदा कर रही है और यदि हालात नहीं बदले, तो यह क्षेत्रीय राजनीतिक विवाद का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि सांसद को अपने जनप्रतिनिधि के कर्तव्यों का पालन करते हुए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा।

# दुर्गा पूजा को लेकर विहिप व बजरंग दल व्यवस्था पर रखेंगे नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** दुर्गा पूजा को लेकर विहिप व बजरंग दल के स्वयंसेवकों को दायित्व सोपा गया बरकट्ठा प्रखंड के विहिप सह बजरंग दल मार्गदर्शक रामचन्द्र चौधरी ने बरकटठा प्रखंड के विहिप सह बजरंग दल पदाधिकारीयों को दुगार्पुजा शांति और शौहार्द पुर्ण संपन्न कराने के लिए दायित्व सौपें जिसमें मुख्य रूप से काली मंडप गोरहर में बैजनाथ महतो, दुर्गा मंडप बेलकपी, बंडासिंगा शिवलाल यादव, घंघरी तुलसी प्रसाद, कपका, बुचई, मधुबन बालेश्वर ठाकुर, बरकटठा श्याम किशोर पांडे, गंगपाचो महेन्द्र प्रसाद, बेडोकला, बरकनगांगो धीरज गुप्ता, कल्हाबाद कामेशवर प्रसाद, बरवां रंजीत कुमार, मासीपीढी भागीरथ प्रसाद, गैडा विनोद प्रसाद,सभी पंडालो में शांति पुर्वक दुगार्पुजा का त्यौहार संपन्न हो इसको लेकर कडी निगरानी रखेंगें। किसी भी तरह के उपद्रव पर प्रशासन और अपनी टीम को सुचना देंगे। सभी जागरूक होकर अभी से एक एक क्रियाकलापों पर नजर रखेंगें।

मंदिर परिसर में साफ सफाई, लाईट, पानी का समुचित व्यवस्था पर भी स्थानीय समिति के सहयोग से नजर रखेंगें। सभी एक दूसरे से संपर्क में रहेंगे और आसामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए पूजा शांति से सफल करने में सभी सहयोग करेंगे।

# गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने किया विष्णुगढ़ में पेट्रोल पंप का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**विष्णुगढ़।** झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन ने रविवार को विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बगोदर रोड स्थित पटेल फ्यूल्स, चलनियां पेट्रोल पंप का विधिवत शुभारंभ किया।

श्रीमती सोरेन ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर संयुक्त रूप से इस नई सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। नए पेट्रोल पंप के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को अब बेहतर ईंधन आपूर्ति और यातायात सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दुर्गा पूजा पर सदर थाना पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



■ पलामू एसपी ने आपसी सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मनाने के लिए आवाम से की अपील

■ अफवाह फैलाने वालों तथा असामाजिक तत्वों पर पुलिस कि पैनी नजर : इंस्पेक्टर सुरेश राम

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम व सदर थाना प्रभारी लालजी के नेतृत्व मे सदर थाना क्षेत्र के जोड़, खनवां,बड़कागांव, पोखराहा, चियांकी गोदाम चौक, भुसही, सुवा, कौड़िया मे फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पूजा समिति के लोगों से मिलकर प्रभारी लालजी ने दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द के साथ मनाने के लिए अपील करते हुए कहा की किसी तरह की परेशानी होने पर तत्काल इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दे जिससे त्वरित कार्रवाई कि जा सके।

पलामू पुलिस ने दुर्गा पूजा को लेकर सदर थाना प्रभारी व सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च थाना क्षेत्र के विभिन्न अलग-अलग जगहों में निकाला गया ।इस दौरान अरक रंजीत कुमार, अभिमन्यु सिंह,नबी अंसारी, तिलेस्वर रज्क,अरविंद सिंह, योगेन्द्र पासवान, उपाध्याय सिंह, टाइगर कुमार मुकेश गुप्ता, संतोष प्रसाद साव समेत अन्य जवानों ने फ्लैग मार्च किया पुलिस जवानों ने लोगों को सुरक्षा और शांति का संदेश दिया। सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने बताया कि दुर्गा पूजा के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। ऐसे संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहां कि शांति और सौहार्द के माहौल में त्योहार का आयोजन कराया जाएगा। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि वे पूजा के दौरान प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन की ओर से पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, अतिरिक्त बल की तैनाती और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष चौकसी रखने की तैयारी की गई है। फ्लैग मार्च के दौरान आम लोगों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की।

# दारू में दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर दारू थाना क्षेत्र में अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक और दारू थाना पुलिस दल-बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च में सशस्त्र बल भी शामिल रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे त्योहार को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न करें।

अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे बड़े पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता है और प्रशासन इसके लिए पूरी तरह सतर्क है। फ्लैग मार्च से क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

## मांडू विधानसभा चुनाव : हलफनामे में आपराधिक मामलों को छिपाने का आरोप

# पूर्व विधायक पटेल ने चुनाव आयोग से की शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** मांडू विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी के बीच एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर वर्तमान विधायक और आजसू पार्टी के उम्मीदवार तिवारी महतो पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पटेल का कहना है कि तिवारी महतो ने अपने चुनावी हलफनामे में आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी नहीं दी है। उनके अनुसार, तिवारी महतो पर कुल 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन हलफनामे में केवल 10 मामलों का ही उल्लेख किया गया है। पटेल ने इसे मतदाताओं को गुमराह करने और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत दंडनीय अपराध बताया है।

**हलफनामे में दर्ज मामले**

**गिद्दी थाना (हजारीबाग):** कांड सं. 109/2022, 68/2013, 69/2013 (धारा 341, 323, 353, 504, 506, 147, 148, 179)

**रामगढ़ थाना :** कांड सं. 122/2011, 415/2020, 279/2020, 278/2020 (धारा 147, 148, 149, 114, 448, 427, 385, 387, 269, 270, 271, 379, 504, 506)

**मांडू थाना :** कांड सं. 186/2016 (धारा 147, 148, 149, 323, 324, 379, 385, 34)

**नावाडीह थाना :** कांड सं. 66/2023 (धारा 353, 171(C), 171(F), 34)

**पटसंडा थाना :** कांड सं. 140/2017 (धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120(B), 34)

**जिन मामलों का जिक्र नहीं किया गया (पटेल का दावा)**

**बड़कागांव (उरीमारी) थाना :** कांड सं. 208/2015 (धारा 420, 120B IPC एवं 3/4 MDART Act)

**मांडू (कुज्जू) थाना:** कांड सं. 40/2022 (धारा 143, 188, 290 IPC एवं 3/4 DM Act)

पटेल ने कहा कि यह न केवल आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों की भी अवहेलना है।

उन्होंने 13 सितंबर को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर इस मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। पटेल का कहना है कि यदि उम्मीदवार आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी नहीं देते हैं तो यह मतदाताओं को भ्रमित करने और न्यायपालिका की अवमानना करने के समान है।

पटेल ने चेतावनी दी कि यह मामला गंभीर है और यदि आयोग ने कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो इसका चुनावी समीकरणों पर गहरा असर पड़ेगा।

# शराब की दुकानें नवरात्र-दशहरा में बंद हों : सन्नू सिद्धिकी

■ नवरात्र की पवित्रता बनाए रखने को लेकर झामुमो नेता सन्नू सिद्धिकी ने की अपील

**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह उपाध्यक्ष सन्नू सिद्धीकी ने नवरात्र और दशहरा के दौरान शराब की दुकानों को बंद रखने की मांग की है। सन्नू सिद्धीकी ने कहा कि मेदिनीनगर में नवरात्र और दशहरा पूजा बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। भव्य पंडालों का निर्माण किया गया है। जहां श्रद्धालु अपने परिवार के साथ दर्शन व भ्रमण के लिए निकलते हैं। ऐसे में पवित्रता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शराब की बिक्री पर रोक लगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल नवरात्र की पवित्रता बनी रहेगी, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक शांति भी सुनिश्चित होगी। साथ ही श्रद्धालु पूरे मनोयोग और श्रद्धा से उत्सव में शामिल हो पाएंगे। सन्नू सिद्धीकी ने नगर निगम क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्र और दशहरा की शुभकामनाएं भी दीं। पलामू अपने गंगा-जमुनी संस्कृति के लिए जाना जाता है, सन्नू सिद्धी की इस मांग की सभी समाज के लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्व-त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। इस मांग को देखते हुए लोगों में सुरक्षा को लेकर भरोसा और मजबूत हुआ है।

# महिलाओं की एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू /चरही।** झारखंड महिला उत्थान संस्था के तत्वावधान में दिनांक 28 सितम्बर 2025 को लारा खेल मैदान, लारा में महिलाओं का एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की सचिव नीलम बेसरा, अध्यक्ष फूलकुमारी तिग्गा,टीम लीडरों और उपस्थित समाज सेवियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं को खेल के माध्यम से आत्मविश्वास और नेतृत्व के अवसर को उपलब्ध करना है। समाज में यह मान्यता कि खेल केवल पुरुषों के लिए होते हैं, उसे चुनौती देना और यह दिखाना कि महिलाएँ भी अपनी प्रतिभा और क्षमता से आगे बढ़ सकती हैं जिससे समाज में वे अपनी खुद कि पहचान बना सके। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में चूरचू प्रखंड क्षेत्र के जमडीहा, लोठे, फुसरी सौंडरा टोला और फुसरी झरना टोला गाँव की महिला टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ



शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

**इस अवसर पर संस्था की सचिव नीलम बेसरा ने कहा :** गाँव की महिलाएँ बच्चों और घर की जिम्मेदारियाँ संभालते हुए भी खेल के लिए समय निकाल रही हैं, यह अपने आप में बड़ी बात है। पहले समाज में यह मान्यता थी कि खेल और सार्वजनिक अवसर सिर्फ पुरुषों के लिए हैं, इसलिए महिलाओं को मौका ही नहीं मिल पाता था। संस्था का प्रयास है कि महिलाओं और लड़कियों को ऐसे अवसर दिए जाएँ, ताकि वे अपनी प्रतिभा दिखा सकें और नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। यह प्रतियोगिता साबित करती है कि अगर महिलाओं को मंच और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं।" ST/SC/OBC के सदस्य सह समाजसेवी गुड्डु महतो ने कहा कि संस्था लगातार महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। जब लड़कियों और महिलाओं को ऐसे अवसर मिलते हैं तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। समाज सेवी जोसेफ बेसरा ने कहा कि पहले महिलाएं काफी पीछे थीं, लेकिन जब से संस्था ने उन्हें संगठित किया है, तब से वे अपनी समस्याओं को ब्लॉक और अधिकारियों के सामने रख पा रही हैं। जो महिलाएं पहले घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं, अब वे खुलकर फुटबॉल जैसे चुनौती पूर्ण खेल को खेलते हुए बाहर आ रही हैं और अपनी आवाज उठा रही हैं। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में लोठे टीम ने प्रथम स्थान और फुसरी झरना टोला टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चिंता तिग्गा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में फुलकुमारी तिग्गा , प्रेमा कुमारी, नरेश मांझी, कविता कुमारी, सुनीता देवी, आशा टुडू और आशीष बेसरा का विशेष योगदान रहा।

# डांडिया नाइट में बच्चों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा, अभिभावकों ने की जमकर सराहना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही हजारीबाग।** बरही प्रखंड के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार की शाम धूमधाम से डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम रात 8:30 बजे तक चला।

कार्यक्रम के लिए स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया था, जो देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के नेता रणजीत चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलन कर की। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों के बीच तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। खूबसूरत लाइट सजावट, पारंपरिक संगीत और बच्चों का उत्साह कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी कार्यक्रम का हिस्सा बने और मंच से बच्चों का हौसला बढ़ाते रहे। इस अवसर पर मौजूद भाजपा नेता रणजीत चंद्रवंशी ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन स्कूल प्रशासन का सराहनीय प्रयास है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल परंपरागत संस्कृति और धार्मिक मूल्यों को बच्चों तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति जुड़ाव और गहरा होगा। मौके पर बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक और शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# चौपारण में शहीद भगत सिंह की 118वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी, युवाओं को आदर्श अपनाने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड अंतर्गत शहीद भगत सिंह +2 उच्च विद्यालय झापा-विसनपुर में रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और नाट्य प्रस्तुतियां दीं, जिनसे उपस्थित लोग भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं बल्कि विचार और आदर्शों के प्रतीक थे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीद के जीवन और विचारों को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। श्री अकेला ने भगत सिंह के लेखन और उनके त्याग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका साहस आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राम लखन सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने शहीद-ए-आजम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजित इस भव्य जयंती समारोह ने क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना को और प्रगाढ़ किया।

# देवघर के पूजा पंडालों में विद्युत सज्जा बिजली विभाग के लिए अग्नि परीक्षा, आम लोगों को हो सकती है परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**देवघर।** दुर्गा पूजा को लेकर देवघर शहर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। जिला प्रशासन पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में जुटा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर विद्युत आपूर्ति तक तमाम बिंदुओं पर प्रशासन का विशेष ध्यान है। वहीं शहर में आकर्षक पंडालों में झिलमिलाती लाइटों से पूरा शहर रोशनी से नहा गया है, लेकिन पंडालों की विद्युत सज्जा विद्युत विभाग के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। देवघर में प्रतिदिन लगभग 75 से 80 मेगावाट बिजली की खपत है। ऐसे में दुर्गा पूजा पंडालों की सजावट पर भी कई मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। ऐसे में दुर्गा पूजा के दौरान बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए डाबर ग्राम पावर ग्रिड और कुमैठा पावर ग्रिड के कर्मचारियों को विभाग की ओर से विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आम उपभोक्ताओं को अनावश्यक पावर कट की समस्या का सामना न करना पड़े।

**विभाग की टीमें कर रही पंडालों का निरीक्षण**

इस संबंध में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता नीरज आनंद ने बताया कि बिजली विभाग की टीमें पूजा पंडालों का लगातार निरीक्षण कर रही हैं। सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसटी और एलटी लाइन की नियमावलियों के अनुपालन की निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, विभागीय कर्मचारी पंडाल समितियों को भी सावधानियों का अनुपालन कराने में तत्पर हैं।

## झारखंड में मानसून सक्रिय, 2-3 अक्टूबर तक कई जिलों में भारी बारिश की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दशहरे के मौके पर यानी विजयदशमी के दिन (2-3 अक्टूबर) को राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 2 अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक 70 से 110 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य में 3 अक्टूबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का भी अनुमान है। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह 8:30 बजे तक 24 घंटे में पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया में राज्य में सबसे अधिक 38.2 मिमी बारिश हुई। झारखंड का गोड्डा सबसे गर्म स्थान रहा, जहां तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में सबसे कम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# करंट की चपेट में आने से दंपत्ती की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा से सटे पांडरासाली ओपी अंतर्गत तोरसिंदरी गांव में एक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। खेत में करंट की चपेट में आकर एक दंपती की मौत हो गई। मृतकों की पहचान वीर सिंह हेंब्रम (36) और उनकी पत्नी पुरगुन हेंब्रम (30) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम पुरगुन हेंब्रम खेत में पानी देखने गई थीं। खेत में पहले से ही 440 वोल्ट का टूटा हुआ विद्युत तार गिरा हुआ थाो, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। जैसे ही वह खेत के पानी में उतरीं, करंट की चपेट में आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर पति वीर सिंह हेंब्रम पत्नी को खोजते हुए खेत पहुंचे। पत्नी को गिरे हुए देख उन्होंने उसे उठाने की कोशिश की, लेकिन उसी दौरान वह भी करंट की चपेट में आ गए और उनकी भी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी तब मिली जब एक ग्रामीण वहां से गुजर रहा था। उसने दोनों को खेत में गिरा देखा और तत्काल गांव वालों को सूचना दी। ग्रामीणों ने किसी तरह शवों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और रविवार को दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का कहना है कि खेत के ऊपर से गुजरने वाला 440 वोल्ट का तार कई दिनों से खराब था और आखिरकार टूटकर गिर गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष, विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर रफीगंज नगर में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का भव्य आयोजन किया गया। नगर के शिव मंदिर महादेव घाट परिसर में शस्त्र पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर संघ के प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख उपेंद्र भाई त्यागी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1925 में परम पूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विपरीत परिस्थितियों में संघ की स्थापना की थी। आज यह संगठन निरंतर संघर्ष और समर्पण के बल पर विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा कि संघ के विविध अनुशांगिक संगठन समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा कार्य कर रहे हैं। संघ समाज से अनेक अपेक्षाएं रखता है और स्वयंसेवकों को उन्हें पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत महादेव घाट के धावा नदी तट पर संघ प्रार्थना, गीत एवं पुष्पांजलि से हुई। पथ संचलन महादेव घाट से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, थाना गली, मेन बाजार, स्टेशन रोड, महाराजगंज रोड होते हुए पुनः महादेव घाट पर संपन्न हुआ। यहां बौद्धिक सत्र एवं मातृ वंदना का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के कार्य, सिद्धांतों एवं नियमों पर चर्चा की गई और उनके पालन पर बल दिया गया। इस मौके पर नगर मुख्य मार्ग प्रमुख राहुल कुमार, सामाजिक समरसता प्रमुख अशोक प्रसाद, नगर कार्यवाह अभिषेक कुमार, खंड कार्यवाह शंभु खत्री, डॉक्टर संत प्रसाद, दीनानाथ विश्वकर्मा, प्राचार्य प्रमोद मिश्रा, मुखिया संजय कुमार, संजय योगी, सुबोध सिंह, शुभम सिंह, राजू गुप्ता, पप्पू यादव, हार्दिक सिंह राजपूत, विजय शर्मा, विमलेश पासवान, अविनाश मिश्रा सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शराब बरामद, मोटरसाइकिल मालिक पर प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने बदोपुर गांव में छापेमारी कर 5 लीटर महुआ देशी शराब बरामद की है। शराब एक मोटरसाइकिल (संख्या BR-02AS-3223, हीरो होंडा स्प्लेंडर) की डिक्की से मिली। पुलिस ने मौके से मोटरसाइकिल जब्त कर थाना लाया और मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पीएसआई उमेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि उक्त मोटरसाइकिल से अवैध शराब की ढुलाई की जा रही है। सूचना के आधार पर की गई जांच में वाहन की डिक्की से देशी चुलाई शराब बरामद की गई। मोटरसाइकिल की रजिस्ट्रेशन जांच में यह अजय चौधरी के नाम पर पाया गया। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने कहा कि जब्त मोटरसाइकिल व शराब थाना लाया गया है और अजय चौधरी को नामजद आरोपी बनाया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

# गैस एजेंसी में चोरी, 31 हजार नकद और मोबाइल फोन समेत सामान ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर बाजार स्थित प्रसाद ईडन गैस एजेंसी में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने एजेंसी का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सभी काउंटरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद काउंटर में रखे 31 हजार रुपये नगद, सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डिस्क और दराज में रखे दो मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी रविवार सुबह हुई। सूचना मिलते ही मखदुमपुर थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में जिले से एफएसएल की टीम भी बुलाई गई, जिसने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और साक्ष्य जुटाए। एजेंसी के कर्मी दिनेश प्रसाद वर्मा ने बताया कि इससे पहले दो बार लूट की घटना हो चुकी है, लेकिन चोरी की यह पहली वारदात है। उन्होंने बताया कि चोरों ने देर रात करीब 12 बजे से 3 बजे के बीच घटना को अंजाम दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि एजेंसी के ऊपर ही मालिक गगन भूषण प्रसाद का परिवार रहता है। मखदुमपुर थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और वरीय अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। बता दें कि प्रसाद ईडन गैस सर्विस जदयू के वरीय नेता गगन भूषण प्रसाद की एजेंसी है, जहां अज्ञात चोरों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना से बाजार में दहशत का माहौल है।

## स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत संचालित स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में जीविका आधारित ग्राम संगठनों की दीदियों के साथ स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संवाद के दौरान संपूर्ण स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख बिंदु इस प्रकार रहे –शौचालय का नियमित उपयोग सुनिश्चित करना। घरों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में संग्रहित करना। घरेलू स्तर पर गीले कचरे एवं धूसर जल के सुरक्षित निष्पादन की व्यवस्था। कार्यक्रम के उपरांत सभी जीविका दीदियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। साथ ही, स्वच्छता उपयोगिता शुल्क में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक स्तर पर स्वच्छता को व्यवहार का हिस्सा बनाना एवं स्थायी स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

# गायत्री परिवार ने किया साप्ताहिक पौधारोपण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 226वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन काको प्रखंड के रामदानी स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के सस्वर उच्चारण एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य संजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है।इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि वह कम से कम प्रत्येक वर्ष 10 पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। पौधरोपण का कार्यक्रम गायत्री परिवार के द्वारा प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चलाया जाता है। अभी तक जिले में लगभग 45000 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के रंगेश कुमार,शिशुपाल सिंह, भारती जी एवं मंदिर के महंत सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीएम को आवेदन सौंपे पांच माह बीत गए परंतु अबतक नहीं बनी पक्की सड़क



**औरंगाबाद।** बीते 12 मई 2025 को मदनपुर प्रखंड के बनिया क्षेत्र सं-11 के पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी ने डीएम एवं ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर लगभग 500 घर महादलित परिवार को आवागमन हेतु मोती बिगहा पथ से नयका आहर के पिंड होते हुए बनिया रविदास टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्कता योजना के अंतर्गत संपर्क सड़क से जोड़ने की मांग की गई थी। संजीव कुमार सिंह ने बताया कि डीएम को आवेदन पत्र सौंपे हुए पांच माह बीतते को है परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बताया कि सरकार के द्वारा प्रत्येक टोला को चारो तरफ से पक्की सड़क से जोड़ने की बड़ी-बड़ी वादें एवं घोषणाएं की जाती है परंतु बनिया रविदास टोला आज भी सरकार के उदासीन रवैया के कारण उपेक्षित है। उन्होंनें राज्य सरकार से मांग किया है कि अविलंब मोती बिगहा पथ से नयका आहर के पिंड होते हुए बनिया रविदास टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम संपर्कता योजना के अंतर्गत संपर्क सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

### ट्रैक्टर ने बाइक चालक को मारी ठोकर, दो घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** पटना-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-22 पर मखदुमपुर प्रखंड के पलेया बाईपास मोड़ के समीप एक ट्रैक्टर ने बाइक चालक को सामने से जबरदस्त ठोकर मार दिया, जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों में उदय कुमार एवं पंचम कुमार शामिल है। वहीं बाइक चालक ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया जिसे पुलिस के हवाले किया गया। इस बाबत घायलों ने बताया कि वे बाइक लेकर जहानाबाद के तरफ से आ रहे थे, तभी एक ट्रैक्टर चालक सामने से आकर ठोकर मार दिया, जिससे वे बाल बाल बच गए। वही घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा गया है। साथ ही ट्रैक्टर चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### सड़क को तरस रहे बनिया महादलित टोला के लोग

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत अंतर्गत बनिया गांव में 500 से अधिक की आबादी महादलित रविदास बस्ती है। गांव में जाने के लिए एक भी सड़क नहीं है जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा होती है। इस संबध में पंचायत समिति सदस्य बविता देवी व प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह ने डीएम, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल औरंगाबाद को पत्र लिख कर मोती बिगहा रोड से नयका आहर के पिंड से बनिया रविदास टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्कता योजना के तहत सम्पर्क सड़क से जोड़ने की मांग की गई थी। आवेदन पत्र दिए पांच माह गुजर गया है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि सरकार के द्वारा प्रत्येक टोला को चारों तरफ से पक्की सड़क से जोड़ने की योजना है। सरकार बड़ी-बड़ी वादें व घोषणाएं की है पर रविदास टोला आज भी सरकार के उदासीन रवैया के कारण उपेक्षित है। मोती बिगहा रोड से नयका आहर के पिंड होते हुए बनिया रविदास टोला तक मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्कता योजना के अंतर्गत सम्पर्क सड़क बनवाने की मांग की है।

### रोजगार योजना में फ्रॉड से बचने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिलाओं के खातों में पहली किस्त के रूप में 10,000 राशि सरकार द्वारा स्थानांतरित की गई है। यह राशि केवल रोजगार संबंधी कार्यों में उपयोग के लिए है। इस संबध में जिला प्रशासन द्वारा सूचित किया जाता है कि सभी लाभार्थियों से अपील है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा आपके खाते में राशि आने के लिए ओटीपी मांगी जाए, तो किसी भी परिस्थिति में ओटीपी साझा न करें। ओटीपी देने से साइबर फ्रॉड का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे किसी भी प्रयास या संदिग्ध कॉल एवं मैसेज की सूचना तुरंत नजदीकी थाना में देकर एफ.आई.आर दर्ज कराएं। साथ ही, साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में टोल-फ्री नंबर 1930 डायल करें या नजदीकी साइबर थाना एवं थाना में संपर्क करें। इसके अतिरिक्त, यह स्पष्ट किया जाता है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पूर्णतः निःशुल्क योजना है। किसी भी व्यक्ति द्वारा योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे की मांग की जाए तो किसी भी हालत में पैसे न दें और इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को अविलंब दें।

# हिसुआ विधायक ने भ्रमण कर सुनी जनसमस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिसूआ (नवादा)।** बिहार विधान सभा चुनाव की तारीख नजदीक आते हीं सभी राजनीतिक दल के नेता सक्रिय हो गए हैं। सभी संभावित प्रत्याशी जनसंपर्क तेज कर दिया है। ऐसे में हिसुआ की वर्तमान कांग्रेस विधायिका नीतू देवी ने भी चुनाव की तैयारी में जुटी है। इसी कड़ी में वे जनता मालिक के बीच जाकर उनके विचार जानने और मांग को समझकर काम को पुरा करने का प्रयास में जनसंपर्क कर रही है। हिसुआ विधायिका नीतू कुमारी ने अपने समर्थकों के साथ हिसुआ राजगीर रोड एवं गया रोड में दुकान -दुकान जाकर लोगों से मिलकर उन्होंने लोगों का हाल जानने और जनसमस्याओं को सुनने का प्रयास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा मुझे पांच साल आप जनता मालिक ने मौका दिया, उसमें हमने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा। दो बार सरकार गिरी बनी और कोरोना काल ने दो साल विकास की गति को रोका, बावजूद हमने विपक्ष में रहकर हर क्षेत्र में काम किया, चाहे शिक्षा और स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या फिर सड़क, बिजली, कृषि या पानी की समस्या हो। आप जनता से पुनः अपना समर्थन देने की बात कहीं, ताकि हिसुआ को और विकसित किया जा सकें। इस मौके पर धनंजय सिंह, जयशंकर कुमार, अरविंद चंद्रवंशी, प्रखंड उप प्रमुख धर्मवीर सिंह, प्रफुल्ल कुमार, विक्की मल्होत्रा , निपेन्द्र सिंह निपु, आदि साथ दिखे।

# विपरीत दिशा में चल रही वाहनों से दुर्घटना का खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** शहर के जसोइयां गांव के समीप फ्लाइओवर के सर्विस रोड पर इन दिनों दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। जिसका मुख्य कारण दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन हो रहा है। कभी-कभी तो वाहनों के आमने सामने की टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। फ्लाइओवर के सर्विस रोड पर लगभग 150 मीटर तक वाहन विपरीत दिशा में चलते हैं जबकि पटना से आने वाले वाहन भी इसी सर्विस रोड से शहर में प्रवेश करते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सर्विस रोड पर मालवाहन ट्रक, कार, स्कू ल वाहन और बाइक सहित अन्य वाहन प्रतिदिन विपरित दिशा में चलते हैं जिससे इन दिनों दुर्घटनाओं की संभावना इन दिनों बढ़ जाती है। एनएचएआई ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए फ्लाइओवर का निर्माण किया परंतु सर्विस रोड पर उचित योजना के तहत वाहन अंडरपास नहीं बनने के कारण खतरा बना हुआ है। इस फ्लाइओवर में दो अंडरपास बनाए गए हैं। एक जसोइया मोड़ पर और दूसरा जसोइयां गांव के समीप निर्माण किया गया है। लोगों का सुझाव है कि दूसरा अंडरपास जसोइया महाराणा प्रताप चौक के पास होना चाहिए था ताकि वाहनों को विपरित दिशा में चलने की आवश्यकता न पड़े। एनएचआई के एक अधिकारी ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक के पास वीयूपी नहीं बन सकता है। इसलिए इसे जसोइया गांव के सामने बनाया गया है। यहां तक उत्तरी लेन के सर्विस रोड पर लगभग 150 मीटर में वाहनों को विपरित दिशा से चलना पड़ रहा है। जिला प्रशासन को समस्या के समाधान के लिए कोई कदम उठाने की जरूरत है।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बाइक चोर गिरोह का उपहारा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की एक अपाची बाइक बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के हुंडरही गांव निवासी संतोष राम के पुत्र दीपू कुमार एवं अरवल जिले के कुर्था थाना क्षेत्र के चंदोखर गांव निवासी गोविंद राम के पुत्र मनीष कुमार के रूप में की गई है। दरअसल, मामले में गया जिले के रहने वाले पप्पू कुमार ने नालंदा जिले के राजगीर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमें उन्होंने बताया उपहार स्वरूप अपाची बाइक अपने बहनोई को दी थी। बहनोई बैंक कर्मी है। वे अपने बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर काम करने चले गए। वापस आए तो देखा बाइक उस जगह से गायब था। उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन कहीं पता नहीं चला। बाइक पप्पू के नाम से था। शनिवार की देर रात उपहारा थाना क्षेत्र में वाहन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में इन दोनों को पुलिस ने रूकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर ये दोनों भागने की कोशिश करने लगे, तभी पुलिस ने पीछा कर धर दबोचा। पूछताछ में बाइक से संबधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में चोरी की बात स्वीकार किया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# नव दुर्गा देवी स्थान में महाआरती सैकड़ों श्रद्धालु शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर के लोहार गली स्थित नव दुर्गा देवी स्थान में बुधवार को महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और माता नवदुर्गा की आराधना में डूबकर भक्ति भाव से शामिल हुए। महाआरती में लोजपा प्रदेश महासचिव एवं विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह, समाजसेवी अरविंद कुमार सोनी तथा पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ने सम्मिलित होकर देवी की आरती की। आयोजन स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण देवी के जयकारों से गूंज उठा। समाजसेवी अरविंद कुमार सोनी ने बताया कि हर वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर लोहार गली स्थित इस मंदिर में नव दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाती है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी महाआरती का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह पर्व सनातन धर्म की आस्था और शक्ति की साधना का प्रतीक है। आयोजन में कमिटी के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं सभी वालंटियर सक्रिय रूप से शामिल रहे। साथ ही चंदन कुमार, राजू गुप्ता, रवि कुमार, शशि सोनी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# स्वराज पार्टी ने नवीनगर से नामित किया प्रत्याशी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वराज पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए नवीनगर विधान सभा से भी चुनाव लड़ने की तैयारी की है। आज स्वराज पार्टी ने नवीनगर विधान सभा के ग्राम तेलडीहा में मिलन समारोह का आयोजन किया था। सभा की अध्यक्षता स्वराज पार्टी के बारूण प्रखंड अध्यक्ष सियाराम पासवान एवं संचालन स्वराज पार्टी के बारूण प्रखंड के प्रवक्ता सुभाष चंद्र ठाकुर ने किया। जनसभा को संबोधित करते हुए स्वराज पार्टी अध्यक्ष पूर्व विधायक सोम प्रकाश ने अजय भुइयां को नवीनगर विधान सभा से पार्टी का प्रत्यासी बनाये जाने की घोषणा की है। पार्टी की मिलन समारोह में कई लोगों ने स्वराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है। साथ ही अगामी विधान सभा चुनाव में पार्टी के प्रत्यासी अजय भुइयां को जिताने का संकल्प लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए स्वराज पार्टी के नेता सोम प्रकाश ने कहा कि स्वराज पार्टी एक परिवार है जिसमें सभी समुदाय के लोग समाज कल्याण के लिये निःस्वार्थ भाव से जुड़े हुए हैं। यदि नवीनगर विधान सभा से स्वराज पार्टी को समर्थन मिलता है और अजय भुइयां की जीत होती है तो यह जीत गरीबों एवं समाज के दबे-कुचलें लोगों की जीत होगी। इस अवसर पर सभा को स्वराज पार्टी के संगठन महामंत्री अरविंद जयसवाल, औरंगाबाद जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, चुनाव अभियान प्रभारी अशोक सिंह, विजय मांझी, विजेन्द्र राम, रंजीत कुमार, लक्ष्मण पासवान, मनोज यादव, चंदन यादव, योगेन्द्र प्रजापति, जय नंदन पासवान समेत अनेक लोगों ने संबोधित करते हुए अगामी विधान सभा चुनाव में अजय भुइयां को बिहार विधान सभा भेजने का आह्वान किया ताकि गरीब मजदूर एवं समाज के दबे-कुचले वर्ग का कल्याण हो सके।

# जम्हौर के कन्या मध्य विद्यालय में स्वाध्याय करने हेतु लोगों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर के कन्या मध्य विद्यालय में गायत्री महामंत्र के सिद्ध संत युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के साहित्य का लोगों में स्वाध्याय करने हेतु जागरूक किया गया। बता दें कि इस तरह का अभियान लगातार चल रहा है। अखंड ज्योति एवं युग निर्माण योजना नाम के दो मासिक पत्रिका गायत्री महामंत्र के सिद्ध संत पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के लेखक के द्वारा निकलता है। वहीं जम्होर निवासी राजेश सौंडिक अपने घर पर 150 की संख्या में यह साहित्य मंगाकर स्वयं स्वाध्याय करते हैं। परिवार में पढ़ाते हैं उसके बाद घर और दुकान वाले को देते हैं। बता दें कि अच्छे साहित्य का स्वाध्याय करने से कई लोगों का जीवन में परिवर्तन आया है। इससे राजेश जी का भी जीवन बदला हैं और उनकी इच्छा होती है कि औरों को लाभ दें। यह अपना जीवन भारतीय संस्कृति सभ्यता सनातन धर्म जीवन जीने की कला एवं परिष्कृत अध्यात्म को लोगों में अपनाने के प्रति पालन करते हुए प्रचार प्रसार करते रहते हैं। इनका सोच है भारत की खोई हुई परम वैभवशाली गौरवशाली जगतगुरु एवं सोने की चिड़िया वाली प्रतिष्ठा को पुनः हम सभी प्राप्त करें। साथ ही पूर्वजों के सपनों को साकार कर इस अनमोल एवं देव दुर्लभ मानव जीवन को सफल एवं सार्थक करें।

## लूटपाट का तीन आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर(जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुई लूट कांड का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पथरा मोड़ के समीप सागरपुर गांव निवासी कुणाल कुमार के साथ अपराधियों ने पिस्तौल का भय देखा कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुणाल कुमार दिए आवेदन में बताया के वह गुलाबगंज बाजार में अपनी दुकान चलाता है और दुकान बंद कर साइकिल से अपने घर सागरपुर जा रहा था, इसी बीच पथरा मोड़ के समीप कुछ अज्ञात लोग पिस्तौल का भाई दिखाकर उसके पास से 3 हज़ार नगद सहित कुछ सामान छीन लिए थे।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** शहीद-ए-आजम वीर भगत सिंह की जयंती बुधवार को प्रगतिशील लेखक संघ, औरंगाबाद के तत्वावधान में बस स्टैंड के समीप कन्हैया रामशरण यादव पुस्तकालय में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश सिंह ने की, जबकि संचालन नीरज कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और "वीर भगत सिंह अमर रहें" के नारों से वातावरण गूंज उठा। जयंती पर रामनरेश सिंह ने भगत सिंह के जीवन पर आधारित क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किया। प्रगतिशील लेखक संघ की राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य सत्येंद्र कुमार, सीपीआई जिला कार्यसमिति सदस्य नागेश्वर यादव और राम एकबाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से सीख लेकर ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें शोषण और अन्याय की कोई गुंजाइश न हो। वक्ताओं ने यह भी कहा कि भगत सिंह का मानना था कि क्रांति का अर्थ केवल खूनी संघर्ष नहीं, बल्कि विचारों और चेतना के स्तर पर बदलाव है। इस मौके पर सीपीआई अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह, दिलीप कुमार, सुजीत कुमार, नरेश कौशिक, राहुल कुमार, भोला कुरैशी, नंदगोपाल सिंह, योगेंद्र राजवंशी, लोरिक यादव, मनोज यादव, श्याम सुंदर सिंह, राजकुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। वहीं पचरुखिया बाजार में भाकपा (माले) की ओर से भी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व माले नेता दिनेश राम ने किया। इस अवसर पर रामप्रवेश सिंह, बसंत कुमार, रामपुकार घामन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारपीट का आरोपित गिरफ़्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने मारपीट के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए टेहटा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पूर्व में कलवाचक गांव में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमे टेहटा थाना कांड संख्या 356/25 दर्ज कर अनुसंधान किया गया। जिसमें वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा भारतीय न्याय सहिता की धारा 109 के तहद सत्य पाया गया, जिसके बाद अनुसंधान करता मोहम्मद यूनुस को आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। अनुसंधानकर्ता मोहम्मद यूनुस ने बताया कि आदेश प्राप्त होने के बाद भोला यादव को उसके गांव कालवाचक से गिरफ्तार के जेल भेजा गया है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 28-09-2025 21:43 Page 1



# निर्माणाधीन आरओबी गिरने से छह जख्मी

### घटना से मची भगदड़, गुणवत्ता जांच की मांग | 66 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा निर्माण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा के हरनौत में रविवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। इसमें छह मजबूर घायल हो गए। घायलों को फौरन अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि हरनौत बाजार से रेल कारखाना तक बन रहा रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) ढलाई के दौरान अचानक धराशायी हो गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। लोग आरओबी की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। मामले में साइट इंचार्ज अभिषेक ने बताया कि जैक स्लिप करने की वजह से यह हादसा हुआ है। वरीय अधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार दोपहर करीब चार बजे आरपीएस कॉलेज के सामने निमार्णाधीन आरओबी की ऊपरी सतह का कंक्रीट ढलाई कार्य चल रहा था। दर्जनों मजदूर और तकनीकी स्टाफ पुल पर काम में व्यस्त थे जब अचानक नीचे का सपोर्ट सिस्टम और सेटिंग पाइप धंसने लगे। मजदूर कुछ समझ पाते, इससे पहले ही पूरा आरओबी धड़ाम की आवाज के साथ नीचे गिर गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से घायल मजदूरों को कल्याण विघा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

स्थानीय निवासियों ने निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पुल का निर्माण शुरू से ही मानकों के अनुसार नहीं हो रहा था। जमीन के अंदर पाया (पिलर) का निर्माण भी कई जगहों पर गलत तरीके से किया गया है। राहगीरों के लिए अस्थायी रास्ते का भी उचित प्रबंध नहीं किया गया था, जिससे पहले भी छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती थीं। थाना प्रभारी अमरदीप कुमार ने कहा कि ढलाई कार्य के दौरान पुल गिरने से छह मजदूर घायल हुए हैं। सभी घायलों का उचित इलाज कराया जा रहा है। घटना की जांच की जा रही है।

रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 66 करोड़ रुपये की लागत से की जा रही है। जिसकी लंबाई 1332 मी. है। आरओबी का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य टेंडर बाबा हंस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पटना के द्वारा कराया जा रहा है।

# दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर डांडिया नृत्य का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दुर्गा पूजा उत्सव के अवसर पर बगोदर स्टेडियम डांडिया नृत्य का आयोजन पूजा समिति के द्वारा किया गया था । वहीं शनिवार की देर शाम से डांडिया नृत्य का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगोदर के पुर्व विधायक विनोद सिंह व प्रखण्ड प्रमुख आशा राज ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर प्रखण्ड प्रमुख आश राज ने बतलाया कि इस तरह का आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चियों में अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन हेतु मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम नवदुर्गा को समर्पित है। कार्यक्रम से खेल स्टेडियम का वातावरण भक्तिमय गीतों एवं डांडिया धुनों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम प्रारम्भ के पूर्व सम्मानित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में पुजा कमिटी अध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव जिप सदस्य दुर्गेश कुमार साहू उपप्रमुख धीरेन्द्र सिंह मुखिया सावित्री देवी दुर्गा राना सोनी जयसवाल सोनी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने की हाई मास्क लाइट जनता को समर्पित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआ की विधायक मंजू कुमारी ने जमुआ चौक पर हाई मास्ट लाइट अधिष्ठापन का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। विधायक मंजू कुमारी ने कहा इन लाइटों के लगने से अब यात्रियों को रात के समय आसानी से आवागमन की सुविधा मिलेगी। चौक पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, चोरी जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी और सबसे महत्वपूर्ण, बाजार क्षेत्र में व्यवसायियों को भी आर्थिक लाभ होगा क्योंकि बेहतर रोशनी से व्यापारिक गतिविधियाँ देर तक सुचारू रूप से चल सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम केवल रोशनी देने भर का नहीं, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को गति देने का प्रयास है। इस दौरान कई भाजपा के नेता कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे !

## लाखों की चोरी

**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड के मटियारी पंचायत की वार्ड संख्या चार में चोरों ने एक घर में प्रवेश कर अंदर रखे गोदरेज से नगदी, आभूषण सहित पांच लाख रुपया से अधिक की चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं नींद खुलने के बाद प्रतिकार करने पर गृहस्वामी को चोरों ने छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। जिससे गृहस्वामी मनीष कुमार सिंह पिता हरि प्रसाद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल गृहस्वामी को स्वजन और स्थानीय लोग इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि उसका इलाज पूर्णिया में चल रहा है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना के अपर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता, अनि अमित राज दल बल घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित गृहस्वामी से चोरी की घटना की जानकारी लेते हुए जांच में जुट गए।

घटना के संदर्भ में गृहस्वामी 65 वर्षीय गोरी देवी पति स्व. हरि प्रसाद सिंह ने बताया कि रात्रि के समय घर मे सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे।

# भोजपुरी समाज को नई राह दिखाती है फिल्म 'आपन कहाये वाला के बा' : मनोज भावुक

### गीतकार-अभिनेता मनोज भावुक बोले, भोजपुरी सिनेमा का गौरव लौटाएगी आपन कहाये वाला के बा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** वरिष्ठ साहित्यकार व अभिनेता मनोज भावुक ने कहा है कि भोजपुरी सिनेमा पर लगे कलंकों को मिटाने और सकारात्मक पहचान दिलाने की क्षमता हाल ही में प्रदर्शित फि ल्म ह्यआपन कहाये वाला के बा में है, जिसका वह स्वयं हिस्सा हैं। जिसके लिए सभी गीतों को उन्होंने खुद लिखा है। मनोज भावुक ने बताया कि यह फि ल्म पूरी तरह पारिवारिक और सार्थक है, जिसे पूरा परिवार निःसंकोच साथ बैठकर देख सकता है। इसमें न तो अनावश्यक दृश्य हैं और न ही फालतू संवाद। फि ल्म गीत-संगीत, कथा-पटकथा, अभिनय व निर्देशन के दम पर दर्शकों को बांधने में सफल है। उन्होंने निर्देशक रजनीश मिश्रा और कलाकारों की तारीफ करते हुए कहा कि बिना किसी तथाकथित स्टार के भी फि ल्म सफल हो सकती है, अगर उसकी प्रस्तुति सशक्त हो। इस फि ल्म के जरिये भोजपुरी समाज को एक नई राह दिखाने और जोड़ने-संवारने का प्रयास किया गया है।



श्री भावुक ने कहा कि वे केवल अभिनेता होने के नाते नहीं बल्कि दर्शक के तौर पर भी फि ल्म देखकर संतुष्ट हैं। उन्होंने भोजपुरी सिनेमा प्रेमियों से अपील की है कि वे फि ल्म अवश्य देखें और अपनी बेबाक प्रतिक्रिया दें। उधर फिल्म को यूट्यूब लिंक के माध्यम से देखने के बाद शिक्षाविद व पत्रकार के. के. सिंह सेंगर ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भोजपुरी सिनेमा व समाज में सकारात्मक बदलाव की मिसाल है फिल्म आपन कहाये वाला के बा।



# विधि-व्यवस्था संधारण को ले प्रशासनिक तैयारियां पूरी

### पुलिस ने किया मॉक ड्रिल, निकाला फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** दुर्गा पूजा-2025 के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त आर. रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। इसी कड़ी में आज खूँटी पुलिस द्वारा कचहरी मैदान में मॉक ड्रिल का आयोजन एवं शहर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला गया।

मॉक ड्रिल के दौरान किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पुलिस बलों की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, अग्निशमन तथा बचाव कार्यों का सघन अभ्यास किया गया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री वरुण रजक समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा त्योहार के दौरान प्रतिनियुक्त पुलिस बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उनकी तत्परता का परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, कार्यपालक दंडाधिकारी अनुराधा कुमारी, अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार, थाना प्रभारी खूँटी मनोज कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस के जवानों संग शहर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च भी किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट एवं अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाएँ।

## विधायक को करना पड़ रहा विरोध का सामना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रोहतास।** रोहतास जिले के दिनारा विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक विजय कुमार मंडल की मुश्किलें लगातार बढ़ती दिखाई दे रही हैं। हाल ही में जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक को कई जगहों पर ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। अब दिनारा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने पटना में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिलकर विधायक के खिलाफ शिकायत की है। इससे आगामी चुनाव में विजय कुमार मंडल के टिकट कटने की संभावना बढ़ गई है।

राजद विधायक विजय कुमार मंडल को लेकर लालू यादव से शिकायत करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि दिनारा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण लालू यादव के आवास पर पहुंचे और स्थानीय विधायक के खिलाफ शिकायत की। वायरल वीडियो में ग्रामीण लालू यादव से विजय कुमार मंडल की जगह किसी अन्य को टिकट देने की बात कह रहे हैं।

# आपरेशन के दौरान छत गिरी, खुली व्यवस्था की पोल

### ऑपरेशन कर रहा चिकित्सक चोटिल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में शुक्रवार को एक मरीज के ऑपरेशन के दौरान छत का प्लास्टर गिर गया।

इससे ओटी फाइव में ऑपरेशन कर रहे एक डॉक्टर के पैर में जोरदार चोट लगी, जबकि नर्सिंग कर्मचारी बाल-बाल बचे। घटना के बाद पूरे ऑपरेशन थिएटर में धूल का गुबार फैल गया। इससे मरीज की सुरक्षा खतरे में पड़ गई।

ऑपरेशन कर रहे एक डाक्टर ने इस घटना का वीडियो एक्स पर अपलोड किया है। प्लास्टर गिरने के बाद पीएमसीएच की व्यवस्था और ओटी के रखरखाव में गंभीर लापरवाही सामने आई है। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के खतरनाक माहौल में कार्य करना बेहद जोखिमपूर्ण है।

घटना को लेकर आथोर्पेडिक विभाग के एक चिकित्सक ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर उक्त पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि सर्जरी के दौरान मेरे ठीक पीछे ऑपरेशन थिएटर की फाल सीलिंग गिर गई। मेरे पैर में चोट आई और पास में खड़ी नर्स बाल-बाल बचीं। क्या ऐसे माहौल में हम सुरक्षित हैं? इस पोस्ट से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को भी टैग किया गया है।

गौरतलब है कि पीएमसीएच में अभी पुनर्विकास परियोजना के तहत नए भवनों का निर्माण हो रहा है। पुराने भवनों की जर्जर हालत अब डाक्टर और मरीज दोनों की जान पर भारी पड़ रही है। सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. इकबाल ने भी घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि ऑपरेशन के दौरान फॉल सीलिंग गिर गई थी।

हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि गंभीर चोट नहीं आई है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मरम्मत और सुरक्षा के उपाय नहीं किए गए, तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

# आदिवासी समन्वय समिति की विशेष बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** रविवार को करम अखड़ा खूंटी में आदिवासी समन्वय समिति एवं समस्त आदिवासी संगठन के अति विशेष बैठक पड़ाह राजा मंगल सिंह मुण्डा की अध्यक्षता में किया गया। आज की बैठक में कुरमी/कुड़मियों द्वारा भारत के संविधान में एसटी की सूची में शामिल होने की मांग को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सर्वविदित हो कि कुछ तथाकथित राजनीति पाटीर्यों के द्वारा खुला समर्थन देने के कारण मूल आदिवासी समाज और कुर्मी कुड़मियों के बीच सीधा टकराव की स्थिति बन गई है जो अमन पसंद और प्रदेश और समाज के लिए उचित नहीं है। विभिन्न अखबारों और सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य जाति के लोग भी इस कतार में खड़े हो रहे हैं जिससे झारखंड के मूल आदिवासियों में जबरजस्त आक्रोश और हक अधिकार के प्रति असुरक्षा महसूस किया जाने लगा है। इसलिए आदिवासी समुदाय के अन्य संगठनों की भांति ही खूंटी जिला में भी एक प्रतिकार आक्रोश रैली 14 अक्टूबर को खूंटी के कचहरी मैदान में आयोजित करने का निर्णय आज की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया, अध्यक्ष -चन्द्र प्रभात मुण्डा उपाध्यक्ष बासिंह मुंडा मोसो नाग सुरजू हस्सा चोंगे भेंगरा मसीह भेंगरा विजय संगा सोमा मुंडा बिरतुस ओड़ेया चन्द्रसय शोले जॉनसन होरो सचिव -राजेन कुजूर और सह सचिव बिनसय मुंडा, कोषाध्यक्ष - अमन तोपनो, संरक्षक पड़ाह राजा मंगल सिंह मुण्डा पड़ाह राजा सोमा मुंड़ा पड़ाह राजा दाउद मुंडू आंद्रियास पुर्ती दुर्गावती ओड़ेया मरसल बरला मसीह चरण पुर्ती दुबराज मुंडा बसंत कंडीर राजेन हस्सा पुर्ती रोहित सुरेन कंचन होरो हेमंत तोपनो एवं 2 दर्जन से अधिक लोगों को संयोजक मंडली में रखा गया।

# पति की गोली से पत्नी सहित बेटी घायल

### खुद को चाकू से गोदकर किया जख्मी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में अवैध संबंध के शक में पति ने अपनी पत्नी को गोली मार दी। यह गोली उसकी पत्नी के पेट को चीरती हुई, बेटी के सीने में जा लगी। इसके बाद पति ने अपने पेट में तीन-चार बार चाकू घोंपकर आत्महत्या की कोशिश की। तीनों घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि गोराडीह थानाक्षेत्र के बदलूचक में पति ने पत्नी-बेटी को गोली मारने के बाद खुद आत्महत्या का प्रयास किया। पति द्वारा चलाई गई गोली पत्नी के पेट को छेदती हुई बेटी के सीने में जा लगी है।

घायलों में बदलूचक निवासी पति मुहम्मद मजहर, उसकी पत्नी अफरोज (38) और बेटी शकीला (15) शामिल हैं। बेटी को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अफरोज की स्थिति नाजुक होने के कारण एक नर्सिंग होम के गहन उपचार कक्ष में भर्ती कराया गया है। अजहर ने पत्नी और बेटी को गोली मारने के बाद खुद पेट में चाकू घोंप ली है। गोराडीह पुलिस उसे गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में उपचार करा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपित के घर से चाकू, देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

गोराडीह थाना क्षेत्र के बदलूचक गांव में शनिवार देर रात सनसनीखेज घटना घटी। घरेलू विवाद में एक पति ने अपनी पत्नी और बेटी को गोली मार दी। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। वारदात के बाद आरोपित ने खुद को भी चाकू से गोदकर जान देने की कोशिश की। फिलहाल तीनों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।घटना में घायल मोहम्मद अजहर, उसकी पत्नी अफरोज (38 वर्ष) और बेटी शकीला (15 साल) है। जानकारी के अनुसार, अजहर ने पत्नी के पेट पर गोली चलाई। यह गोली आर-पार होकर पास ही सो रही बेटी के सीने में जा लगी।

अफरोज को गंभीर हालत में प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जबकि शकीला का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। सीने में गोली फंसे होने के कारण डाक्टरों की टीम सर्जरी की तैयारी में जुटी है। वारदात के बाद आरोपित अजहर ने अपने पेट में चाकू मार लिया। उसे भी घायल अवस्था में पुलिस कस्टडी में अस्पताल भेजा गया है। शकीला ने बताया कि घटना के समय वह सो रही थी, तभी अचानक उसके अब्बा ने गोली चला दी।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपित को शक था कि उसकी पत्नी का किसी से अवैध संबंध है। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले की अपने स्तर से छानबीन कर रही है। गोराडीह थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की हर बिंदु पर गहनता से जांच की जा रही है। वहीं इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

# मूर्ति विसर्जन को ले सरकार की नयी गाइड लाइन जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रदेश में दुर्गा पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। सुरक्षा के लिए लिहाज से सरकार ने जहां पूजा पंडालों के लिए लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। वहीं मूर्ति विसर्जन और जुलूस के लिए भी लाइसेंस आवश्यक होगा।

जो भी जुलूस अनुमति से निकलेंगे उनकी भी वीडियोग्राफी होगी। प्रदेश में पिछले कुछ वर्ष से औसतन 15-16 हजार प्रतिमाएं स्थापित होती हैं। इस वर्ष भी करीब 16 हजार प्रतिमाएं स्थापित होने की संभावना है। पुलिस मुख्यालय ने पूजा के दौरान तमाम सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करने के साथ ही सभी थानों को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का सख्त निर्देश जारी किया है। राज्य के किसी थाना क्षेत्र में कोई हंगामा होता है या किसी तरह की लापरवाही सामने आती है, तो इसके लिए दोषी पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।माता का दर्शन करने तथा पूजा पंडाल देखने लाखों की संख्या में लोग शहरों की तरफ आते हैं। उनके आवागमन के दौरान रास्ते में कई बार छिनतई, छेडखानी और लूटपाट न हो इसके लिए पुलिस को ऐसे रास्तों की पहचान करते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बिहार से जुडऩे वाली नेपाल की सीमा पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है। सीमा पर मौजूद करीब 127 थानों को गश्ती बढ़ाने व चेकिंग में तेजी के निर्देश दिए गए हैं। नेपाल सीमा के अलावा पड़ोसी राज्यों की सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। इंटरनेट यूनिट के अलावा राज्य मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया कमांड सेंटर को भी पूरी तरह से मुस्तैद रहने को कहा गया है। पूजा में आफर के नाम पर ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सजग रहने की सलाह दी गई है। पुलिस मुख्यालय में मौजूद नियंत्रण कक्ष को भी चौबीस घंटे सक्रिय कर दिया गया है। सभी जिलों से निरंतर रिपोर्ट तलब की जा रही है। विसर्जन जुलूस के मार्ग में पडऩे वाले दूसरे समुदाय के धार्मिक स्थलों पर मैजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी।

CMYK

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से हर खेत को मिल रहा पानी

## ड्रिप सिंचाई के लिए 90 फीसदी एवं स्प्रिंकलर के लिए 75 फीसदी तक मिल रहा अनुदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (सूक्ष्म सिंचाई) से बेहतर सिंचाई के साथ ही जल संरक्षण भी हो रहा है। इसके लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से किसानों को बड़ा अनुदान दे रही है। सूक्ष्म सिंचाई एक उन्नत सिंचाई प्रणाली है जिसके माध्यम से पौधे की जड़ों में विशेष रूप से निर्मित प्लास्टिक पाइपों के माध्यम से कम समय अन्तराल पर पानी दिया जाता है। इससे पारंपरिक सिंचाई की तुलना में 60 प्रतिशत कम जल की खपत होती है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (सूक्ष्म सिंचाई) में ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर सिंचाई एवं रेनगन सिंचाई पद्धति का उपयोग किया जाता है। इस प्रणाली को अपनाकर किसान 25 से 30 प्रतिशत उर्वरक की बचत कर सकते हैं। इस सिंचाई प्रणाली से फसल की उत्पादकता में 40 से 50 प्रतिशत की वृद्धि तथा उत्पाद की गुणवत्ता उच्च होती है। साथ ही इससे खरपतवार के जमाव में 60 से 70 प्रतिशत की कमी होती है।

बिहार में सिंचाई से आच्छादित कुल क्षेत्र के लगभग 0.5 प्रतिशत क्षेत्र में इस आधुनिक सिंचाई प्रणाली का इस्तेमाल हो रहा है। कृषि रोड मैप 2017-22 में इस प्रणाली को कम से कम कुल आच्छादित क्षेत्र के लगभग 2 प्रतिशत क्षेत्रों में प्रतिस्थापित किये जाने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत किसानों को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त टॉप-अप प्रदान करते हुए सभी श्रेणी के किसानों को ड्रिप अंतर्गत 90 प्रतिशत एवं स्प्रिंकलर अन्तर्गत 75 प्रतिशत सहायता अनुदान देने का प्रावधान है। बिहार में किसानों को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त टॉप-अप भी दिया जाता है। सभी श्रेणी के किसानों को ड्रिप अंतर्गत 70 प्रतिशत (वृहद किसान) से 80 (लघु एवं सीमांत किसान) प्रतिशत एवं स्प्रिंकलर अन्तर्गत 45 प्रतिशत (वृहद किसान) से 55 प्रतिशत (लघु एवं सीमांत किसान) सहायता अनुदान मिलता है। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में सुधार करना और कुशल जल प्रबंधन के माध्यम से जल संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।

## विश्व हृदय दिवस पर पारस एचएमआरआई ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** विश्व हृदय दिवस के मौके पर पारस एचएमआरआई अस्पताल की ओर से राजधानी पटना सहित कई स्थानों पर निःशुल्क ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत कुल 2207 लोगों की जांच की गई जिनमें से 534 लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। जांच शिविर पटना के एसबीआई एलएचओ, सिविल कोर्ट, पावरग्रिड, एसके पुरी पार्क (बोरिंग रोड), शिवाजी पार्क (कंकड़बाग), लोहिया पार्क (कंकड़बाग), पटना जू (गेट नंबर 2), सीआईडी पार्क पटना और पूर्णिया सिटी में आयोजित किए गए।

पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में उच्च रक्तचाप सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन गया है। यह एक मौन खतरा है, जो समय रहते जांच और इलाज न करने पर गंभीर हृदय रोग का कारण बन सकता है।

# डॉ. दिलीप जायसवाल ने नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' के प्रेरक प्रसंगों को सुना। इस दौरान लोकआस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करने के प्रयास की चर्चा के दौरान लोगों ने तालियां बजाकर केंद्र सरकार के इस पहल की तारीफ की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'मन की बात' सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, सांसद रविशंकर प्रसाद, राधामोहन सिंह, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, शलभ मणी त्रिपाठी, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, झारखंड कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय सहित कई मंत्री भी शामिल रहे। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें एपिसोड को सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि उनके मन की बात को देश और दुनिया के लोग सुनते हैं जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने आस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करने के प्रयास की चर्चा की, यह बिहार के लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने लोकआस्था के महापर्व छठ को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाने के प्रयास के लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन, आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रयास करोड़ों बिहारियों के लिए गर्व की बात है। यह प्रयास नए भारत के संकल्पों को स्वर देता है।

## स्वच्छता जागरूकता को लेकर स्टेशनों पर चला युवा शक्ति को जोड़ने का विशेष अभियान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में युवाओं को जोड़ने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए तथा ट्रेनों एवं स्टेशनों के शौचालय में साफ-सफाई एवं उससे संबंधित जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दानापुर मंडल के पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग के द्वारा आज दानापुर मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यूथ कनेक्ट के माध्यम से आमजनों एवं यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पटना साहिब स्टेशन पर आरपीएफ एवं जीआरपी की टीम के द्वारा श्रमदान कार्यक्रम, पाटलिपुत्र स्टेशन पर पीपल डेस्क एनजीओ एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक व राजेंद्रनगर टर्मिनल स्टेशन पर चाइल्ड डेस्क एनजीओ एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से यूथ कनेक्ट कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही साथ दानापुर मंडल के सभी स्टेशनों पर शौचालयों की सघन सफाई एक विशेष अभियान के तहत कराया गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विद्यापीठ, देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, पटना एवं एआइसी-बीभी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान प्रणाली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एकीकरण विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दूसरे दिन विविध सत्रों में शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रथम सत्र में ऑनलाइन पैनल चर्चा आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता डॉ. राणा अवधेश (सचिव, बिहार विद्यापीठ) ने की। इसमें नुपुर निशीथ (संस्थापक एवं सीइओ, क्रिएटिव मिथिला, अमेरिका) ने मिथिला पेंटिंग और ग्लोबलाइजेशन पर विचार साझा किए। डॉ. विकास कुमार (अमेरिका) ने एआई और आइकेएस विषय पर व्याख्यान दिया, वहीं ब्रिटेन से शोधार्थी ज्योति कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना पर प्रस्तुति दी। शैक्षणिक नवाचारों के माध्यम से शिक्षा की पुनर्कल्पना विषय पर पैनल चर्चा में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, एनयूइपीए के डॉ. सुधांशु भूषण, एनसीइआरटी की डॉ. उषा शर्मा तथा अमेरिका से लेखक एवं पत्रकार डॉ. शरद मोहन शामिल हुए। इसके अतिरिक्त श्री स्नेहाशीष की अध्यक्षता में कहानी-वाचन और मौखिक परंपरा के एकीकरण पर विचार-विमर्श हुआ। शोधपत्र सत्र में योग, आयुर्वेद और शिल्पकला का शिक्षाशास्त्र पर प्रस्तुतियां हुईं। डॉ. अनिल के. प्रसाद (लीबिया) ने महाकाव्य और लोक परंपरा को शैक्षिक उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया। डॉ. मृदुला प्रकाश ने मिथिला पेंटिंग को शिक्षाशास्त्र के रूप में समझाया। सांस्कृतिक प्रस्तुति में सुश्री यामिनी ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं स्वाति शिल्पी ने अतीत और वर्तमान को जोड़ने वाले शिक्षण कार्यकलाप पर विचार रखे और अतिया परवीन ने समावेशी शिक्षा में आइकेएस के प्रयोग पर शोधपत्र पढ़ा। भारतीय परंपरा में उद्यमिता और नवाचार विषयक सत्र में प्रमोद कर्ण और राजेश कुमार ने जुगाड़ और किफायती नवाचार पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। डॉ. सुरभि सोनम ने डिजाइन थिंकिंग आधारित शिक्षण कार्यों पर प्रस्तुति दी।

## बिहार में निवेश की अनंत संभावनाएं मौजूद : चिराग पासवान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में निवेश की अनंत संभावनाएं मौजूद है। बिहार एक ऐसा राज्य है जिसे अवसर मिले तो इसे देश का नंबर 1 राज्य बनने से कोई नहीं रोक सकता। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दूसरे दिन बिहार स्टेट पवेलियन की ओर से बिहार सरकार द्वारा फूड प्रसंस्करण के क्षेत्र में बिहार में संभावनाओं पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निवेशकों के मन में 90 के दशक में निवेश को लेकर जो धारणाएं बनी थी उसे केंद्र एवं राज्य के डबल इंजन की सरकार ने धारणाएं को बदलने में सफलता पाई है एवं आज बिहार निवेशकों के लिए सबसे आदर्श एवं अनंत संभावनाओं वाला राज्य के रूप में उभर कर सामने आया है। चिराग पासवान ने कहा कि निवेश के लिए बिहार में जरूरी सभी सुविधाएं किसी भी राज्य से बेहतर है। रोड कनेक्टिविटी, पावर सप्लाई एवं वॉटर मैनेजमेंट की बिहार में शानदार सुविधाएं मौजूद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार बनी सरकार राज्य के अनुभवी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर बिहार के विकास को नई दिशा दे रहे हैं।

# अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन एवं अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह आज शक्तिधाम स्थित अग्रसेन भवन में बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ जिसका उद्घाटन गंगा प्रसाद (पूर्व राज्यपाल, सिक्किम एवं मेघालय), नितिन नवीन (मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार), अमर अग्रवाल, पी.के. अग्रवाल, डॉ. गीता जैन, अक्षय अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद ने कहा कि महाराजा अग्रसेन प्राचीन भारत के महान समाज सुधारक एवं अग्रवाल समाज के आदिपुरुष माने जाते हैं। उन्होंने वैश्य समाज को संगठित कर 'एक ईंट और एक रुपया' की अनूठी परंपरा की शुरुआत की थी जिसके अंतर्गत हर परिवार किसी नए परिवार को बसाने में सहयोग करता था। मौके पर पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा महाराज अग्रसेन न्यायप्रिय, दयालु और परोपकारी शासक के रूप में विख्यात हुए। उनका जीवन सिद्धांत संपन्नता के साथ समाज सेवा था, जो आज भी अग्रवाल समाज सहित पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है। बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि समारोह के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 5 व्यक्तियों को 'समाज रत्न सम्मान' प्रदान किया गया। साथ ही वर्ष भर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों में सेवा देने वाले चिकित्सकों तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

## दशहरा को लेकर फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारी शरीफ।** दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को फुलवारी शरीफ थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह, थानाध्यक्ष गुलाम शाहबाज आलम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च फुलवारी शरीफ थाना से शुरू होकर शहर के सभी प्रमुख मार्गों से गुजरा इसमें पटना-खगोल्ड रोड, अनिसाबाद-पटना रोड, जयपुर-फुलवारी मार्ग, इसापुर रोड और फुलवारी मिशन रोड समेत कई महत्वपूर्ण इलाकों को कवर किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दशहरा के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्ती और निगरानी की जाएगी। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का माहौल बनाना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है।

# शारदीय नवरात्र में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में खुला मां दुर्गा पट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में रविवार को आश्विन षष्ठी तिथि को बेल वृक्ष पर मां दुर्गा का आवाहन कर दुर्गा दरबार का पट खोला गया। इस संबंध में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रो. डॉ रणबीर नंदन ने बताया कि आज से आरती के पश्चात मां दुर्गा परिवार को पूजन विधिवत प्रारंभ हो जायेगा। प्रो. नंदन ने बताया कि सप्तमी तिथि से नवमी पयंत नित पूजन, पुष्पांजली, एवं भोग प्रसाद अर्पण किया जायेगा जो आमजन के लिए सुलभ होगा। प्रो. नंदन ने बताया कि शारदीय नवरात्र पूजा यहां बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। यहां स्थापित पंचमुखी हनुमान, शंकर भगवान, भगवान राम दरबार, चित्रगुप्त भगवान, माता दक्षिण काली की पूजा विस्तृत रूप से नवरात्र में संपन्न की जायेगी। प्रो. नंदन ने पटना के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी परिसर में आयें और मां दुर्गा का दर्शन कर भोग प्रसाद प्राप्त करें। इस मौके पर नम्रता नंदन, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के पुजारी मुकेश रंजन झा, ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रूना बाबा, सत्यप्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय, राकेश रंजन झा, अभिषेक सिन्हा, राजू चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद थे।

## पंचायती राज मंत्रालय 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान की करेगा शुरूआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय 2 अक्टूबर 2025 से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जन योजना अभियान 2025-26: 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान शुरू करेगा जिससे वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी की प्रक्रिया शुरू होगी। 2018 में अपनी शुरुआत के बाद से जन योजना अभियान ने पंचायतों को विशेष ग्राम सभा बैठकों के माध्यम से साक्ष्य-आधारित, केंद्राभिमुख और समावेशी पीडीपी तैयार करने के योग्य बनाया जो स्थानीय प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं और राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। यह अभ्यास सहभागितापूर्ण योजना निर्माण को और अधिक गहराई प्रदान करता है और देश भर में जमीनी स्तर की संस्थाओं को और मजबूत बनाने में मदद करता है। ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2019-20 से अब तक 18.13 लाख से अधिक पंचायत विकास योजनाएं अपलोड की जा चुकी हैं जिनमें ग्राम पंचायत विकास योजनाएं, ब्लॉक पंचायत विकास योजनाएं (बीपीडीपी) और जिला पंचायत विकास योजनाएं शामिल हैं, इनमें से 2.52 लाख से अधिक योजनाएं वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चल रहे वर्तमान अभ्यास से संबंधित हैं।

# अनुप्रिया ज्वेलरी और एसए वॉरियर डांस स्टूडियो ने किया गरबा नाइट




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अनुप्रिया ज्वेलरी और एसए वॉरियर डांस स्टूडियो की तरफ से शानदार गरबा नाइट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पटना की विभिन्न स्थानों से आई हुई महिलाएं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़ कर पूरे उत्साह से भाग लिया। इस डांडिया नाइट्स की आयोजक अनुप्रिया श्रीवास्तव और अभिषेक स्काइपी हैं। कार्यक्रम का आयोजन द एआरएल होटल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एसए वॉरियर डांस स्टूडियो के बच्चों के द्वारा श्रीगणेश वंदना और माता दुर्गा की आरती के साथ हुआ। डीजे डांस मस्ती के साथ कई तरफ के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाते हुए सभी में पूरे उत्साह के साथ इस सेलिब्रेशन का पूरे परिवार के साथ आनंद लिया। मुख्य अतिथि चाइल्ड आर्टिस्ट आराध्या गुप्ता (मिस्टी) ने भी अपने डांस से सबका मन मोह लिया। मनीष, अमित, सुमित, अंशु, शशि और मनोज इन लोगों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत बड़ा योगदान रहा। अनुप्रिया श्रीवास्तव जो अनुप्रिया श्रीवास्तव की डायरेक्टर हैं ने कहा कि पिछले कई सालों से हमलोग गरबा नाइट्स का आयोजन कर रहे हैं। इस प्रोग्राम का सबसे बड़ा मकसद यह है कि हमारी लेडिस लोगों को एक ऐसा टाइम मिले जिसमें वो अपने परिवार के साथ खुद को रिफ्रेश कर पाएं। एसए वॉरियर डांस स्टूडियो के डायरेक्टर अभिषेक स्काइपी ने कहा कि हमारे डांस एकेडमी के बच्चों ने लाइफ डांस परफॉर्मेंस किया और सबका दिल जीता। आयोजकों ने गरबा नाइट्स 2025 के शानदार सफलता के लिए सभी मेहमानों और सभी पार्टिसिपेंट्स का आभार व्यक्त किया।

## शक्ति और भक्ति के पावन पर्व पर बच्चियां नवदुर्गा के रूप में दिखी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन बच्चियों को जो नवदुर्गा माता की स्वरूप है उन सभी बच्चियों को ऐधना फाउंडेशन के कार्यस्थल पर उन सभी को धार्मिक पुस्तक 'सचित्र रामकथा' वितरित की गई। ताकि उनमें आध्यात्मिकता और संस्कृति के प्रति गहरा जुड़ाव हो। साथ ही इस अवसर पर ऐधना फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रेम कुमार को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित भी किया गया।

# पशुपालन निदेशालय के वेटरनरी सर्जन और पदाधिकारियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रसार शिक्षा निदेशालय और पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वेटरनरी सर्जन एवं पदाधिकारियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण श्रृंखला का अंतिम चरण शुक्रवार को पशुचिकित्सा महाविद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। इस पूरी श्रृंखला में राज्य के 50 पशु चिकित्सकों और वेटरनरी पदाधिकारियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग सह रिफ्रेशर कोर्स प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा प्रायोजित था। समापन सत्र में प्रसार शिक्षा निदेशक, डॉ. एस. एन. दहिया ने कहा कि पशु चिकित्सकों की भूमिका केवल क्लिनिकल सेवाएं देने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्हें किसानों और पशुपालकों तक आधुनिक ज्ञान और तकनीक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। उन्होंने समेकित कृषि-पशुपालन प्रणाली को बढ़ावा देने पर बल दिया और कहा कि उन्नत बीज तथा उन्नत नस्ल के पशु किसानों की आधी चिंताओं का समाधान कर सकते हैं।

डॉ. दहिया ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे ब्रीड डेवलपमेंट कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए गांव-गांव तक नस्ल सुधार की उपयोगिता को बताने की अपील की। उन्होंने साहिवाल नस्ल की गाय के पालन पर जोर देते हुए कहा कि राज्य के पशुपालक यदि बेहतर प्रजातियों को अपनाएं तो पलायन की समस्या भी काफी हद तक कम हो सकती है। उन्होंने प्रशिक्षण के सफल संचालन के लिए समन्वयक टीम–डॉ. मोईन अंसारी, डॉ. शय्मा के.पी, डॉ. वाई. एस. जादौन, डॉ. मृतुंजय कुमार, डॉ. सरोज कुमार और डॉ. पुष्पेन्द्र–की सराहना की। यह रिफ्रेशर कोर्स पशु चिकित्सकों की तकनीकी दक्षता और ज्ञान को मजबूत करेगा, ताकि वे राज्यभर के पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं और परामर्श उपलब्ध करा सकें।

# अमृत भारत ट्रेनों एवं अमृत भारत स्टेशनों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** दानापुर मंडल सांस्कृतिक संघ के कलाकारों ने दानापुर रेलवे स्टेशन पर अमृत काल नुक्कड़ नाटक का शानदार प्रदर्शन किया। इस नाटक के माध्यम से वर्तमान में देश में चल रहे अमृत काल के उद्देश्यों एवं गतिविधियों को विस्तार पूर्वक दर्शाया गया। नाटक में विशेष रूप से अमृत भारत ट्रेनों की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए उनकी खूबियां बताई गईं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर हो रहे आधुनिक बदलावों को नाटक में कलाकारों ने बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाया। आधुनिक सुविधाओं से लैस सुसज्जित रेलवे स्टेशन समुचित रौशनी व्यवस्था, बेहतर साफ-सफाई, व्यवस्थित पार्किंग, स्टेशन पर मानक संकेत चिन्हों के माध्यम से सूचनाएं, स्वचालित सीढ़ियां, दिव्यांग जनों के लिए विशेष सुविधाएं आदि को नाटक में दिखाया गया। अमृत भारत ट्रेन की खूबियों को दर्शाते हुए यह दिखाया गया कि ट्रेन के भीतर बेहतर साफ-सफाई, आधुनिक बाथरूम, बेहतर सीट, सूचनाओं के लिए डिस्प्ले बोर्ड आदि के साथ सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। नाटक में गीत संगीत का बेहतर इस्तेमाल किया गया था, जो नाटक को गति प्रदान कर रहे थे। विदित हो कि दानापुर रेलमंडल के कलाकारों द्वारा बीते मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को भी विभिन्न रेलवे स्टेशनों यथा राजेंद्रनगर, दानापुर एवं पाटलिपुत्र में गीत एवं संगीत के कार्यक्रम को अपने सुरों के सरगम से गुलजार किया था। वही शुक्रवार एवं शनिवार को बक्सर एवं आरा तथा आज रविवार को दानापुर में नाटक अमृत मंथन का प्रदर्शन किया गया। उदय कुमार द्वारा लिखित एवं अरुण कुमार द्वारा निर्देशित इस नाटक में संतोष कुमार शर्मा, रंजन कुमार सिंह, अभय सौरभ, रूबी कुमारी, चंदन कुमार शर्मा, राकेश कुमार, अरुण कुमार के साथ शिव कुमार पासवान, गोपाल चंद्र वर्मा, संगीत में बबलू कुमार, नाल ढोलक पर विनोद कुमार और विजय कुमार शामिल रहें। नाटक को बड़ी संख्या में यात्रियों ने देखा और मंडल के द्वारा इस तरह के आयोजन की सराहना की।

## संपादकीय

# लद्दाख में क्या सरकार की अनदेखी से आग भड़की

किसी भी विरोध प्रदर्शन में अगर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें सामने रखी जाएं, तो उसके अंजाम तक पहुंचने और सर्वमान्य हल निकलने की उम्मीद की जा सकती है। विडंबना यह है कि कई बार मुद्दे सुलगते रहते हैं और सरकार को वक्त पर उसका समाधान निकालने की जरूरत महसूस नहीं होती। वहीं लंबे वक्त तक टालमटोल या कोताही आखिरकार असंतोष की स्थिति पैदा करती है। फिर जब प्रतिक्रिया का स्वरूप अनियंत्रित और अराजक होता है, तब कई बार उसे संभालना मुश्किल हो जाता है। लेह में बुधवार को हुई हिंसा इन्हीं स्थितियों का नतीजा लगती है। गौरतलब है कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान के अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में लोग आंदोलन पर उतरे हुए थे। पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी दो हफ्ते से भूख हड़ताल पर थे। मगर बुधवार को यह प्रदर्शन हिंसक हो उठा और लोगों ने भाजपा कार्यालय को भी आग के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों के साथ हुई झड़पों के दौरान कई की जान चली गई और काफी लोग घायल हो गए। सवाल है कि अपनी मांगों के साथ कई दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे लोगों के सामने आखिर कैसी स्थिति पैदा हुई कि उन्होंने हिंसक रास्ता अख्तियार कर लिया। पिछले कई दिनों से वहां जैसे शांतिपूर्ण हालात थे, उसमें अराजकता को अचानक उपजी किसी स्थिति का नतीजा मानना थोड़ा मुश्किल लगता है। खासतौर पर जब पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने का सवाल नया नहीं हो। इसके अलावा, लेह और करगिल के लिए अलग-अलग लोकसभा सीटें तय करने और रोजगार में आरक्षण की मांग भी अहम मुद्दे हैं। दरअसल, अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद केंद्र सरकार की ओर यह आश्वासन दिया गया था कि लद्दाख को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। इस बात को करीब पांच वर्ष हो गए, लेकिन अब भी इस पर स्थानीय समूहों- लद्दाख एपेक्स बाडी और करगिल लोकतांत्रिक गठबंधन के साथ सिर्फ बातचीत ही चल रही है। आखिर केंद्र सरकार की घोषणाओं के समांतर लद्दाख के लोगों की स्पष्ट मांगों के बावजूद सबसे संवेदनशील और जरूरी मुद्दों पर बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से हल निकालने को लेकर सहमति बनाने को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई? सच यह है कि जब प्रमुख मांगों को पूरा करने या समस्या का सर्वमान्य हल निकालने को लेकर कोताही बरती जाती है और टालमटोल किया जाता है, तो उससे जुड़े अन्य मुद्दे भी अपना असर डालने लगते हैं।

# मोदी बेमिसाल नेता : कार्यकुशल कर्मयोगी



**हरदीप एस. पुरी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की करिश्माई उपस्थिति और संगठनात्मक नेतृत्व की भरपूर प्रशंसा की गई है, लेकिन जिस बात को कम ही लोग जानते और समझते हैं, वह यह है कि उनकी कठोर पेशेवर प्रतिबद्धता ही उनके काम की विशेषता है। गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले ढाई दशकों में उनकी कार्यशैली में निरंतर पेशेवर नैतिकता विकसित हुई है।

जो बात उन्हें औरों से अलग बनाती है, वह प्रदर्शन की प्रतिभा नहीं, बल्कि ऐसा अनुशासन है, जो विजन को टिकाऊ प्रणालियों में तब्दील करता है। भारतीय मुहावरे में कहा जाए, तो वह कर्मयोगी हैं- कर्तव्य पर आधारित ऐसा कर्म, जिसका आकलन जमीनी स्तर पर आए बदलाव से होता है।

यही नैतिकता इस वर्ष लाल किले से उनके स्वतंत्रता दिवस के संबोधन का आधार रही।

उनके इस भाषण में उपलब्धियों का लेखा-जोखा कम और मिल-जुलकर कार्य करने का चार्टर ज़्यादा प्रस्तुत किया गया- नागरिकों, वैज्ञानिकों, स्टार्ट-अप्स और राज्यों को विकसित भारत के सह-लेखक के रूप में आमंत्रित किया गया। गहन प्रौद्योगिकी, स्वच्छ विकास और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं में महत्वाकांक्षाओं को कोरे शब्दों में नहीं, बल्कि व्यावहारिक कार्यक्रमों के रूप में प्रस्तुत किया गया।

इन कार्यक्रमों को जनभागीदारी, यानी बुनियादी ढाँचे का निर्माण करने वाले राज्य और उद्यमी लोगों के बीच की साझेदारी को एक पद्धति के रूप में प्रस्तुत किया गया।

हाल ही में किया गया जीएसटी ढाँचे का सरलीकरण इसी पद्धति को दर्शाता है। स्लैब को कम करके और अवरोधों को दूर करके, परिषद ने छोटी फर्मों के लिए अनुपालन लागत कम की है और इसका लाभ सीधे घर-घर तक पहुँचाने की गति बढ़ाई है। प्रधानमंत्री का ध्यान संक्षिप्त राजस्व वक्रों पर नहीं, बल्कि इस बात पर था कि क्या आम नागरिक या छोटा व्यापारी इस बदलाव को जल्दी महसूस कर पाएगा या नहीं। यह स्वाभाविक प्रवृत्ति उस सहकारी संघवाद को प्रतिध्वनित करती है, जिसने जीएसटी परिषद का मार्गदर्शन किया है- राज्य और केंद्र गहन विचार-विमर्श करते हैं, लेकिन सभी एक ऐसी प्रणाली के भीतर काम करते हैं जो स्थिर रहने के बजाय परिस्थितियों के अनुकूल ढल जाती है।

नीति को एक जीवंत साधन माना जाता है, जो कागज़ पर समरूपता के लिए संरक्षित एक स्मारक के रूप में न रहकर अर्थव्यवस्था की लय के अनुरूप ढाली गई है।

यही वह व्यावसायिक दृष्टिकोण है, जो अमेरिका से वापसी की 15 घंटे की लंबी उड़ान के बाद देर रात बिना किसी सूचना के निर्माणाधीन नए संसद भवन के गेट पर पहुंचने की बात को समझाता है।

हाल ही में मैंने प्रधानमंत्री से पंद्रह मिनट का समय माँगा था। इस दौरान हुई चर्चा के दौरान मैं उनकी व्यापक समझ और बहुआयामी दृष्टिकोण – एक ही फ्रेम में समाहित बारीक से बारीक विवरण और व्यापक संपर्क देखकर आश्चर्य चकित रह गया। यह बैठक पैंतालीस मिनट चली।

सहकर्मियों ने बाद में मुझे बताया कि उन्होंने इसकी तैयारी में दो घंटे से ज़्यादा समय लगाया, नोट्स, आँकड़े और प्रतिवादों का अध्ययन किया। तैयारी का यह स्तर कोई अपवाद नहीं है; यह कार्य का वह मानदंड है, जिसे उन्होंने स्वयं के लिए निर्धारित किया है और जिसकी वह व्यवस्था से भी अपेक्षा रखते हैं। निरंतर तैयारी की यही आदत सुनिश्चित करती है कि निर्णय ठोस और भविष्य के लिए उपयुक्त हों।

भारत की हाल की प्रगति का अधिकांश आधार उन व्यवस्थाओं और प्रणालियों पर टिका है, जिन्हें हमारे नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डिजिटल पहचान, सार्वभौमिक बैंक खाते और रीयल-टाइम भुगतान की त्रिमूर्ति ने समावेशन को बुनियादी ढाँचे में बदल दिया है। लाभ सीधे सत्यापित नागरिकों तक पहुँचते हैं; उचित व्यवस्था के कारण गड़बड़ियाँ कम होती हैं; छोटे व्यवसायों को अनुमानित नकदी प्रवाह मिलता है; और नीतियाँ धारणाओं की बजाय आँकड़ों पर आधारित होती हैं। इस प्रकार अंत्योदय - अंतिम नागरिक का उत्थान - यह एक नारा भर नहीं, बल्कि मानक बन जाता है - और प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुँचने वाली प्रत्येक योजना, कार्यक्रम और फ़ाइल की असली कसौटी बन जाता है।

असम के नुमालीगढ़ में भारत के पहले बांस-आधारित 2जी इथेनॉल संयंत्र के शुभारंभ के दौरान मुझे एक बार फिर इसका साक्षी बनने का सौभाग्य मिला।

इंजीनियरों, किसानों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ खड़े होकर, प्रधानमंत्री ने सीधे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रश्न पूछे- किसानों को भुगतान उसी दिन कैसे प्राप्त होगा; क्या आनुवंशिक इंजीनियरिंग से ऐसा बाँस तैयार किया जा सकता है, जो तेज़ी से बढ़ता है और गांठों के बीच बाँस के तने की लंबाई बढ़ाता है; क्या महत्वपूर्ण एंजाइमों का स्वदेशीकरण किया जा सकता है; क्या बाँस के हर घटक– तना, पत्ती, अवशेष का इथेनॉल से लेकर फुरफुरल और ग्रीन एसिटिक एसिड तक– आर्थिक उपयोग किया जा रहा है, चर्चा केवल तकनीक तक ही सीमित नहीं थी। यह लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन और वैश्विक कार्बन फुटप्रिंट तक व्याप्त रही।

अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में भाग लेने वाले व्यक्ति के रूप में, मैंने इस पद्धति को तुरंत पहचान लिया- संक्षिप्त विवरण की स्पष्टता, विवरण में सटीकता और इस बात पर ज़ोर कि कतार में खड़ा अंतिम व्यक्ति पहला लाभार्थी होना चाहिए।

यही स्पष्टता भारत की आर्थिक नीति को भी जीवंत करती है। ऊर्जा के क्षेत्र में, विविध आपूर्तिकर्ता समूह और संयमित ठोस खरीदारी ने उतार-चढ़ाव भरे समय में हमारे हितों को सुरक्षित रखा है। विदेश में एक से ज़्यादा मौकों पर, मेरे पास बेहद सरल निर्देश था- आपूर्ति सुनिश्चित करना, सामर्थ्य बनाए रखना और भारतीय उपभोक्ताओं को केंद्र में रखना। उस स्पष्टता का सम्मान किया गया और परिणामस्वरूप बातचीत और भी सुचारू रूप से आगे बढ़ी।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में भी किसी तरह के दिखावे से परहेज किया गया है। दृढ़ संकल्प और संयम के साथ संचालित अभियानों–लक्ष्य स्पष्ट, सैन्य बलों को संचालन की स्वतंत्रता, निर्दोषों की सुरक्षा–में शोरगुल के बजाय भरोसे को तरजीह दी गई। नैतिक सिद्धांत एक ही है- कड़ी मेहनत करो, परिणाम स्वयं सामने आएंगे।

इन विकल्पों के पीछे एक विशिष्ट कार्यशैली छिपी है। चर्चाएँ सभ्य, लेकिन कठोर होती हैं; परस्पर विरोधी विचारों का स्वागत है, लेकिन भ्रम की कोई जगह नहीं है। सभी की बात सुनने के बाद, वह एक मोटे दस्तावेज़ को ज़रूरी विकल्पों तक सीमित कर देते हैं, ज़िम्मेदारी सौंपते हैं और सफलता तय करने के मापदंड बताते हैं। सबसे ज़ोरदार तर्क नहीं, बल्कि सबसे अच्छे तर्क की जीत होती है; तैयारी का सम्मान किया जाता है; निरंतर फॉलोअप किया जाता है। सहकर्मियों के लिए, यह तैयारी एक सीख होती है; व्यवस्था के लिए, यह एक ऐसी संस्कृति है, जहाँ परिणाम की गुणवत्ता का अनुमान नहीं लगाया जाता, बल्कि उसका आकलन किया जाता है।

यह कोई संयोग नहीं है कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन दिव्य शिल्पी- विश्वकर्मा की जयंती वाले दिन ही पड़ता है। यह समानता शाब्दिक नहीं, बल्कि शिक्षाप्रद है- सार्वजनिक जीवन में, सबसे स्थायी स्मारक संस्थाएँ, मंच और मानक होते हैं। नागरिक के लिए, कार्य निष्पादन एक ऐसा लाभ है, जो समय पर मिलता है और एक ऐसी कीमत, जो उचित रहती है; उद्यम के लिए, यह नीतिगत स्पष्टता और विस्तार का एक विश्वसनीय मार्ग है; राज्य के लिए, यह ऐसी व्यवस्थाएँ हैं, जो दबाव में भी टिकी रहती हैं और उपयोग के साथ बेहतर होती जाती हैं। नरेन्द्र मोदी को इसी मापदंड से देखा जाना चाहिए; एक ऐसे कर्मयोगी के रूप में जिनका कार्य निष्पादन दिखावा नहीं, बल्कि एक ऐसी सेवा है, जो भारतीय इतिहास के अगले अध्याय को आकार दे रही है।

**(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**

# मिग-21 विमान को मिल गया विराम

**(बी के मुरली,एयर वाइस मार्शल (रिटायर्ड)**

भारतीय वायु सेना का मिग-21 लड़ाकू विमान आज (26 सितंबर) अपनी आखिरी उड़ान भरने जा रहा है। अब यह हमारे सुरक्षा बेड़े का नहीं, संग्रहालय का हिस्सा होगा। मेरे लिए यह भावुक कर देने वाला पल है, क्योंकि वर्ष 1975 में जब मैं भारतीय वायु सेना में शामिल हुआ था, तब मुझे सबसे पहले मिग-21 स्क्वाड्रन में ही भेजा गया था। 'स्क्वाड्रन' से जो परिचित नहीं हैं, उन्हें बता दूं कि एक स्क्वाड्रन 18 विमानों से तैयार होता है, जिनमें से 16 फाइटर और दो अभ्यास कराने वाले विमान होते हैं।

मुझे वह दिन आज भी याद है। एक अलग ही उत्साह था हममें। यह देश का पहला सुपरसोनिक विमान था, इसलिए इसकी मांग काफी ज्यादा थी। 'इंटरसेप्शन' में इसका इस्तेमाल होता था, यानी हवाई मार्ग से कोई हमारी सीमा में घुसने की कोशिश करता, तो उसे मार गिराने की महती जिम्मेदारी इसके कंधों पर थी। मगर इस विमान के आकर्षण की एक बड़ी वजह इसकी गति थी। यह 300 किलोमीटर से भी अधिक की रफ्तार से रनवे पर उतरता, जो उस समय सर्वाधिक मानी जाती थी। इसी कारण उन पायलटों को ही इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाती, जिनमें कौशल होता था। यह धारणा आज भी कायम है कि जिसने मिग-21 उड़ा लिए, वह देश का बेहतरीन पायलट है।

इसे रूस से लाया गया था। मार्च-अप्रैल, 1963 में सबसे पहले चंडीगढ़ में इसे उतारा गया। दिलचस्प है कि आज इसकी आधिकारिक विदाई भी वहीं से हो रही है। हमारे सुरक्षा बेड़े का यह कितना अहम हिस्सा था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 1965 से लेकर 1999 के कारगिल युद्ध और हाल-फिलहाल ऑपरेशन सिंदूर तक यह हमारी सुरक्षा पंक्ति में सबसे आगे रहा। बालाकोट हमले के बाद जब दुश्मन देश का एफ-16 विमान हमारी सीमा में घुस आया था, तो विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान ने उसे मिग-21 बाइसन से ही मार गिराया था।

मिग-21 को एक अन्य भूमिका के लिए भी याद रखा जाएगा। दरअसल, हमारे बेड़े में 874 मिग-21 विमान हैं, जिनमें से 660 हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के नासिक और कोरापुट केंद्र में तैयार किए गए हैं। इसके कारण वहां हजारों एयरोनॉटिकल इंजीनियरों को रोजगार मिला। इसके कल-पुर्जों के छोटे-छोटे उद्योग विकसित हुए। कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय विमानन क्षेत्र को इसने नई उड़ान दी है।

भारत में इस विमान की कई श्रेणियां विकसित की गईं, जिनमें सबसे आधुनिक 'बाइसन' है। विश्व के 60 से ज्यादा देश इसका इस्तेमाल कर चुके हैं, जिनमें सिर्फ भारत अब तक इसकी सेवाएं ले रहा था। आंकड़े बताते हैं, रूस ने 11,000 से अधिक मिग-21 विमान बनाए, जिस कारण विश्व में सबसे अधिक उत्पादित होने वाले विमान का खिताब इसे ही हासिल है।

हालांकि, 1963 में इसके आगमन के साथ ही दुर्घटनाएं भी शुरू हो गई थीं। उसी साल हमने दो विमान गंवाए थे, जिसके बाद हरेक वर्ष एक या दो जहाज हादसों के शिकार होते गए। अब तक 400 से अधिक मिग-21 विमान दुर्घटना के शिकार हुए हैं, जिनमें हमने 170 होनहार पायलट खो दिए। इन हादसों में 40 आम नागरिकों की भी जान गई है। इन सबके कारण इसको 'उड़ता ताबूत' कहा जाने लगा था। मैंने अपने दो करीबी मित्रों को दो अलग-अलग मिग-21 हादसों में खो दिया। उनकी यादें मुझे आज भी परेशान करती हैं। वे दोनों दुर्घटनाएं एक ही साल में हुई थीं। तब हम तेजपुर में फ्लाइंग ऑफिसर थे। अगल-बगल की मेस में रहा करते, सो हर शाम हमारा मिलना होता। रोज क्रिकेट खेला करते। मगर हमने उन्हें खो दिया। ब्रह्मपुत्र में उनके विमानों का मलबा गिरा था और मुझे ही उनके पार्थिव शरीर को लाने भेजा गया।

बाद में, जांच से पता चला कि तकनीकी दिक्कतों की वजह से ये हादसे हो रहे हैं। वर्ष 1982 से लेकर 2006 तक चार कमेटियां हादसों की जांच के लिए बनाई गईं और सभी ने इंजन में गड़बड़ी की बात कहते हुए इसको हटाने की सिफारिश की थी, पर उन सलाहों पर अमल नहीं किया जा सका।

यह स्थिति तब थी, जब खुद रूस का कहना था कि इस विमान की 'टोटल टेक्निकल लाइफ' 40 साल है। इसका अर्थ है कि हमें दो दशक पहले ही इसे रिटायर कर देना चाहिए था, लेकिन हमने इसके सुधार पर जोर दिया और अब तक इसका इस्तेमाल करते रहे। हां, जब इसके हादसे बढ़ गए, तो उड़ान घंटों को 150 से घटाकर 125 घंटा प्रतिमाह जरूर कर दिया था। सुखद यह रहा कि साल 2006 में सरकार ने एचएएल का साथ मिलकर 40 तेजस बनाने का फैसला किया, लेकिन दो दशक बाद 38 विमानों की ही आपूर्ति हो सकी है।

# वादाखिलाफी के खिलाफ फूटा गुस्सा

**(लता भारती)**

लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग को लेकर 1980 के दशक के उत्तरार्ध में एक बहुत बड़ा जन-आंदोलन शुरू हुआ। अगस्त 2019 में संसद ने एक पुनर्गठन अधिनियम पारित कर 31 अक्तूबर, 2019 से लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में पुनर्गठित कर दिया। साथ ही केंद्र सरकार ने वहां के लोगों को आगे बढ़ने के सब्जबाग भी दिखाए। इससे वहां के लोगों की आकांक्षाएं बलवती हो गईं कि वे जल्द से जल्द पूर्ण राज्य बनेंगे।इन्हीं आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने के लिए लद्दाख के लोग पिछले पांच साल से पूर्ण राज्य का दर्जा पाने का आंदोलन चला रहे हैं। उनकी मांग है कि कारगिल और लेह को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाया जाए, सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों की भर्ती हो। आंदोलनकारी लद्दाख में छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग कर रहे हैं। इसी के साथ लद्दाख में विधानसभा के गठन की भी मांग हो रही है। वहां के लोग सरकार से ठोस आश्वासन चाहते हैं। इसीलिए, वहां के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की अध्यक्षता में 35




**इससे वहां के लोगों की आकांक्षाएं बलवती हो गईं कि वे जल्द से जल्द पूर्ण राज्य बनेंगे।इन्हीं आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने के लिए लद्दाख के लोग पिछले पांच साल से पूर्ण राज्य का दर्जा पाने का आंदोलन चला रहे हैं। उनकी मांग है कि कारगिल और लेह को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाया जाए, सरकारी नौकरियों में स्थानीय लोगों की भर्ती हो।**

दिनों का अनशन फिर शुरू किया गया था। इस अनशन को देखते हुए केंद्र और लद्दाख के प्रतिनिधियों (जिनमें लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के सदस्य शामिल हैं।) के बीच 6 अक्तूबर को बातचीत का एक नया दौर निर्धारित किया गया था। इससे पहले 26 सितंबर को बातचीत होनी थी। केंद्र ने इस बातचीत का दौर एकतरफा घोषित कर दिया। उधर, अनशन चल ही रहा था कि इसमें शामिल दो लोगों की तबियत अचानक बिगड़ गई। युवा पहले से ही केंद्र की इस एकतरफा बातचीत की घोषणा से खार खाए बैठे थे। दो अनशनकारियों की सेहत बिगड़ने से वे और भड़क गए। इन दोनों कारणों ने आग में घी का काम किया और 24 सितंबर को अचानक वहां हिंसा भड़क उठी। इस हिंसा में चार लोग मारे गए।इसमें भाजपा का यह आरोप निराधार है कि कांग्रेस भारत में नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहती है। लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक का दावा है कि लेह लद्दाख में कांग्रेस में इतना दम ही नहीं है कि वह यह सब करवा पाए। वांगचुक ने हिंसा की निंदा की है, लेकिन साथ-साथ उन्होंने लोगों के गुस्से को जायज ठहराया है। असल में लेह की हिंसा केंद्र सरकार की वादाखिलाफी का नतीजा है।

**विश्व हृदय दिवस (29 सितम्बर) पर विशेष**

# आधुनिक जीवनशैली में हृदय विकार का खतरा चरम पर

**डॉ प्रितम भि गेडाम**

हृदय रोग विश्व भर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या हैं। हमारे देश में तो यह चरम पर हैं, एक-दो दशक पहले तक यह समस्या केवल अमीर बुजुर्गों के हिस्से आनेवाली मानी जाती थी, परंतु देश में अब इस बीमारी ने अत्यधिक तेजी से पैर पसारे हैं। बच्चे और जवान भी इसके शिकार हो रहे हैं। देश में प्रदूषण और मिलावटखोरी ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा बढ़ाया है और मनुष्य का आलस्य, लालच, निकृष्ट दर्जे का खाना, आधुनिक जीवनशैली व मानसिक तनाव ने बीमारियों को मौत के तौर पर आमंत्रित किया हैं। देश में खुद युवा अवस्था में हृदय रोग चिकित्सक भी हृदय रोग से जान गंवाने की घटनाएं हो रही हैं। इस साल 2025 के लिए विश्व हृदय दिवस की थीम है ÷एक भी धड़कन न चूकें।÷ यह थीम हमारे हृदय स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए एक सशक्त अनुस्मारक है, जो हृदय रोग के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सक्रिय रहने और जाँच में देरी न करने, स्वस्थ आदतों और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप पर जोर देता हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2022 में, अनुमानित 19.8 मिलियन लोगों की हृदय रोग से मृत्यु हुई, जो वैश्विक स्तर पर होने वाली कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत हैं। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हर 34 सेकंड में एक व्यक्ति हृदय रोग से मरता है और 2023 में, हृदय रोग से 9,19,032 लोगों की मृत्यु हुयी, अर्थात हर तीन मौतों में से एक। अधिकांश हृदय रोगों को तंबाकू सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार (नमक, चीनी और वसा में उच्च) और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, द्वेष, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, चिंता, अवसाद, मिलावटखोरी, शराब का हानिकारक सेवन और वायु प्रदूषण जैसे व्यवहारिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों को संबोधित करके रोका जा सकता हैं। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवा के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सकें।

दिल्ली के आकाश हेल्थकेयर द्वारा किए गए पाँच-वर्षीय अध्ययन से पता चला है कि कोविड-19 महामारी के बाद से हृदय रोग के मामले दोगुने हो गए हैं, और आपातकालीन मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। 2020 से 2023 के बीच भारत के अस्पतालों से प्राप्त आँकड़ों से पता चलता है कि हृदय रोग के 50 प्रतिशत मरीज़ 40 वर्ष से कम आयु के हैं, जो कि बेहद ही गंभीर विषय हैं। पिछले 4-5 वर्षों में युवाओं में इसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। उच्च रक्तचाप (24 प्रतिशत), मधुमेह (10 प्रतिशत), और डिस्लिपिडेमिया (39 प्रतिशत) जैसे जोखिम कारक शामिल हैं। इसके अलावा, धूम्रपान (36 प्रतिशत), अत्यधिक शराब का सेवन (16 प्रतिशत), अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (11 प्रतिशत) और खराब आहार गुणवत्ता (12 प्रतिशत), व्यक्तिगत एवम कार्य-संबंधी तनाव, मनोसामाजिक कारक, और जीवन की घटनाएँ (32 प्रतिशत) जो अंतःसंवहनी घनास्त्रता एवम परिणामस्वरूप, हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, आनुवंशिक कारक और सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ स्थिति को अधिक जटिल बना देती हैं। दुनिया भर में तंबाकू से संबंधित हृदय रोग से 1.9 मिलियन मौतें होती हैं।

गुजरात के जामनगर शहर के 41 वर्षीय जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गांधी का उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. गांधी ने अपने करियर में 16,000 से ज़्यादा हृदय शल्य चिकित्साएँ की थी। अभी हाल ही में, 39 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ग्रैडलिन रॉय का चेन्नई के एक अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एक 39 वर्षीय दंत चिकित्सक, फिटनेस के प्रति उत्साही और गोवा में 32 किमी की मैराथन में भाग लेने वाले की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। फिट और तंदरुस्त रहनेवाले फिल्मी सेलिब्रेटी पुनीत राजकुमार, सिद्धार्थ शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, गायक केके और अभी 42 वर्षीय शेफाली जरीवाला की मृत्यु का कारण भी हृदय विकार ही रहा। कुछ माह पूर्व महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक प्रसिद्ध युवा कुश्ती खिलाडी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कर्नाटक में एक 28 वर्षीय व्यक्ति की क्रिकेट मैच में जीत का जश्न मनाते समय और एक शादी समारोह में मंगलसूत्र बांधने के तुरंत बाद 25 वर्षीय दूल्हे की मृत्यु हो गई। विभिन्न हिस्सों में व्यायाम के दौरान भी युवाओं की मृत्यु के मामले सामने आए हैं।

अब तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी हृदय विकार से जान गंवाने की खबरें अत्यधिक बढ़ गयी हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि, देश में हर साल 14 साल से कम उम्र के सैकड़ों बच्चों की दिल का दौरा पड़ने या हृदय रोग से मृत्यु होती हैं। राजस्थान के सीकर स्थित एक स्कूल में 9 साल की एक बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अलीगढ़ के एक 14 साल के लड़के की स्कूल की खेल प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक 10 साल का बच्चा अपने घर के सामने खेल रहा था, अचानक तबीयत खराब होने पर, वह घर गया और अपनी माँ से पिने के लिए पानी माँगा और माँ की गोद में ही दम तोड़ दिया। इससे पहले, महाराष्ट्र के नासिक में 6 साल की एक स्कूली बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

वायु प्रदूषण के कारण हर साल 7 मिलियन लोगों की मृत्यु होती हैं, तथा इस्केमिक हृदय रोग इन मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान हैं, कि हर साल लगभग 4.2 मिलियन असामयिक मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोग; जो सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों या औद्योगिक क्षेत्रों के पास रहने या काम करने वाले लोग, जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने वाले लोग, धूम्रपान न करने वाले वयस्कों और बच्चों पर अप्रत्यक्ष धूम्रपान के धुएँ के संपर्क में आने से स्वास्थ्य प्रभाव हानिकारक और असंख्य हैं। अप्रत्यक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने से हृदय रोग और स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम, गंभीर अस्थमा के दौरे और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। कई अध्ययनों ने वायु प्रदूषण और हृदय स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। जब लोग प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं, तो उसके सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इससे हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें शामिल हैं- रक्तचाप में वृद्धि, हृदय गति में गड़बड़ी, दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ना, एथेरोस्क्लेरोसिस, और असुरक्षित आबादी पर प्रभाव।

हृदय विकार के कारण तेजी से होनेवाली असमय मौतों की गति को अधिक जागरूकता, बेहतर जाँच और जीवन रक्षक उपायों की बढ़ती उपलब्धता द्वारा काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हो सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली अगर हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं तो ऐसी जीवनशैली को त्यागना ही बेहतर हैं। सरकार ने देश में व्यापक पैमाने पर फैले प्रदूषण, मिलावटखोरी और अस्वच्छता पर ठोस कदम उठाने चाहिए। संतुलित आहार लेना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। फलों और सब्जियों, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन और खनिजों का संतुलन बनाए रखें। जीवनशैली में रोजाना 30 मिनट व्यायाम को शामिल करके शुरुआत करें। कोई भी शारीरिक गतिविधि, हेल्दी हॉबी अच्छे हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाएँ और स्वस्थ वजन बनाए रखें। नमक, चीनी और वसा का सेवन हमेशा कम हों। हर रात 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। तंबाकू, शराब या अन्य कोई भी नशा हो, तुरंत छोड़ें। तनाव कम करने वाली गतिविधियाँ रोजमर्या के क्रम में शामिल करें। जीवन में आनेवाली समस्याएं समझदारी और विवेक से हल करें, तनाव न लें। अपने व्यस्त समय से रोजाना खुद के लिए थोडासा वक्त निकालकर हसी-खुशी के पल जियें, कभी अपना बचपना भी जियें। जीवन के हर पल खुशी के साथ जियें।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएजेजीयूए योजना के चयनित लाभुकों की सूची स्वीकृत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत धरती आबा जनजातीय ग्रामीण उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) योजना 2024-25 के लाभुकों का प्रखंडवार अनुशंसित सूची का अनुमोदन समिति सदस्यों के सहमति से किया गया। चयनित लाभुकों में दुपहिया वाहन के साथ आईस बॉक्स के लिए जिसका ईकाई लागतः 75,000 एवं तीन-पहिया वाहन के साथ आईस बॉक्स, ईकाई लागतः 3,00,000 है। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर योजना की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा गया। योजना अंतर्गत ईकाई लागत का 90% अनुदान सरकार द्वारा लाभुकों को देय होगा। बैठक में जिले में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने एवं इसे ग्रामीण आजीविका से ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं पीएमयू टीम को इस दिशा में योजना तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### पटना में 'राजभाषा नियम, अधिनियम एवं संविधान में हिंदी' विषयक कार्यशाला का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में हिंदी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत "राजभाषा नियम, अधिनियम एवं संविधान में हिंदी" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्री वीरेंद्र कुमार यादव, माननीय सदस्य, हिंदी सलाहकार समिति, भारत सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक हिंदी की संवैधानिक स्थिति, राजभाषा अधिनियम तथा उसके नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि हिंदी न केवल हमारी राजभाषा है बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुचारु संप्रेषण का सशक्त माध्यम भी है। कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष उपाध्याय, उपाध्यक्ष, संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी का प्रयोग केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि यह हमारे कार्यकुशलता और पहचान का प्रतीक है। उन्होंने सभी कर्मियों से आह्वान किया कि वे कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकतम प्रयोग की दिशा में योगदान दें। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ. शिवानी, प्रधान वैज्ञानिक एवं श्री उमेश कुमार मिश्र, हिंदी अनुवादक द्वारा किया गया। कार्यशाला में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आईएआरआई पटना हब के छात्र भी उपस्थित रहे।

### दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा थाना क्षेत्र के ढोटी गांव के जोगीबाबा स्थान के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी. वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. मृतक ढोटी गांव निवासी स्व घुटूर साव का पुत्र राम गति साव बताया गया है. जबकि घायलों में ढोटी गांव निवासी संजय साव का पुत्र अनूप साव, स्व महेंद्र विश्वकर्मा का पुत्र पवन विश्वकर्मा एवं उनका दामाद स्व मनोहर विश्वकर्मा का पुत्र संतोष विश्वकर्मा शामिल है. सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है. यहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. इस घटना में घायल संतोष विश्वकर्मा और अनूप की स्थिति काफी गंभीर बनी हुयी है. घटना के संबंध में बताया गया है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर राम गति साव व अनुज कुमार गढ़वा की ओर आ रहे थे, इसी क्रम में विपरीत दिशा से दूसरी मोटरसाइकिल सवार पवन विश्वकर्मा तथा संतोष विश्वकर्मा आ रहे थे इसी दौरान दोनों की मोटरसाइकिल में टक्कर हो गयी. इसके कारण रामगति साव की मौत घटनास्थल पर हो गयी. परिजनों द्वारा राम गति साव सहित घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राम गति साव को मृत घोषित कर दिया. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया.

### हाथी ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त, फसल को किया बर्बाद

**चिनिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के छतैलिया गांव में सोमवार की रात्रि में जंगली हाथी ने भिखारी सिंह का मिट्टी के घर को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया है. जबकि इसी गांव के प्रेम सिंह के खेत में लगे मकइ की फसल को खाकर चाट कर गये. इसी तरह रानीचेरी गांव निवासी उमेश सिंह के मिट्टी के घर को हाथी ने गिरा दिया. भिखारी सिंह ने बताया कि घर में रात्रि में उसके परिवार के सभी लोग सो रहे थे, तभी अचानक जंगली हाथी गांव में घुसा और उसके घर पर धावा बोल घर को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया. इसके बाद वहां से निकलते वक्त बगल के प्रेम सिंह के खेत में लगे मकई की फसल को भी हाथियों ने खाकर चट कर दिया. इस पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने कहा कि जंगली हाथी द्वारा दो लोगों का घर एवं फसल क्षतिग्रस्त किया गया है. जांच कर सरकारी प्रावधान के तहत उन्हें क्षतिपूर्ति का मुआवजा राशि दी जायेगी.

### भ्रष्टाचार से गढ़वा नगर परिषद को मुक्त करना है : विभा प्रकाश

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा नगर परिषद का गठन हुए 17 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन शहर का अपेक्षित विकास आज भी अधूरा है. नगर परिषद का गठन जिस उद्देश्य से हुआ था, वह उद्देश्य आज भी पूरा नहीं हो सका है. नगर परिषद भ्रष्टाचार और लूट का केंद्र बनकर रह गया है. ऐसे हालात में अब बदलाव की सख्त जरूरत है.यह बातें समाजसेवी विभा प्रकाश ने मंगलवार को एलपी एकेडमी में आयोजित प्रेसवार्ता में कही. इस दौरान गढ़वा के पूर्व विधायक लक्ष्मी प्रसाद केसरी के पोते एवं युवा समाजसेवी ज्योति प्रकाश केसरी ने यह घोषणा किया कि आगामी चुनाव में उनकी पत्नी विभा प्रकाश नगर परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी होंगी. उन्होंने कहा कि नगर परिषद का अध्यक्ष पद अब सिर्फ सत्ता का साधन नहीं, बल्कि जनता की सेवा और शहर के विकास का जरिया बनना चाहिए. विभा प्रकाश इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभायेंगी. प्रेसवार्ता में ज्योति प्रकाश केसरी, पूनम चंद कांस्यकार उपस्थित थे.

### डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य में लायें तेजी : बीडीओ

**मसलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड विकास कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ मो अजफर हसनैन की अध्यक्षता में परस्पर सहयोग अभियान के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे और केसीसी को लेकर बैठक आयोजित की गयी. इसमें बीटीएम, एटीएम, बीपीएम जेएसएलपीएस, किसान मित्र, वीएलडब्ल्यू, बीएओ और बैंक कर्मी मौजूद थे. बीडीओ हसनैन ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के लाभुकों के साथ-साथ नये किसानों को भी केसीसी का लाभ दिया जायेगा. उन्होंने कृषि कर्मियों से प्रगति की समीक्षा की और 2.70 लाख भूखंडों के डिजिटल सर्वे में तेजी लाने का निर्देश दिया. डिजिटलाइजेशन से सरकार को किसानों के लिए नीतियां बनाने और फसल क्षति का आकलन करने में मदद मिलेगी. बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में पौधा संरक्षण केंद्र खोला गया है, जिससे हटिया में स्टॉल लगाकर किसानों को अनुदानित दर पर दवाइयां उपलब्ध कराई जायेगी. मौके पर मो तंजीम आलम, श्यामसुंदर सिंह, नवीन कुमार श्रीवास्तव, सागर झा, अशोक कुमार मेहता, मलय कुमार, मिथिलेश कुमार, सूरज कुमार, आल्फोन्स मुर्मू, प्रमोद कुमार, सदानंद होरो, रीमा कीड़ो, निताई नंदी और रामदेव राय उपस्थित थे.

### 36वीं अखिल भारतीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों को सम्मान

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्या भारती से आयोजित एवं विद्या विकास समिति झारखंड के आतिथ्य में धनबाद के भूली स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित 36वीं अखिल भारतीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मालवीय मार्ग के भैया/ बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक एवं एक कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सोमवार को वंदना सभा में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, सह सचिव सौरव अग्रवाल, सदस्य दीपक खंडेलवाल, लाल दास चौधरी, बबीता देवी एवं ऋचा प्रिया सिन्हा, प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने भैया बहनों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं विभिन्न पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। 11 से 14 सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न भागों के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 वर्गों में आयोजित थी। स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बहन रजनी कुमारी ने अंडर 14 आयु वर्ग के 26- 29 भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अंडर 14 आयु वर्ग के 27- 29 भार वर्ग में भैया राजवीर दास ने स्वर्ण पदक एवं अंडर 14 आयु वर्ग के 35-38 भार वर्ग में बहन राजनंदिनी ने कांस्य पदक प्राप्त कर जीत का परचम लहराया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले भैया/ बहन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए चयनित कर लिए गए हैं।

# राज दरबार थीम पर बने अपर बिलासी पूजा पंडाल का डॉ सुनील खवाड़े ने किया उद्घाटन

## अपर बिलासी में संताल परगना का सबसे महंगा व भव्य पंडाल : खवाड़े



**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंचमी को शहर के अपर बिलासी पूजा पंडाल का उद्घाटन पूजा समिति के मुख्य संरक्षक सह समाजसेवी डॉ सुनील खवाड़े ने किया. पंडाल के उद्घाटन के साथ मां भगवती का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया. डॉ खवाड़े ने बताया कि अपर बिलासी का पूजा पंडाल संताल परगना प्रमंडल का सबसे बड़ा और महंगा पंडाल है. पंडाल और पूजा का संपूर्ण खर्च करीब सवा करोड़ के आसपास है. पंडाल की भव्यता, सजावट, कारीगिरी दूर से दिखाई देती है. राजस्थान के राज दरबार की थीम पर पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगरों ने राजेश शृंगारी के मार्ग दर्शन में किया है. इस पंडाल को बनाने में एक माह से अधिक का समय लगा है. पिछले तीन साल से अपर बिलासी टाउन पूजा समिति का पंडाल सर्वश्रेष्ठ होता आ रहा है. पंडाल निर्माण में प्रयुक्त मेटेरियल इको फ्रेंडली है. साथ ही पंडाल में सुरक्षा के सारे उपाय किये गये हैं. जगह-जगह अग्निशामक यंत्र लगाये गये हैं. सुरक्षा को लेकर 28 गार्ड और चप्प-चप्पे में सीसीटीवी लगाया गया है. पंडाल में रोजाना प्रसाद का वितरण भी किया जायेगा. पूरे परिवार के साथ अपर बिलासी पूजा पंडाल में लोग आ सकते हैं. सेल्फी जोन से भक्त पंडाल के साथ अपनी फोटो और वीडियो ले सकते हैं. पंडाल में बुजुर्गों के बैठने के लिए लाउंज बनाया गया है. जगह-जगह बड़े स्क्रीन लगाये गये हैं, ताकि श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं हो. तीन अक्तूबर को विसर्जन होगा. इसके साथ ही पंडाल के समीप बच्चों के लिए झूला और पार्किंग की भी अलग से व्यवस्था की गयी है. इस मौके पर संरक्षक रामेश्वर चक्रवर्ती, आजाद पाठक, अमियांशु दत्त द्वारी, शेष नाथ झा, प्रेमनाथ खवाड़े, मुकेश टोनी, अर्णव बोस, बाबन चक्रवर्ती, मनोज खवाड़े, राजू झा, अनुज चंदन, कौशल सिंह, गौरव, अमित जजवाड़े, बिट्टू, आशीष झा, नवीन शर्मा, प्रकाश भारद्वाज, उमेश मिश्रा, संतोष कुमार, राजकुमार, मन्नू, बापी आदि थे.

## अंचलाधिकारी ने दी अंतिम चेतावनी, आज चलेगा बुलडोजर

### कांडी में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन सख्त

**कांडी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन सख्त प्रतिनिधि, कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर शनिवार को अंचलाधिकारी राकेश सहाय और थाना प्रभारी असफाक आलम ने लोगों को अंतिम चेतावनी दी. पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्य सड़क पर अवैध अतिक्रमण करने वाले लोग स्वयं इसे हटा लें, अन्यथा रविवार को जेसीबी द्वारा अतिक्रमण हटाया जायेगा. उस दौरान सड़क पर पाये गये सभी सामान को जब्त किया जायेगा. सीओ ने बताया कि पर्व-त्योहार के समय कांडी प्रखंड मुख्यालय की मुख्य सड़क पर जाम लगना आम हो गया है. सड़क के दोनों ओर बेतरतीब खड़े वाहन, मनमानी ढंग से खड़े ऑटो, बीच बाजार में गाड़ियों द्वारा सामान और सवारी उतारना-चढ़ाना और दुकानों के सामने खड़ी मोटरसाइकिलों से आम लोगों का जीना दूभर हो गया है. इससे आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को भारी असुविधा हो रही है. पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि लोग स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर और प्रभावी कार्रवाई की जायेगी. इस मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, मुखिया विजय राम और बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार भी उपस्थित थे.

## सिकरिया में हाथियों के झुंड ने फसलों को किया बर्बाद

**डंडई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गांवों में हाथियों का आतंक, ग्रामीणों में दहशत प्रतिनिधि, गढ़वा डंडई प्रखंड के तसरार पंचायत के दर्जनों गांवों में हाथियों के आतंक से लोग परेशान हैं. सिकरिया, लोरा, चकरीडोरी, महुंदण्ड, तसरार, सोती, कपराठ, टोरी कला समेत अन्य गांव आये दिन हाथियों के हमले का शिकार बन रहे हैं. कुछ ही दिन पहले टोरी कला से सटे मेराल प्रखंड के बानाजंघ गांव में बहेरवा निवासी एक व्यक्ति को हाथियों ने कुचलकर मार डाला था. शुक्रवार पंचायत के सिकरिया गांव में हाथियों के झुंड ने गांव में लगी धान और मकई की फसल को रौंदकर और खाकर बर्बाद कर दिया. रघुनाथ विश्वकर्मा, सूर्य देव विश्वकर्मा और शिव कुमार सिंह के खेतों में लगे पांच एकड़ धान के फसल बर्बाद हो गये. इसी तरह राजनाथ भुइयां, प्रभु भुइयां और रामेश्वर भुइयां के मकई के खेत भी हाथियों से प्रभावित हुए. कुछ घरों को हाथियों ने सूंड़ से मारकर गिरा दिया. ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के डर के कारण वे रात में स्कूलों में सोने को मजबूर हैं. वन विभाग की टीम मौके पर गयी, लेकिन हाथियों को भगाने में असफल रही. इसके बावजूद अभी तक कोई स्थायी उपाय नहीं किया गया. ग्रामीण इस स्थिति से आक्रोशित हैं और लोरा, सिकरिया और टोरिकला के लोग शुक्रवार को वन विभाग में अपनी समस्याएं दर्ज करा चुके हैं.

## कांडी में शारदीय नवरात्र पर कलश यात्रा निकाली गयी

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हुए शामिला कांडी. प्रखंड के मुख्य बाजार में दुगार्पूजा पंडाल द्वारा शनिवार को शारदीय नवरात्र के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया. सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाथ में कलश उठाकर महावीरी झंडा, गाजे-बाजे के साथ यात्रा में भाग लिया. श्रद्धालु पैदल डूमरसोता मोड़ तक गये और वहां से 14 चारपहिया वाहनों के माध्यम से सोन नदी तक पहुंचे. स्नान और ध्यान के बाद विद्वान पंडितों ने अभिमंत्रित जल कलश में जल भरकर इसे पूजा पंडाल में स्थापित किय।

## गढ़वा में प्रमंडलीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का कार्यालय खुला

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बस मालिकों की समस्याओं के समाधान में होगी सहूलियत प्रतिनिधि, गढवा गढ़वा अंतरराज्यीय बस स्टैंड परिसर में शनिवार को प्रमंडलीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का शाखा कार्यालय खोला गया. इसका उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर रुद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यालय खुलने से जिले के बस मालिकों की समस्याओं के समाधान में सहूलियत होगी. अब संगठन यहां सजग और सक्रिय रूप से कार्य करेगा तथा बस मालिकों को एकजुट होकर अपनी समस्याओं को उठाने का अवसर मिलेगा. उन्होंने बताया कि पहले पलामू जिले से गढ़वा की सांगठनिक गतिविधियां संचालित होती थीं, लेकिन स्थानीय जरूरतों को देखते हुए अब गढ़वा में अलग से कार्यालय खोला गया है. उन्होंने कहा कि प्रशासन के सहयोग से बस मालिक यहां से सुचारू रूप से बसों का संचालन करेंगे. किसी भी समस्या के समाधान के लिए यह कार्यालय सेतु का कार्य करेगा और संगठन मिलकर समाधान की दिशा में पहल करेगा. इस मौके पर संघ के सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र भारती, कोषाध्यक्ष कृष्ण विजय सिंह, संतोष सिंह, राजकुमार पांडेय, विक्की जायसवाल, प्रभु दयाल सिंह, बृजेश पांडेय, दिलीप जायसवाल, पंकज तिवारी, मनीष तिवारी, बबलू दुबे, सुनील पांडेय, मुकेश सिंह, मनीष सिंह, रमेश यादव, रिशु सिंह और अशोक सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## आंध्रा स्पोर्टिंग यूनियन सुपर लीग के फाइनल में



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आंध्रा स्पोर्टिंग यूनियन की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जेएसए सुपर डिवीजन फुटबॉल लीग के फाइनल में पहुंच गयी है. शनिवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये सेमीफाइनल मैच में आंध्रा स्पोर्टिंग यूनियन की टीम ने सिंहभूम सॉकर फैंस क्लब को 2-0 से मात दी. अब फाइनल मैच में आंध्रा स्पोर्टिंग का सामना क्लासिक-एट की टीम से होगा. शनिवार को खेले गेय मैच में आंध्रा स्पोर्टिंग की ओर से राहुल मुर्मू व फुद्दू हेंब्रम ने एक-एक गोल किया.

## पूर्वी सिंहभूम की बालिका वॉलीबॉल टीम बनी चैंपियन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी सिंहभूम की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय अंडर-17 स्कूली वॉलीबॉल टूनार्मेंट का खिताब जीत लिया है.




रांची स्थित खेलगांव में शनिवार को खेले गये फाइनल मैच में पूर्वी सिंहभूम की बालिका टीम ने लातेहार को 2-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया. वहीं पूर्वी सिंहभूम की बालक अंडर-19 टीम इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही. तीसरे स्थान के लिए खेले गये मैच में पूर्वी सिंहभूम की टीम ने कोडरमा को मात दी. विजेता पूर्वी सिंहभूम बालिका टीम का नेतृत्व कप्तान तृप्ति मिंज ने किया. जबकि, टीम के कोच आशा कुमारी, मैनेजर सुरजीत जाना थे. बालक अंडर-19 टीम का नेतृत्व कप्तान सत्यम बाग ने किया. कोच की भूमिका अनुज कुमार व मैनेजर की भूमिका राहुल कुमार ने निभाई.

## सिविल सर्जन कक्ष में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिविल सर्जन ऑफिस के सभागार में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा कार्यालय के डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत रवींद्र कुमार को विदाई दी गयी. इस कार्यक्रम में शामिल सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल ने कहा कि रवींद्र कुमार के यक्ष्मा उन्मूलन के क्षेत्र में किये गये योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता.



इस दौरान जिला यक्ष्मा कार्यालय के लिपिक रंजीत कुमार सिन्हा ने रवींद्र कुमार के साथ बिताये गये पल को याद किया. एसीएमओ कार्यालय के लिपिक जसवंत कुमार ने कहा कि रवींद्र कुमार को जिम्मेदारी दी जाती थी, वह बहुत ही ईमानदारी से निभाते थे. इस दौरान डॉ राजीव लोचन महतो, सिविल सर्जन कार्यालय से रवींद्र कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय के जसवंत कुमार, आदित्य कुमार नायक, जिला यक्ष्मा कार्यालय के लिपिक रंजीत कुमार सिन्हा, अर्जुन कालिंदी, नीतीश कुमार, संजय चटर्जी सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## स्कूली छात्राओं ने बनायी आकर्षक रंगोली

**सारठ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत शनिवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओझाडीह विद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोलियां बनायी गयी.



नवरात्रि के अवसर पर रंगोली व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में मुख्य रूप से खुशबू कुमारी (कक्षा 10), रूबी कुमारी, रूपा कुमारी, देवांती कुमारी, शिवानी कुमारी, जानवी कुमारी, पीयू कुमारी, लवली कुमारी और विद्यालय के अन्य छात्राओं ने भाग लिया. सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. रंगोली प्रतियोगिता के साथ क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. बच्चों ने अपने ज्ञान और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे शिक्षकों ने खूब सराहा. मौके पर प्रधानाध्यापक सुनील कुमार भोक्ता, शिक्षक शिव शंकर झा, मनोज कुमार, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह तथा आईसीटी इंस्ट्रक्टर मंटू मंडल मौजूद थे.

## गोड्डा में डांडिया नाइट, तैयारी को लेकर वर्कशॉप

**गोड्डा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवरात्रि को भब्य व भक्ति के साथ आकर्षक बनाने को लेकर 29 सितंबर को डांडिया नाइट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन गुरूकुल डांस एकेडमी व गोड्डा प्राइड के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर वर्कशॉप का आयोजन भवानी विवाह भवन परिसर में किया जा रहा है। वर्कशॉप का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ,गुरुकुल डांस एकेडमी की निदेशक आरती सिंह ,खेल पदाधिकारी प्राण महतो ,कॉर्डिनेटर सुरजीत झा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान हाथों में डांडिया की स्टिक लिए करीब 500 से भी ज्यादा युवतियां, बच्ची ,महिलाओ ने डांडिया नृत्य किया। कार्यक्रम को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि गोड्डा में डांडिया महोत्सव पिछले कुछ वर्षों से आयोजित कर लोगों को आनंद व भक्ति भावनाओ से अभिभूत करने का काम किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के अलावा महागामा व पोड़ैयाहाट में भी अब डांडिया का आयोजन इस वर्ष किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर शांति ब्यबस्था पर पूरी तरह से नजर रखने की बातों पर बल दिया। वहीं कार्यक्रम को लेकर जिला खेल एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी प्राण महतो ने कहा कि गोड्डा में सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन लगातार हो रहा है।

## एचडीएफसी बैंक डकैती मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली, 2 से पूछताछ जारी

**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देवघर जिले के मधुपुर के राजबाड़ी रोड स्थित एचडीएफसी बैंक से 4 करोड़ से अधिक की डकैती की घटना के 3 दिन बाद भी पुलिस को कोई अहम सुराग नहीं मिल पाया है. पुलिस ने मधुपुर के जमुनियाटांड़ व नावाहार से एक-एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. दोनों से गोपनीय स्थान पुलिस पूछताछ कर रही है. घटना के बाद गठित एसआइटी की टीम लगातार मामले की जांच कर रही है.

**पुलिस ने 2 बार किया एचडीएफसी बैंक का दौरा**

सआइटी टीम के सदस्य मधुपुर एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, सारठ एसडीपीओ रंजीत कुमार लकड़ा और देवघर हेडक्वार्टर डीएसपी वेंकटेश कुमार ने एचडीएफसी बैंक पहुंचकर विभिन्न बिंदुओं पर जांच की. पुलिस की टीम दिन में 2 बार बैंक पहुंची और अधिकारियों व कर्मचारियों से भी पूछताछ की. अनुसंधान में मधुपुर थाने की पुलिस टीम के अलावा टेक्निकल टीम लगातार सुराग ढूंढ़ने के प्रयास में लगी है. पुलिस अधिकारी प्रत्येक बिंदु की गहनता से जांच पड़ताल कर रहे हैं. कांड का उदभेदन के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम दिन-रात लगी हुई है. बिहार, झारखंड के कई जिलों के पुलिस कप्तान को भी सीसीटीवी से बरामद फुटेज को भेजकर सहयोग लिया जा रहा है.




**डकैतों ने फोन का इस्तेमाल किया या नहीं, इसकी भी हो रही जांच**

घटना के समय व भागने के दौरान डकैतों ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया है या नहीं, पुलिस इसकी भी जांच कर रही है. तकनीकी सेल लगातार अपने कार्य में लगा है. हालांकि, अपराधियों द्वारा नेट कॉलिंग के माध्यम से भी आपस में जुड़े रहने की आशंका जतायी जा रही है. इसके लिए राउटर कर भी प्रयोग की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता.

**तीसरे दिन भी सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही पुलिस की टीम**

पुलिस की टीम तीसरे दिन भी बैंक, बाजार, गली मोहल्ले में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालती रही. बैंक समेत कई स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज स्पष्ट नहीं होने के कारण पुलिस को परेशानी हो रही है. अपराधियों ने भागने के दौरान जिस रास्ते का प्रयोग किया, उस रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी देखा जा रहा है.

**बुढ़ई, मारगोमुंडा व बेंगाबाद थाना पुलिस की ली जा रही मदद**

इसके लिए मधुपुर के अलावा बुढैई, मारगोमुंडा और गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना समेत कई थानों की पुलिस से सहयोग ली जा रही है. वहीं, जिन सुनसान गलियों का इस्तेमाल अपराधियों ने भागने के लिए किया है, इससे आशंका जतायी जा रही है कि अपराधियों का लोकल लिंक है.

## गोबिंदडीह-आलगपाथर जर्जर सड़क व क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत की मांग तेज

**रानीश्वर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रानीश्वर प्रखंड के गोबिंदपुर पंचायत के गोबिंदडीह से गोबिंदपुर, चांपाफुली होते हुए आलगपाथर तक जर्जर सड़क के मजबूतीकरण तथा गोबिंदपुर-चांपाफुली के बीच क्षतिग्रस्त पुल के पहुंच पथ की मरम्मत की मांग ग्रामीणों ने की है. वर्षों से इस सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण इसकी स्थिति बदतर हो गयी है. सड़क पर से पत्थर उखड़ चुके हैं, जिससे पैदल चलना, साइकिल और बाइक चलाना भी मुश्किल हो गया है. इस रास्ते से आलगपाथर, चांपाफुली आदि गांवों के बच्चे गोबिंदपुर मिडिल स्कूल और आमजोड़ा हाई स्कूल तक जाते हैं. पंचायत के लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता है. बारिश के दिनों में आलगपाथर से चांपाफुली तक कच्ची सड़क की स्थिति और खराब हो जाती है. हाल ही में भारी बारिश से गोबिंदपुर-चांपाफुली के बीच पुल का गार्डवाल टूट गया. उस पर बनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा भी पानी में गिर गयी. प्रतिमा चांपाफुली गांव के उदय राय ने बनवायी थी. ग्रामीणों का कहना है कि पुल का गार्डवाल और पहुंच पथ ठीक नहीं हुआ तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है. ग्रामीणों ने बताया कि पुल का गार्डवाल कमजोर हो चुका था. बारिश में वह ध्वस्त हो गया. सड़क किनारे बनी खाई का आकार भी लगातार बढ़ रहा है. लोगों ने आशंका जतायी कि मरम्मत में देरी हुई तो हादसा कभी भी हो सकता है. ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई में देरी हुई तो वे स्वयं बांस बांधकर अस्थायी इंतजाम करेंगे. सड़क और पुल की मरम्मत की मांग करने वालों का कहना है कि पीडीएस का राशन लेने, बच्चों के स्कूल जाने, मवेशियों को चराने तक के लिए इसी रास्ते का उपयोग करना पड़ता है. सड़क और पुल की तत्काल मरम्मत जरूरी हो गयी है.

> **हाल ही में भारी बारिश से गोबिंदपुर-चांपाफुली के बीच पुल का गार्डवाल टूट गया**

## मौखिक रूप से हटाकर दूसरे की बहाली पर जताया विरोध, प्रदर्शन

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड समन्वयक एवं प्रखंड मोबलाइजर के पद पर कार्यरत कर्मियों में रोष

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड समन्वयक एवं प्रखंड मोबलाइजर के पद पर कार्यरत कर्मियों ने मंगलवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने कहा कि वे सभी पिछले 15 वर्षों से स्वच्छ भारत मिशन में कार्य कर रहे हैं. लेकिन अचानक स्वच्छ भारत मिशन में उनके इतने साल के योगदान को नजरअंदाज कर दूसरे नये लोगों को आउटसोर्सिंग के तहत बहाल कर लिया गया है. उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले को ओडीएफ करने में उन लोगों ने दिन-रात योगदान दिया था. उनके मेहनत की बदौलत जिले को ओडीएफ किया गया. लेकिन आज उन्हें मौखिक रूप से हटाया दिया जा रहा है और उनके बदले नये लोगों को रखा जा रहा है. उन्होंने कहा कि नये लोगों को बहाल करने में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जुड़े लोगों ने ही अपनी भूमिका निभायी है. उन्होंने आउटसोर्सिंग एनजीओ के माध्यम से अपने भाई, भतिजे व रिश्तेदार को कार्य करने के लिए इसमें रखवाया है. कर्मियों ने कहा कि उनका रोजगार चले जाने से 42 कर्मियों के घर में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी. कर्मियों ने कहा कि पिछले 15 सालों से वे अपने जीवन का बहुमूल्य समय स्वच्छ भारत मिशन अभियान में दे दिये हैं. अब वे हटाये जाने के बाद कहां जायेंगे, यह उन्हें नहीं सूझ रहा है. कर्मियों ने उपायुक्त से मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुये जांच कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है. मौके पर विपिन कुमार, पंकज सोनी, तृप्ति भानु, रशीदा खातून, महताब आलम, दिलीप कुमार यादव, अभय पाल, राहुल कुमार, मो नौशाद अहमद, उषा कुमारी, विपिन कुमार पांडेय, विकास कुमार ठाकुर, अमीषा कुमारी आदि कर्मी शामिल थे.

## अमेरिकी शुल्क भारत की वृद्धि के लिए बड़ा जोखिम: क्रिसिल इंटेलिजेंस




**कोलकाता, एजेंसी।** क्रिसिल इंटेलिजेंस ने अपनी सितंबर की रिपोर्ट में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के उच्च शुल्क लगाने से देश की वृद्धि के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क भारतीय वस्तुओं के निर्यात और निवेश दोनों को प्रभावित करेंगे। हालांकि, क्रिसिल इंटेलिजेंस ने यह भी कहा कि कम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित घरेलू खपत से वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है। देश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। इसमें यह भी कहा गया कि कृषि क्षेत्र की अच्छी वृद्धि से खाद्य मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने की उम्मीद है, हालांकि अत्यधिक वर्षा के प्रभाव का अभी पूरी तरह से आकलन नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि कच्चे तेल की कम कीमतों और वैश्विक स्तर पर जिंस कीमतों में नरमी से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति पर लगाम लगने की उम्मीद है।

## एनटीपीसी ने 2024-25 के लिए सरकार को 3,248 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में बिजली मंत्रालय को 3,248 करोड़ रुपए का भुगतान किया। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल के साथ 25 सितंबर को बिजली सचिव पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में बिजली मंत्री मनोहर लाल को अंतिम लाभांश सौंपा। बयान में कहा गया कि यह राशि नवंबर 2024 में 2,424 करोड़ रुपए के पहले अंतरिम लाभांश और फरवरी 2025 में दिए गए 2,424 करोड़ रुपए के दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भुगतान किया गया कुल लाभांश 8,096 करोड़ रुपए है, जो 10 रुपए अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 8.35 रुपए बैठता है। यह लगातार 32वां वर्ष है, जब एनटीपीसी लिमिटेड ने लाभांश का भुगतान किया।

# जीएसटी कटौती से 25 फीसदी तक बढ़ी खरीदारी

### ● ब्रिक्स समर्थित बैंक मार्च तक लाएगा रुपया आधारित बॉन्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी दरों में कटौती से इस सीजन में उपभोक्ता व्यवहार में तेजी देखी जा रही है। इससे महानगरीय व उभरते बाजारों में त्योहारी मांग में 23-25 फीसदी की बढ़त हुई है। नवरात्र के पहले दिन बड़ी स्क्रीन वाले टीवी, मध्यम श्रेणी के फैशन और फर्नीचर सहित कई उच्च मांग वाली श्रेणियों में कर की दरें कम हो गई हैं। इससे उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिल रहा है। जीएसटी के बदलावों ने खुदरा कीमतें कम करने के साथ खरीदारों को छूट की रणनीति से आगे बढ़कर अधिक खरीदारी करने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों की भागीदारी बढ़ी है और विवेकाधीन खर्च में वृद्धि को बढ़ावा मिला है। रेडसीर के अनुसार, बड़े टीवी पर जीएसटी को 28 से घटाकर 18 फीसदी करने से खुदरा कीमतों में 6 से 8 फीसदी की गिरावट आई है। इससे प्रीमियम मॉडलों की मांग बढ़ी है। 2,500 रुपये से कम कीमत वाली फैशन वस्तुओं पर 5 फीसदी जीएसटी से मध्यम बाजार के परिधानों की खरीदारी को बढ़ावा मिल



रहा है। नवरात्र के पहले दो दिनों में बिक्री सालाना आधार पर 23-25 फीसदी बढ़ी है। यह पिछले साल की शुरुआत की तुलना में चार से पांच गुना अधिक है। यूजर फीडबैक से पता चला कि मांग इतनी ज्यादा थी कि कुछ एप्स ऑर्डर देने के कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गए।

**मुथूट फिनकॉर्प पर 2.7 लाख का जुर्माना:** आंतरिक लोकपाल से जुड़े कुछनियमों के उल्लंघन पर आरबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प लि. पर 2.7 लाख का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को कहा, 31 मार्च, 2024 तक कंपनी की वित्तीय स्थिति के वैधानिक निरीक्षण के बाद नोटिस जारी किया गया था।

## अमेरिका से 196000 से अधिक वाहन वापस बुलाएगी बीएमडब्ल्यू

कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू इंजन में खराबी के बाद अमेरिका से अपने 1,96,000 से ज्यादा वाहनों को वापस बुलाएगी। इंजन में खराबी के कारण इसमें जंग लगने की समस्या से ओवरहीटिंग और शॉर्ट सर्किट हो सकता है। इससे आग लगने का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि इसके चलते टोयोटा सुप्रा और 2022 बीएमडब्ल्यू 230 आई वाहनों सहित कई मॉडलों पर प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या भारतीय सौर ऊर्जा कंपनी वारी एनर्जीज ने चीन में निर्मित सेल और पैनलों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए उन्हें भारत में निर्मित बताकर उन पर शुल्क लगाया है।

## ब्रिक्स समर्थित बैंक मार्च तक लाएगा रुपया आधारित बॉन्ड

ब्रिक्स देशों के समर्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) मार्च के अंत से पहले घरेलू बाजार में पहला भारतीय रुपया मूल्यवर्गित बॉन्ड जारी कर सकता है। इस योजना के लिए आरबीआई के साथ बात हो रही है। एनडीबी ने पहले चीनी युआन व दक्षिण अफ्रीकी रैंड मुद्रा में धन जुटाया है। बैंक पहली किस्त में 3-5 साल के बॉन्ड से 40 करोड़ डॉलर से 50 करोड़ डॉलर की रकम जुटा सकता है। यह योजना ऐसे समय में आई है जब चीन व भारत अपनी मुद्राओं की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं व निवेशक विकसित बाजारों से परे अपनी परिसंपत्तियों में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में चीन ने हांगकांग में युआन बॉन्ड के विकास का समर्थन करने के लिए उपाय शुरू किए।

## 2 हिस्सों में बंट जाएगा टाटा मोटर्स का बिजनैस, एनसीएलटी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स लिमिटेड को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एन.सी.एल.टी.) की मुंबई बैंच से अपने रीस्ट्रक्चरिंग प्रोग्राम के लिए मंजूरी मिल गई, जिससे 1 अक्तूबर से उसके पैसेंजर व्हीकल्स और कमर्शियल व्हीकल्स बिजनैस के अलग होने का रास्ता साफ हो गया है। एन.सी.एल.टी. ने अपने आदेश में उस पूरी व्यवस्था योजना को मंजूरी दे दी, जिसके तहत टाटा मोटर्स के कमर्शियल व्हीकल्स बिजनैस को टीएमएल कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमएलसीवी) में अलग किया जाएगा, जबकि पैसेंजर व्हीकल्स बिजनैस को टाटा मोटर्स के नाम अधीन समेकित किया जाएगा, जिसका नाम बदलकर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड कर दिया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा मोटर्स की ये दोनों कंपनियां स्वतंत्र रूप से लिस्ट होंगी और शेयरहोल्डरों को टाटा मोटर्स में रखे गए प्रत्येक शेयर के बदले टीएमएलसीवी का 1 शेयर मिलेगा। इस योजना में कमर्शियल व्हीकल यूनिट को 2,300 करोड़ रुपए मूल्य के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर ट्रांसफर करने का भी प्रावधान है। टाटा मोटर्स ने कहा कि इस कदम से वैल्यू में बढ़ौतरी होगी और दोनों बिजनैस को ज्यादा रणनीतिक फोकस, बेहतर गतिशीलता और स्पष्ट पूंजी आबंटन मिलेगा। पुनर्गठन से पहले टाटा मोटर्स ने अपनी लीडरशिप में भी कई बड़े बदलाव किए हैं। कमर्शियल व्हीकल (सी.वी.) डिवीजन का नेतृत्व कर रहे गिरीश वाघ, टीएमएलसीवी के एम.डी. और सी.ई.ओ. का कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में पैसेंजर ई.वी. वर्टिकल का नेतृत्व कर रहे शैलेश चंद्रा, टाटा मोटर्स के एम.डी. और सी.ई.ओ. बनेंगे, जो पैसेंजर व्हीकल बिजनैस को देखेंगे। इस बदलाव में फाइनैंशियल लीडरशिप में भी बदलाव शामिल है। ग्रुप के चीफ फाइनैंशियल ऑफिसर पी.बी. बालाजी 17 नवंबर को अपने पद से इस्तीफा देकर यूनाइटेड किंगडम में जगुआर लैंड रोवर पीएलसी के सी.ई.ओ. का पद संभालेंगे। उनकी जगह धीमान गुप्ता लेंगे, जो वर्तमान में टाटा पैसेंजर इलैक्ट्रिक मोबिलिटी के सी.एफ.ओ. हैं और टाटा मोटर्स में ग्रुप सी.एफ.ओ. की भूमिका निभाएंगे।

## रसोई गैस ग्राहक ध्यान दें!

# बिना कनेक्शन बदले ही सिम पोर्ट की तरह चेंज कर पाएंगे कंपनी

### कनेक्शन को बदले बिना अनुमति मिल जाएगी

### पोर्टेबिलिटी की अनुमति देने की बात कर रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप अपने रसोई गैस आपूर्तिकर्ता से नाराज हैं अगर ऐसा है तो जल्द ही आपको राहत मिलने वाली है। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह ही, रसोई गैस उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिल जाएगी।

इससे उन्हें अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी। तेल नियामक पीएनजीआरबी ने एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी मसौदे पर हितधारकों और उपभोक्ताओं की टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नोटिस में कहा कि ऐसी स्थितियों में जहां किसी स्थानीय वितरक को परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, उपभोक्ताओं के पास अक्सर सीमित विकल्प होते हैं और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इसमें कहा गया, अन्य कारण भी हो सकते हैं, और उपभोक्ता को एलपीजी कंपनी या डीलर चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत समान हो।

तत्कालीन संप्रग सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शनों की पायलट पोर्टेबिलिटी शुरू की थी और जनवरी 2014 में इसे पूरे भारत में विस्तारित करते हुए 480 जिलों को इसमें शामिल किया था। हालांकि, उपभोक्ताओं को 2014 में केवल अपने डीलर बदलने के सीमित विकल्प दिए गए थे, तेल कंपनी नहीं।



उस समय कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी कानूनी रूप से संभव नहीं थी, क्योंकि कानून के अनुसार किसी विशेष कंपनी के एलपीजी सिलेंडर को रिफिल के लिए केवल उसी कंपनी को जमा करना होता था। पीएनजीआरबी अब कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी की अनुमति देने की बात कर रहा है। नियामक ने कहा, पीएनजीआरबी, एलपीजी आपूर्ति की निरंतरता को मजबूत करने और उपभोक्ताओं के विश्वास की रक्षा के लिए उपभोक्ताओं, वितरकों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य हितधारकों से ऐसे उपायों पर विचार और सुझाव आमंत्रित करता है जिनसे समय पर रिफिल की सुविधा मिल सके। टिप्पणियां मिलने के बाद पीएनजीआरबी एलपीजी पोर्टेबिलिटी के लिए नियम और दिशानिर्देश तैयार करेगा और देश में इसे लागू करने की तारीख तय करेगा।

### दुनियाभर में बज गई खतरे की घंटी

## एआई को लेकर दी चेतावनी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर की कई बड़ी कंपनियों में हाल के महीनों में कर्मचारियों की छंटनी की खबरें सामने आई हैं। अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, इंटेल जैसी कंपनियों ने सैकड़ों कर्मचारियों को काम से हटाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका मुख्य कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेजी से अपनाया जाना और ऑटोमेशन में बदलाव है। वॉलमार्ट के सीईओ डग मैकमिलन ने भी चेतावनी दी है कि एआई कई नौकरियों को प्रभावित करेगा और वर्कफोर्स की संरचना बदल देगा। उन्होंने कहा, आने वाले समय में काम करने के हर पहलू पर एआई का असर देखने को मिलेगा। यह बिल्कुल साफ है कि ्द्व हर नौकरी को किसी न किसी रूप में बदल देगा। मैकमिलन ने कहा कि एआई के बढ़ते प्रभाव से लेबर मार्केट में बदलाव हमारी



उम्मीदों से कहीं अधिक होगा। की रिपोर्ट के अनुसार, फोर्ड, जेपी मॉर्गन चेज और अमेज़न जैसी कंपनियों ने भी इसी तरह की चेतावनी दी है। 2.1 मिलियन कर्मचारियों वाली दुनिया की सबसे बड़ी एम्प्लॉयर कंपनी वॉलमार्ट ने बताया कि अगले तीन सालों में कुल कर्मचारियों की संख्या स्थिर रहेगी, लेकिन कई काम करने के तरीके बदलेंगे और इससे कुछ नौकरियां समाप्त होंगी। पहले ही वेयरहाउस ऑटोमेशन, एआई-ड्रिवेन चैटबॉट और बैकस्टोर ऑटोमेशन में कई जॉब खत्म हो चुकी हैं।

## 1 लाख करोड़ से ज्यादा का इंवेस्टमेंट; कंपनियों की लग गई लाइन

### ● साबित हुआ शानदार, भारत को मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के दूसरे दिन 21 कंपनियों ने समझौते किए। इससे इस कार्यक्रम में निवेश के लिए समझौतों की कुल वैल्यू 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन 21 कंपनियों ने 25,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का वादा किया।

भारत मंडपम में समिट के दूसरे दिन ग्लोबल रेगुलेटर्स, इंडस्ट्री लीडर्स, स्टार्टअप और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। बातचीत में सस्टेनेबिलिटी, टेक्नोलॉजी, निवेश और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर ध्यान दिया गया। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने कार्यक्रम के पांच स्तंभों पर केंद्रित 13 सत्र आयोजित किए। इसमें पेट फूड, स्पेशिलटी फूड, न्यूट्रस्यूटिकल्स, शराब और प्लांट-बेस्ड फूड जैसे मुख्य विषय शामिल थे। बयान में कहा गया कि इस दिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, झारखंड और बिहार जैसे भागीदार राज्यों के साथ न्यूजीलैंड, वियतनाम, जापान और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के सेशन भी हुए। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और विश्व बैंक ने भी चर्चाएं आयोजित कीं। बयान में कहा गया कि सम्मेलन में कृषि और खाद्य




प्रसंस्करण में सहयोग को मजबूत करने के लिए रूस और पुर्तगाल के समकक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। इसी समय, भारत समुद्री खाद्य निर्यातक संघ द्वारा आयोजित 24वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो में देश की बढ़ती समुद्री खाद्य निर्यात क्षमता और वैश्विक बाजार के संबंध दिखाए गए।

### सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड, चांदी की भी बढ़ी कीमत

## कमजोर रुपए, शेयर बाजार की गिरावट के बीच गोल्ड-सिल्वर की बढ़ी मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में सोना और चांदी हमेशा से निवेशकों के लिए सुरक्षित और पारंपरिक विकल्प माने जाते हैं। जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव या रुपए में कमजोरी आती है, निवेशक अपनी पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए सोने और चांदी की ओर रुख करते हैं। इसी कारण बीते सप्ताह में रुपए की गिरावट और शेयर बाजार में कमजोरी के बीच सोने-चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली।

कमजोर रुपए और वैश्विक बाजार से मिले समर्थन के चलते सोने की कीमतों में तेज़ी दर्ज की गई। हफ्तेभर में सोना लगभग 800 से 1,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि फेस्टिव सीजन के करीब आने के कारण भी मांग में वृद्धि हुई, जिससे सोने की कीमतों को मजबूती मिली।

सोने के साथ-साथ चांदी में भी उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के कमजोर पड़ने और इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ने के कारण चांदी की कीमत हफ्तेभर में 1,500 से 2,000 रुपए प्रति किलो तक बढ़ गई। घरेलू बाजार में यह निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। बीते दिनों भारतीय रुपए ने डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी दिखाई। गुरुवार को एक डॉलर की कीमत 88.76 रुपए तक पहुंच गई। चूंकि भारत में सोना और चांदी का बड़ा हिस्सा आयात किया जाता है, रुपए



के मूल्य में गिरावट सीधे इन धातुओं की कीमतों को बढ़ा देती है। सेंसेक्स और निफ्टी में इस हफ्ते भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 3प्रतिशत नीचे बंद हुए, जबकि निफ्टी बैंक 2 प्रतिशत टूटा। आईटी सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित रहा, निफ्टी आईटी इंडेक्स 8 प्रतिशत गिरा और टीसीएस ने पांच साल में सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन दिया। कुल मिलाकर 43 निफ्टी शेयर नुकसान में रहे और बीएसई लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में लगभग 16 लाख करोड़ रुपए की कमी आई। इस गिरावट ने निवेशकों को सुरक्षित विकल्प की ओर आकर्षित किया, जिससे सोना और चांदी की कीमतों में तेजी बनी रही।

### अब विदेश से यूरेनियम का खनन करेगा भारत खदानों की पहचान के लिए

## एनटीपीसी नियुक्त करेगी सलाहकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनटीपीसी का यह कदम न सिर्फ उसकी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत को भी स्वदेशी परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा। विदेशों से यूरेनियम खदानों में हिस्सेदारी लेने से भारत को वैश्विक बाजार पर कम निर्भर रहना पड़ेगा। इससे आने वाले वर्षों में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेज गति मिल सकती है। ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी यूरेनियम की सप्लाई सुनिश्चित करने के कदम उठा रही है। इसके तहत कंपनी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी। यह कदम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया जाएगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला एनटीपीसी के भविष्य के स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराने की योजना




का हिस्सा है। अभी एनटीपीसी का फोकस न सिर्फ थर्मल और सोलर ऊर्जा पर है, बल्कि वह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है। फिलहाल एनटीपीसी, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत राजस्थान में एक बड़ा परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित कर रही है। इस प्रोजेक्ट में एनटीपीसी की 49 हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीसीआईएल की 51 हिस्सेदारी रहेगी। इस प्रोजेक्ट का कुल निवेश लगभग 42000 करोड़ रुपये है। इसका नाम माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट (एमबीआरएपीपी) रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांसवाड़ा में इस परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना अनुषक्ति विद्युत निगम लिमिटेड नाम के संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के जरिए स्थापित की जा रही है। हाल ही में बताया कि कंपनी भविष्य में स्वतंत्र परमाणु परियोजनाएं स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए कंपनी कई न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। इससे एनटीपीसी को अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो को और विविध बनाने का मौका मिलेगा।

## विदेशी यूरेनियम खदानों की तलाश

कंपनी के एक अधिकारी ने बताया, हम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं। यह समझौता विदेशी यूरेनियम खदानों की टेक्नो-कमर्शियल जांच के लिए होगा। बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। यह सलाहकार कई देशों में यूरेनियम खदानों के संभावित स्थानों की पहचान करेगा और फिर एनटीपीसी यह तय करेगी कि किन खदानों में निवेश करना है। मूल्यांकन के दौरान भंडार की मात्रा, लॉजिस्टिक लागत, और अन्य कारकों को ध्यान में रखा जाएगा। इससे एनटीपीसी को भविष्य में यूरेनियम की स्थायी सप्लाई सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# थाना प्रभारी ने लोगों के साथ चलाया सफाई अभियान

## स्वच्छता का दिया संदेश, लोगों ने की अभियान की प्रशंसा



**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** दुर्गा पूजा को लेकर जिले में सुरक्षा और सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार पहल कर रहा है। इसी कड़ी में पुलिस कप्तान गिरिडीह डॉ. विमल कुमार ने जिले का सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता रखने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी। इसी क्रम में रविवार को बेंगाबाद थाना प्रभारी स्वयं सड़क पर उतरे और पुलिस बल व स्थानीय लोगों के साथ मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों ने झाड़ू लगाकर सड़कों की सफाई की और आसपास की गंदगी को भी हटाया। थाना प्रभारी ने मौके पर उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा जैसे बड़े त्योहार पर सभी लोग स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और गंदगी फैलाने से बचें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से श्रद्धालुओं को सुविधा होगी और बीमारियों से भी बचाव संभव है।

पुलिस की इस पहल से प्रभावित होकर कई स्थानीय लोग भी अभियान में शामिल हो गए। उपस्थित लोगों ने थाना प्रभारी की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान से समाज को अनुशासन और जिम्मेदारी का संदेश मिलता है। दुर्गा पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में पुलिस और प्रशासन की तैयारियां श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अहम मानी जा रही हैं। मौके पर झामुमो के जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह,समाजसेवी संजय राणा, तरुण कुमार,रामलाल मंडल, मनीष कुमार समेत कई अन्य लोग भी शामिल रहे।

## नौकरी के नाम पर ठगी की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा थाना में विशाल कुमार ने सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी करने का आरोप लगाते हुए केस किया है। राजभवन सचिवालय में क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर 7.5 लाख रुपये की ठगी किए जाने का आरोप लगाया गया है। विशाल कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी मुलाकात शंभू चौधरी, परवेज खान और आशीष निशांत से हुई थी। इन तीनों ने मिलकर उन्हें राजभवन सचिवालय में क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा दिया और साढ़े सात लाख की भारी रकम ऐंठ ली। विशाल कुमार का आरोप है कि यह पैसा देने के दो साल बाद भी न तो उन्हें नौकरी मिली और न ही पैसा वापस किया गया। उल्टा, जब उन्होंने पैसे की मांग की तो धमकी, गाली गलौज और टालमटोल का सामना करना पड़ा। विशाल ने आगे बताया कि ठगी यहीं तक सीमित नहीं रही। आरोपित परवेज खान के कहने पर उन्होंने अपनी सोने की चेन आइआइएफएल शहीद चौक में गिरवी रखी, जिसके माध्यम से 33 हजार का लोन लिया गया। यह लोन परवेज खान के आधार कार्ड से पास हुआ, क्योंकि उसके पास स्थानीय (लोकल) आधार कार्ड था।

## पूजा पंडाल में महिलाओं ने किया शस्त्र पूजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय महिला परिषद के नेतृत्व में नवरात्रि के अवसर पर कोलडीहा मंडप में शस्त्र पूजन किया गया। मौके पर राष्ट्रीय महिला परिषद के जिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा ओजस्विनी से अंकित,प्रियांसि, काजल, मुस्कान और काफी संख्या में महिलाएं और बच्चियां मौजूद थी।

# दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि-व्यवस्था को ले प्रशासन चौकस

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड द्वारा दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण हेतु निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने समस्त जिले वासियों को दुगार्पूजा की शुभकामनाएं देते हुए जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन करने तथा सौहाद्र एवं शांतिपूर्ण वातावरण में दुगार्पूजा के त्यौहार को मनाने की अपील की है। पूजा समाप्ति के उपरान्त मैदान में बने सभी गड्ढों को भरा जाएगा और मैदान को पूर्ववत खेलने योग्य बना दिया जाएगा। अग्नि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष की तरह 20 अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की जाएगी, भीड़ नियंत्रण हेतु समिति द्वारा 50 निजी सुरक्षा कर्मी नियुक्त किए जाएंगे तथा प्रशासन की सहायता हेतु 100 स्वयंसेवक उपलब्ध रहेंगे। दर्शनार्थियों हेतु प्रवेश एवं निकास के लिए पृथक मार्ग बनाए जाएंगे, पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग कतारें होंगी। आपातकाल हेतु अलग निकास मार्ग की व्यवस्था होगी, सफाई हेतु समिति द्वारा 20 मजदूर एवं 40 डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी तथा प्रतिदिन तीन शिफ़्ट में सफाई होगी। स्कूल समय के दौरान लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाएगा। शोर-प्रदूषण नियमों का पालन होगा। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं होगा।

पंडाल/गेट का निर्माण गैस गोदाम, ट्रांसफार्मर, विद्युत तार, रेलवे लाइन आदि से सुरक्षित दूरी पर हो पंडाल निर्माण में नायलॉन व सिंथेटिक कपड़े का प्रयोग न हो , महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश/निकास की व्यवस्था, तथा महिलाओं व बच्चों हेतु विशेष सुविधा आपात स्थिति में अलग निकास मार्ग भवन निर्माण विभाग के अभियंता से संरचना की मजबूती का प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य बिजली वायरिंग सुरक्षित ढंग से हो, अर्थिंग की व्यवस्था हो, सभी उपकरण नियमित जाँचें जाएं।

विद्युत नियंत्रण कक्ष स्पष्ट रूप से चिह्नित स्थान पर हो पंडाल के समीप से गुजरने वाले विद्युत तारों को ऋक्क वायर के सहारे पर्याप्त ऊँचाई पर ले जाया जाए पूजा हेतु केवल स्वीकृत केवीए जनरेटर का प्रयोग, तथा पंडाल से सुरक्षित दूरी पर रखना बिजली कनेक्शन जेबीवि नएल से अनुमोदन प्राप्त कर लेना पंडाल में ज्वलनशील पदार्थ न रखा जाए पंडाल के अंदर अग्निशमन यंत्र, पानी, रेत की बाल्टी व रबर होज की व्यवस्था। फूड स्टॉल/मेला केवल अनुमति मिलने पर और पंडाल से पर्याप्त दूरी पर ।दुकानदारों द्वारा मार्ग में बाधा न बने, श्रद्धालु के साथ दुर्व्यवहार न हो भीड़ में चोरी/पॉकेटमारी की घटना पर मारपीट न कर अपराधी को पुलिस को सौंपें।

## सुमित बने झामुमो के केंद्रीय समिति के सदस्य



**गिरिडीह।** माहुरी वैश्य महामंडल के उपाध्यक्ष गिरिडीह के निवासी सुमित कुमार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के तेराहवें केंद्रीय महाधिवेशन में केंद्रीय समिति सदस्य बनाए जाने पर माहुरी समाज ने प्रसन्नता व्यक्त की है। तमाम महामंडल के पदाधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। बधाई देने वालों में महामंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश सेठ, अनिल गुप्ता, राजेंद्र तरवे, उमाशंकर चरणपहाड़ी, प्रदीप कुमार, अनुज सेठ, संजय कंधवे, प्रमोद कुमार, मनीष आकाश, कंचन एकघरा, रेणु कुमारी, केंद्रीय महिला समिति से प्रतिमा सेठ, उमा देवी, मीना कुमारी, पूर्व महिला अध्यक्ष पूनम प्रकाश, केंद्रीय नवयुवक समिति से संजीत तरवे, साहिल एकघरा, हरिमोहन कंधवे, अतुल सेठ गिरिडीह मंडल से गोपाल भदानी, अरुण कुमार, आकाश सुमन, जमुआ से पत्रकार आशीष भदानी आदि शामिल रहे।

# गिरिडीह और धनबाद के कोचिंग सेंटरों के प्रतिनिधि मिले मंत्री से

## विधेयक में संशोधन की रखी मांगें



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह और धनबाद कोचिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधि नगर विकास मंत्री व उच्च शिक्षा और टेक्निकल शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मिले और कोचिंग सेंटर पर लाया गया विधेयक पर फिर से विचार करने की बात कही। कोचिंग सेंटर के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस विधेयक से छोटे कोचिंग सेंटर बंद हो जायेंग। मंत्री ने पूरी बात को सुनकर कहा कि इसपर संज्ञान लिया जाएगा। ज्ञापन में विस्तार से लिख कर दिया है, विचार करेंगे बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड कुछ कोचिंग सेंटर वाले, पढ़ाई कम राजनीति और नेताओं के साथ मंच साझा करने में ज्यादा इंट्रेस्ट लेते है या तो पूरी तरीके से राजनीति करें या पढ़ाने का काम करें। झूठी प्रोपगेंडा नहीं चलने देंगे। इसपर कोचिंग सेंटर वालों ने कहा कि बड़े-बड़े कोचिंग सेंटर जो झारखंड को लूटने का प्रयास कर राजनीतिकरण कर रहे है उनको चिन्हित कर के एक्शन लेने से सुधार होगा।

आज गिरीडीह कोचिंग संगठन एप्टा एवं धनबाद कोचिंग संगठन डी सी ए का प्रतिनिधि मंडल संयुक्त रूप से मंत्री से उनके आवास पर मुलाकात की तथा उन्हें कोचिंग सेंटर विधेयक 2025 में संसोधन करने हेतु एक ज्ञापन सौंपा। धनबाद कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार,कोषाध्यक्ष कुमार प्रशांत,संरक्षक संजय आनन्द,सक्रिय सदस्य रूपेश मंडल और जय रवानी ने कहा जल्द ही यह विधेयक कानून बनकर पूरे राज्य में लागू होने वाला है। और इस कानून की जद में सभी कोचिंग सेंटर आएंगे और मुश्किलों का सामना करेंगे। इसलिए जल्द से जल्द अपने अपने जिले में बैठक कर सभी कोचिंग सेंटर को जानकारी दिया जाय,जागरूक किया जाय।

गिरिडीह के एप्टा के संरक्षक राजेश सिन्हा, अधिकारी सूरज नयन, अधिकारी विकाश तिवारी, अधिकारी आलोक मिश्रा, अधिकारी निशांत भास्कर के साथ सभी अधिकारी और मेंबर ने कहा, अभी समय है एकजुट होकर सरकार के समक्ष इस कानून की जटिलताओं को स्पष्ट रूप से रखकर इस बिल में कुछ राहत योग्य संशोधन के लिए आग्रह किया जाए। इसी के निमित्त आज मंत्री से मुलाकात की गई है क्योंकि इस बिल का अनुपालन नहीं करने पर लगभग 90% कोचिंग सेंटर भविष्य में बंद हो सकते हैं। क्योंकि 10% कोचिंग सेंटर बड़े ब्रांड हैं, उनका वार्षिक टर्नओवर लाखों करोड़ों में है। इन्हें शायद ही कोई फर्क नहीं पड़ेगा। फर्क तो पड़ेगा वैसे 90% कोचिंग सेंटर को जिनके पास 50 से 500 स्टूडेंट्स है, जिनकी फीस बहुत कम है वो सर्वाइव नहीं कर पाएंगे। मंत्री ने सकारात्मक रूप से हमारी मांग पर विचार करने की बात कही,आज ड्रीम एकेडमी में बैठक भी हुई और दोनों जिला के कोचिंग सेंटर के कई सदस्य और अधिकारियों पर भी चर्चा की गई ।

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर बेंगाबाद प्रशासन पूरी तरह से सजग और सक्रिय नजर आ रहा है। रविवार को बेंगाबाद थाना से अंचलाधिकारी अमीर हमजा एवं थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन ने यह साफ कर दिया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाना सभी की जिम्मेदारी है।

फ्लैग मार्च बेंगाबाद थाना परिसर से शुरू होकर बेंगाबाद बाजार, डाकबंगला, मानजोरी, मोतीलेदा, खुरचुट्टा, महेशमुंडा, छोटकी खरगडीहा, सोनबाद समेत पूरे थाना क्षेत्र के मुख्य चौक-चौराहों एवं संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें शांति बनाए रखने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की अंचलाधिकारी अमीर हमजा ने कहा कि दुर्गा पूजा जिले का सबसे बड़ा पर्व है, ऐसे में समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है कि आपसी भाईचारा कायम रखते हुए त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। वहीं थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन 24 घंटे मुस्तैद है और हर चौक-चौराहे पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि या गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी फ्लैग मार्च में एसआई विजय मंडल, उदय नारायण सिंह, एएसआई सुनील तिर्की, बुद्धेश्वर सरदार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

पुलिस बल की उपस्थिति से स्थानीय लोगों में भरोसा जगा और उन्होंने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रियता दिखा रहा है।

फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि दुर्गा पूजा के दौरान बेंगाबाद में कानून-व्यवस्था दुरुस्त और चाक-चौबंद रहेगी।

## सड़क हादसे में मासूम की मौत

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा-जगन्नाथपुर मुख्य मार्ग पर सिंहपोखरिया रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। सुबह की सैर पर निकले 10 वर्षीय मासूम की मालवाहक वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे और शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। पूंजीपति निर्दोष गरीब मजदूरों की बलि चढ़ाना बंद करो पूंजीपतियों की दलाली बंद करो मंत्री दीपक बिरुवा शर्म करो, मंत्री होश में आओ के नारे लगाये । सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार और मुफस्सिल थाना प्रभारी चंद्रशेखर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों से वार्ता की और समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण मंत्री को बुलाने की जिद पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक मंत्री आमने-सामने बात नहीं करेंगे, तब तक सड़क जाम हटेगा नहीं। ग्रामीण नेता मुंडा सोना सवैयां ने कहा कि इस मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन न तो सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे।

# भगत सिंह के अरमानों को भविष्य में भी आगे पहुंचाते रहेंगे : पुरन महतो



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मूर्ति को स्थापित किया गया था ताकि युवाओं को प्रेरणा मिले लेकिन इस जगह को बाजारीकरण के दौर में अतिक्रमण जैसा हो गया है। गिरिडीह के युवाओं को भगत सिंह के रास्ते में चलने की जरूरत है,अब के 90% हुआ भटके हुए रास्ते पर हैं। कन्हाई पांडेय ने कहा कि इस देश के युवाओं को भगत सिंह का बलिदान पढ़ने और समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हजारों युवाओं के प्रेरणा थे भगत सिंह। भगत सिंह के 118 जन्म दिन के अवसर पर आज,शहीद भगत के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। असंगठित मजदूर मोर्चा,इंकलाबी नौजवान सभा,माले,किसान महासभा के संयुक्त कार्यक्रम था। असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय कमिटी के सचिव कन्हाई पांडेय, किसान महासभा के राज्य के वरिष्ठ नेता पूरन महतो माले नेता नगर सचिव राजेश सिन्हा,जिला कमिटी सदस्य शंकर पांडेय,कोलिमारंग सचिव तबारक,इंकलाबी नौजवान सभा के उपाध्यक्ष एकराम अंसारी,महेशमुंडी के सचिव राजकुमार राय की अगुवाई मे आज भगत सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। भगत सिंह के विचारों को पढ़ने, रास्ते में चलने की बात की गई । इंकलाबी नौजवान सभा के युवा गिरिडीह कोलड़ीहा से पैदल मार्च कर के शहिद भगत सिंह चौक आए और माल्यार्पण किया। सभी ने भगत सिंह के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद माले, असंगठित मजदूर मोर्चा, किसान महासभा के साथियों का आगमन हुआ और सबने माल्यार्पण किया। मंच संचालन कन्हाई पांडेय ने किया,भगत सिंह की जीवनी और कार्य के बारे विस्तार पूर्वक बताया,माले नेता राजेश सिन्हा ने भगत सिंह की मूर्ति स्थापना की कहानी बताया।

सनातन साहु, किशोर राय, हुबलाल राय, लखन कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, गुलाब कोल्ह, पवन यादव, राजेश राय, राजू दास, मो तबारक उर्फ चुन्नु, राज कुमार राय, सुनील ठाकुर, दीपक गोस्वामी के साथ दर्जनों की संख्या में इंकलाबी नौजवान सभा के नौजवान उपस्थित थे ।युवा हूंकार मार्च को सफल बनाने में वसीम अंसारी, मासूम, वारिश, एहशान, आयन, आसिफ, फि रदौस, अरशद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 9वां अंतरराष्ट्रीय यूनिफॉर्म मैन्युफैक्चरर्स फेयर 26 से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सोलापुर गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा, महाराष्ट्र सरकार के वस्त्रोद्योग विभाग के सहयोग से, 9वां अंतरराष्ट्रीय यूनिफॉर्म मैन्युफैक्चरर्स फेयर 2025 का आयोजन 26 से 28 नवंबर को नेस्को एग्ज़िबिशन सेंटर, हॉल नंबर 4, गोरेगांव (मुंबई) में किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस बी2बी मेले में 150 से अधिक राष्ट्रीय ब्रांड भाग लेंगे, जो 30,000 से अधिक यूनिफॉर्म डिजाइनों और 15,000 से अधिक फैब्रिक डिजाइनों का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल, अस्पताल, होटल, कॉर्पोरेट, खेल, वर्कवियर, एक्सेसरीज, फुटवियर और गारमेंट मशीनरी से जुड़े सभी उत्पाद एक ही मंच पर उपलब्ध होंगे।

उद्योग में पहली बार, एआई-पावर्ड वर्चुअल फैशन शो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगंतुक भविष्य की यूनिफॉर्म डिजाइनों का डिजिटल अनुभव ले सकेंगे। यह शो डिजाइन विजुअलाइजेशन और टेक्नोलॉजी-आधारित मार्केटिंग के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा। अजय रंगरेज, चेयरमैन, सोलापुर गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने बताया कि यह दुनिया का एकमात्र मंच है जहां यूनिफॉर्म से जुड़ी हर चीज एक ही जगह उपलब्ध है। श्रीकांत अंबुरे, सेक्रेटरी, सोलापुर गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने कहा कि एआई आधारित वर्चुअल फैशन शो यूनिफॉर्म उद्योग में पहली बार हो रहा है, जो डिजाइन और मार्केटिंग के लिए एक नया आयाम खोलेगा।

सोलापुर गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने अब तक 300 से अधिक उद्यमियों को प्रशिक्षित किया है और यह आयोजन मेक इन इंडिया पहल को सशक्त करता है। यह मेला वितरकों, डीलरों, रिटेलर्स, संस्थानों व कॉर्पोरेट्स के लिए नेटवर्किंग व सोर्सिंग का प्रमुख मंच होगा।

# मलूटी में प्रतिमा की बजाए नव पत्रिका की होती है पूजा

## गन्ना, कुमड़ा ही नहीं भैंसा, पाठा, भेड़ की बलि देने की है परंपरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका के शिकारीपाड़ा प्रखंड में स्थित ऐतिहासिक मंदिरों का गांव मलूटी में दुर्गा पूजा मनाने की परंपरा भी खास है। यहां के ग्रामीण बांग्ला संस्कृति से दुर्गा पूजा करते हैं।

मलूटी के सेवानिवृत्त शिक्षक कुमुदवरण राय बताते हैं कि मलूटी में देवी का आह्वान षष्ठी के दिन रविवार को बोधन पूजन से किया गया। बोधन पूजन में यजमान पूरे विधि विधान से तीन कलश की स्थापना कर देवी का आह्वान करते हैं।महासप्तमी के दिन सोमवार को मलूटी में नव पत्रिका अनुष्ठान की परंपरा है। कहते हैं कि इसमें शक्ति के संग प्रकृति पूजन की परंपरा समावेशित है। मलूटी में नव पत्रिका पूजन अनुष्ठान कराने वाले पुरोहित प्रबोध भट्टाचार्य कहते हैं कि महा सप्तमी के दिन प्रातः काल के समय तय शुभ मुहूर्त पर नव पत्रिका पूजन अनुष्ठान की शुरूआत होगी।

इसमें नौ तरह की पत्तियों से मिलाकर बनाए गए गुच्छे को तालाब में मंत्रोच्चार के साथ महा स्नान कराया जाएगा। इसके माध्यम से ही दुर्गा का आह्वान किया जाएगा है। नव पत्रिका में केला, दारु हल्दी, जयंती, बेलपत्र, अनार, अशोक, धान व अमलतास की पत्तियों का गुच्छ बनाया जाता है।

इन्हीं नौ पत्तियों को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर इसे दुर्गा मंडप में पूरे विधि-विधान से स्थापित किया जाता है। यहां मंडपों में दुर्गा की प्रतिमा के बजाए यही नव पत्रिका की ही पूजा-अर्चना होती है।

मलूटी में नव पत्रिका पूजन अनुष्ठान पारंपरिक तरीके से किया जाता है। महासप्तमी के दिन सोमवार को राजाड़ बाड़ी के यजमान तुषार वरण राय, कुमुद वरण राय समेत कई श्रद्धालु अल सुबह ढोल-ढाक के साथ चतुर डोला यानी की डोली को कांधे पर लेकर तालाब जाएंगे।

यहां इन्हें पुरोहित प्रबोध भट्टाचार्य मंत्रोच्चार के बीच नव पत्रिका महा स्नान कराने की परंपरा का निर्वहन कराएंगे। इसके उपरांत नव पत्रिका को डोली में रखकर उसे दुर्गा मंडा में लाकर स्थापित किया जाएगा। इस दौरान माता स्वरूप नव पत्रिका को फल, फूल, पुष्प, नारियल, खीर, पूड़ी व कई तरह के मिष्ठान प्रसाद के तौर पर चढ़ाया जाएगा।

परंपरा के मुताबिक, पाठा की बलि भी दी जाएगी। इससे पूर्व ये लोग रविवार को विधि-विधान से षष्ठी पूजन कर तीन कलश की स्थापना कर इसके माध्यम से देवी का आह्वान करेंगे। कुमुद वरण राय कहते हैं कि मलूटी के विभिन्न हिस्सों में आठ स्थलों पर दुर्गा पूजा की जाती है।

इसमें छह दुर्गा मंडों में दुर्गा की प्रतिमा के बजाए नव पत्रिका की पूजा-अर्चना की परंपरा कायम है, जबकि बदलते समय के साथ अब गांव में दो जगहों पर पंडाल बनाकर सार्वजनिक दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है।

पुरोहित प्रबोध भट्टाचार्य के मुताबिक दुर्गा पूजा में महा सप्तमी के दिन नव पत्रिका पूजा का विशेष महत्व है। बंगाल में इसे कोलाबोऊ पूजा के नाम से भी पुकारा जाता है। कहते हैं कि नव पत्रिका का पूजन पतरा के अनुसार घोषित समय पर शुरू किया जाता है और इसका समापन भी नियत समय के अंदर कराया जाता है।

महासप्तमी को मां चामुंडा की पूजा-अर्चना की जाती है। मलूटी में अष्टमी के दिन पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन संधि पूजन अनुष्ठान भी किया जाता है जिसमें पाठा की बलि दी जाती है, जबकि नवमी के दिन पूजन, हवन व बलि की परंपरा है।

मलूटी के छय तरफ हिस्से में आयोजित पूजा में गन्ना, कुमड़ा ही नहीं भैंसा, पाठा, भेड़ का बलि देने की परंपरा है। दशमी के दिन मलूटी मां के प्रागंण मेला का आयोजन और गांव के दोनों सार्वजनिक दुर्गा पूजा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। एकादशी के दिन से विजया प्रणाम की परंपरा शुरू होती है जो काली पूजा तक चलता है।

# 172 भवनों पर छह करोड़ की राशि बकाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम का केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के 172 भवनों पर करीब छह करोड़ रुपये की बकाया राशि है। निगम कई बार पत्राचार और रिमाइंडर भेजकर वसूली का प्रयास कर चुका है, लेकिन विभागों की ओर से अब तक उदासीनता ही दिखाई गई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि अगर संबंधित सरकारी विभाग समय-समय पर टैक्स का भुगतान करते रहते तो यह राशि विकास कार्यों में उपयोग होती और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल पातीं। कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग के 8 भवनों पर 17,94,711 रुपया,वाणिज्यकर विभाग के 2 भवनों पर 1,33,861 रुपया, ऊर्जा विभाग के 13 भवनों पर 94,97,370 रुपया, वित्त विभाग के 1 भवन पर 2,85,607 रुपया, खाद्य, सार्वजनिक वितरण व उपभोक्ता विभाग के 1 भवन पर 4,710 रुपया बकाया है। वहीं वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के 17 भवनों पर 13,86,441 रुपया , स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग के 7 भवनों पर 5,17,426 रुपया, उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के 10 भवनों पर 68,04,197 रुपया, गृह, कारा व आपदा प्रबंधन विभाग के 41 भवनों पर 40,58,097 रुपया बकाया है।

इसके अलावा श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग के 1 भवन पर 32,135 रुपया, विधि विभाग के 7 भवनों पर 16,51,673 रुपया, राजस्व, निबंधन व भूमि सुधार विभाग के 2 भवनों पर 67,108 रुपया बकाया है। पथ निर्माण विभाग के 2 भवनों पर 10,78,574 रुपया, ग्रामीण विकास विभाग के 4 भवनों पर 5,94,726 रुपया, अनुसूचित जाति/जनजाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में 4 भवनों पर 31,72,656 रुपया, स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग के 8 भवनों पर 34,12,134 रुपया बकाया है।

# राजस्थान रॉयल्स ने फील्डिंग कोच दिशांत याग्निक से नाता तोड़ा

**आईपीएल 2026**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने लंबे समय से फील्डिंग कोच के रूप में काम कर रहे दिशांत याग्निक से नाता तोड़ लिया है। याग्निक से पहले आरआर और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के भी रास्ते अलग हो गए थे। टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम को अपनी कोचिंग में चैंपियन बनाने के बाद द्रविड़ आरआर के मुख्य कोच बने थे। माना जा रहा था कि आरआर के कोच के रूप में उनका कार्यकाल लंबा होगा, लेकिन हाल ही में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। राहुल की कोचिंग में आरआर का 2025 में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था और टीम में फूट की खबर भी आई थी। आरआर 2025 में लीग चरण के 14 मैचों में चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी। याग्निक अब आगामी घरेलू सत्र में जम्मू और कश्मीर टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में काम करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। पिछले सीजन में, वह कोचिंग स्टाफ के प्रमुख सदस्यों में से एक थे, जिसमें जम्मू और कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। राहुल द्रविड़ और दिशांत याग्निक के बाद अगले सीजन से पहले आरआर फ्रेंचाइजी से अलग होने वाले कई और नाम सामने आ सकते हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम कप्तान संजू सैमसन का है। माना जा रहा है कि सैमसन टीम मैनेजमेंट से असंतुष्ट हैं और नीलामी से पहले टीम से अलग हो सकते हैं।

# धाकड़ का लगातार 8वां सुपर-10

**पीकेएल-12**

## बंगाल वॉरियर्स ने पटना पायरेट्स को 6 प्वाइंट्स से हराया

**जयपुर, एजेंसी।** कप्तान देवांक (22 प्वाइंट) के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत बंगाल वॉरियर्स ने शनिवार को यहां सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 51वें मैच में पटना पायरेट्स को 48-42 से हरा दिया।



बंगाल वॉरियर्स की आठ मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम अब 13 अंक लेकर नौवें नंबर पर पहुंच गई है। पटना पायरेट्स को आठ मैचों में छठी हार का मुंह देखना पड़ा है। मुकाबले में बंगाल वॉरियर्स के लिए देवांक दलाल और पटना पायरेट्स के लिए माइटी मनिंदर सिंह ने अपनी-अपनी पूर्व टीम के खिलाफ मल्टी प्वाइंट्स लेकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद अयान ने सातवें मिनट में मल्टी प्वाइंट लेकर बंगाल वॉरियर्स को ऑलआउट कर दिया और स्कोर को 13-8 तक पहुंचा दिया। इस तरह पटना की टीम पहले 10 मिनट के खेल में 16-11 से आगे हो गई। बंगाल के लिए कप्तान देवांक ने डू ऑर डाई में तीन अंक लेकर अपनी टीम की वापसी करानी शुरू कर दी। उन्होंने इसके साथ अपना लगातार आठवां सुपर-10 भी पूरा कर लिया। पटना पायरेट्स की टीम यहां से ऑलआउट की कगार पर पहुंच गई। अगली ही रेड में मनिंदर भी टैकल कर लिए गए और बंगाल ने पटना पायरेट्स को ऑलआउट करके स्कोर 19-19 की बराबरी पर पहुंचा दिया। धाकड़ देवांक ने पहले हाफ के अंतिम मिनट में एक और सुपर रेड लगा दी और बंगाल को तीन अंक दिला दिए। इससे बंगाल वॉरियर्स की टीम पहले हाफ की समाप्ति तक 26-25 से आगे हो गई। खेल के पहले 20 मिनट में बंगाल वॉरियर्स के कप्तान देवांक दलाल का भौकाल देखने को मिला और उन्होंने 15 अंक अर्जित किए। दूसरा हाफ शुरू होने के बाद पटना पायरेट्स ने एक बार फिर से 27-27 की बराबरी हासिल कर ली। पटना के लिए अयान ने अपना चौथा सुपर-10 पूरा कर लिया। उन्होंने अपनी अगली रेड में भी सुपर रेड लगाकर 35वें मिनट तक पटना पायरेट्स को बराबरी पर रोके रखा। मैच के 30वें मिनट तक भी दोनों ही टीमें लगभग बराबरी पर चल रही थी। लेकिन पटना के लिए मनिंदर सिंह ने सुपर रेड लगाकर अपने करियर का 80वां सुपर-10 पूरा कर लिया। 36वें मिनट में पटना ने देवांक को सुपर टैकल करके मैच में वापसी कर ली और स्कोर को 39-39 से बराबरी कर दी। बंगाल और पटना के बीच खेल के अंतिम मिनटों में कांटे की टक्कर देखने को मिली।



# कोहली की इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर ने मचाई धूम

**फैंस भूल गए एशिया कप**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टीव नहीं है, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ एक नई तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। इस तस्वीर में दोनों एक बेहद प्यारे अंदा में दिख रहे हैं, जहां विराट ने प्यार से अनुष्का के माथे पर अपना गाल रखा हुआ है और दोनों कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए देख रहे हैं। यह तस्वीर पोस्ट होने के बाद सिर्फ दो घंटे में 5 मिलियन से अधिक लाइक्स बटोर चुकी है।

**विराट कोहली ने कैप्शन में लिखी ये बात-** इस तस्वीर में विराट ने नीले रंग का लंबा कोट पहना हुआ है, जबकि अनुष्का ने ग्रे स्वेटर के साथ एक सफेद टॉप पहना है। इस पोस्ट के कैप्शन में विराट ने बस इतना लिखा, ध्ध्ददृ ड्ड द्बदृद्धद्धह्लद्ग. फैंस इस तस्वीर को शेयर भी कर रहे हैं। कई फैंस के इस पर अच्छे कमेंट भी किए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही क्रिकेट फैंस एशिया कप की बातें छोड़, इन दोनों के बारे में बात करने लगे हैं। ऐसा कि मानो वह एशिया कप को भूल चुके हैं।

# मिथुन मन्हास बीसीसीआई के नए अध्यक्ष

## जे एंड के के लिए अंडर-19, दिल्ली के लिए रणजी खेले; बोर्ड के पहले प्रेसिडेंट क्रिकेटर, जो इंटरनेशनल मैच नहीं खेले



**नई दिल्ली।** फॉर्मर डोमेस्टिक क्रिकेटर मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए है। इसका ऐलान रविवार को मुंबई में बीसीसीआई ऑफिस में हुई एनुअल जरनल मीटिंग के बाद हुआ। वे इस पद पर निर्विरोध चुने गए। मन्हास बोर्ड के पहले ऐसे प्रेसिडेंट क्रिकेटर हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ङ्ग पर पोस्ट कर मिथुन मन्हास को बधाई दी। उन्होंने लिखा- मिथुन मन्हास आधिकारिक रूप से बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गए हैं। जे एंड के की अंडर-15 टीम में खेले मन्हास ने जम्मू कश्मीर से अंडर-15, अंडर-16 और अंडर-19 खेला। उन्होंने 3 साल जे एंड के के लिए अंडर-19 खेला। साल 1995 में उन्होंने लगभग 750 रन बनाए और देश के हाईएस्ट अंडर-19 स्कोरर बने। बाद में जे एंड के टीम के कैप्टन बने। इसी परफॉर्मेंस के चलते उनका सिलेक्शन नॉर्थ जोन के लिए हुआ। 12वीं की परीक्षा देने के बाद मन्हास कुछ महीनों के लिए पहली बार दिल्ली आए। तब उनकी उम्र 17 साल थे। यहां आकर उन्होंने दिल्ली के प्रीमियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और यहीं से खेलने लगे। उस दौर में दिल्ली की टीम में वीरेंद्र सहवाग और आशीष नेहरा जैसे दिग्गज खेलते थे।

# उन्हें समझदारी से टूर्नामेंट चुनने होंगे

**पीवी सिंधू को साइना नेहवाल की सलाह**

**मुंबई, एजेंसी।** साइना नेहवाल की यह सलाह सिंधू के लिए आने वाले सीजन में अहम साबित हो सकती है। सही टूर्नामेंट चयन और बेहतर तैयारी से सिंधू फिर से अपने करियर के सुनहरे दिनों की तरह लगातार जीत दर्ज कर सकती हैं। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल का मानना है कि पीवी सिंधू को अब टूर्नामेंट चुनने में समझदारी दिखानी होगी। जैसे-जैसे सिंधू 30 की उम्र में पहुंच रही हैं, लगातार हर टूर्नामेंट खेलने का दबाव उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है।

साइना ने कहा, ऐसा नहीं है कि एक निश्चित उम्र के बाद आप अच्छा नहीं कर सकते। यह निश्चित रूप से संभव है, लेकिन आपको उन टूर्नामेंटों पर ध्यान देना होगा जिनमें आप अच्छा करना चाहते हैं।

**लगातार टूर्नामेंट खेलना मुश्किल-** साइना का कहना है कि रैंकिंग बनाए रखने के लिए सभी टूर्नामेंट खेलना थकाऊ हो सकता है। उन्होंने कहा, आप सभी टूर्नामेंटों में अच्छा नहीं कर सकते क्योंकि यह मुश्किल होता है। इस उम्र में जब आप अपनी रैंकिंग बनाए रखने के लिए लगातार इतने सारे टूर्नामेंट खेल रहे होते हैं तो जाहिर है आपको एक निश्चित दौर तक तो पहुंचना ही होगा। साइना का मानना है कि सिंधू को बड़े टूर्नामेंट जैसे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप जीतना चाहते हैं जैसे विश्व चैंपियनशिप या एशियाई चैंपियनशिप तो आपको उन टूर्नामेंटों में पूरी ताकत लगानी होगी।






# नेपाल ने टी-20 में पहली बार वेस्टइंडीज को हराया

## फुल मेंबर के खिलाफ पहली सीरीज में नेपाल की विजयी शुरुआत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शारजाह में खेले गए तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में नेपाल ने वेस्टइंडीज को 19 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। यह जीत नेपाल की किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ सभी फॉर्मेट में पहली जीत है। इससे पहले 2014 में नेपाल ने टी-20 में अफगानिस्तान को हराया था, लेकिन उस समय अफगानिस्तान एसोसिएट टीम थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ यह नेपाल का पहला टी-20 मैच और किसी फुल मेंबर टीम के खिलाफ उनकी पहली बाइलैट्रल सीरीज की शुरुआत थी।

नेपाल की खराब शुरुआत, लेकिन मजबूत वापसी टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट पर 148 रन बनाए। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 8 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिर गया। कुशल भुर्तेल 6 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज आशिफ शेख भी सिर्फ 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तीसरे विकेट के लिए कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 45 गेंदों पर 58 रन की अहम साझेदारी की। कुशल मल्ला ने 21 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 30 रन बनाए, जबकि रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली। दीपेंद्र सिंह एरी ने 19 गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि नवीन बिदाईसी ने 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। रोहित पौडेल ने 35 गेंदों में 38 रन की पारी खेली।

वेस्टइंडीज की फ्लॉप बल्लेबाजी नेपाल के 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी। नई टीम के साथ मैदान में उतरी विंडीज की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। उनकी टीम में चार नए खिलाड़ी शामिल थे। वेस्टइंडीज की ओर से नवीन बिदाईसी ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। अमीर जंगू और फेबियन एलन ने 19-19 रन जोड़े, जबकि कप्तान अकील हुसैन 18 रन बनाकर आउट हुए। अकीम ने 15 और केसी कार्टी ने 16 रन का योगदान दिया। नेपाल की ओर से कुशल भुर्तेल ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

# भारत ने सातवां सैफ अंडर-17 खिताब जीता, पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराया

**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए। भारतीय फुटबॉल टीम ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को 4-1 से हराकर सातवां




सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप खिताब जीता। भारत ने दल्लामुओन गंगटे (चौथे मिनट) और अजलान शाह केएच (38वें मिनट) के गोल की मदद से पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बनाई हुई थी लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी मिनट में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया जिससे शूटआउट से नतीजा निकला। भारतीय टीम ने जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल किए।

# हमारे पास विश्व कप जीत इतिहास रचने का मौका - हरमनप्रीत कौर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला वनडे विश्व कप का आगाज 30 सितंबर से हो रहा है। मैच भारत और श्रीलंका में खेले जाएंगे। मेजबान होने के नाते भारतीय टीम के पास विश्व कप जीतने का मौका है और इस बात को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी स्वीकार किया है।

शनिवार को आईसीसी के एक कॉलम में हरमनप्रीत ने लिखा, घरेलू विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करना, एक बड़ा सम्मान है। हम ट्रॉफी जीतने की ख्वाहिश रखते हैं और इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से प्रेरित हैं। भारतीय कप्तान ने लिखा, विश्व कप की तैयारी का हमारा सफर समृद्ध रहा है। पिछले कुछ समय से टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इससे हमारे अंदर आईसीसी ट्रॉफी जीतने की ललक जगी है। हम बड़ी छलांग लगाना चाहते हैं और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतना चाहते हैं। प्रतियोगिता हमेशा की तरह कड़ी है, लेकिन टीम को अपने कौशल, तैयारियों और किसी भी चुनौती से पार पाने का भरोसा है। घरेलू और बाहरी मैदानों पर खेले गए हालिया नतीजे भी टीम के लिए उत्साहजनक रहे हैं। हम विश्व कप में इस लय को बरकरार रखने के लिए उत्सुक हैं। हरमनप्रीत ने लिखा, हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी बल्लेबाजी प्रतिभाएं टीम में मौजूद हैं। गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली है, जिसमें रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के साथ युवा और होनहार क्रांति गौड़, एन. श्री चरणी और राधा यादव भी हैं। इसके अलावा, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर जैसे तीन ऑलराउंडर भी हैं, जो खेल का रुख भारत के पक्ष में मोड़ सकते हैं।

उन्होंने विश्व कप में भारतीय टीम के अभियान में सपोर्ट स्टाफ की भूमिका और फैंस के उत्साह और समर्थन को भी अहम बताया। भारतीय महिला टीम अब तक कोई भी आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। 2005 और 2017 में टीम फाइनल में पहुंची थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में नकली ऑटो पार्ट्स का जखीरा बरामद, दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करोल बाग में नकली ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो दुकानों और एक गोदाम पर छापा मारकर लगभग 90 लाख मूल्य के नकली स्पेयर पार्ट्स जब्त किए, जिन पर नामी ऑटोमोबाइल कंपनियों के नाम और पैकेजिंग लगी हुई थी। डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार, चूँकि करोल बाग इलाके में नकली ऑटोमोबाइल पार्ट्स और पैकेजिंग सामग्री का भंडारण, आपूर्ति और बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही थी, इसलिए एसीपी भगवती प्रसाद और इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को छापेमारी कर अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था। कई टीमें बनाई गईं। प्रत्येक टीम को उन प्रमुख स्थानों पर छापेमारी करने का काम सौंपा गया जहाँ नकली स्पेयर पार्ट्स, यहाँ तक कि नामी अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के भी, संग्रहीत और बेचे जा रहे थे। करोल बाग में दो ठिकानों पर एक साथ छापेमारी में दो आरोपियों, सुरेश कुमार और पोला राम को गिरफ्तार किया गया।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने रद्द की एनडीएमएस इंजीनियर की अनिवार्य सेवानिवृत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) के एक इंजीनियर सूरज प्रकाश की अनिवार्य सेवानिवृत्ति को रद्द करते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के आदेश देने से पहले अधिकारी के पूरे सेवा रिकॉर्ड, जिसमें उनकी प्रदर्शन मूल्यांकन (एसीआर) ग्रेडिंग शामिल है, पर विचार किया जाना चाहिए। जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस मधु जैन की पीठ ने कहा, ÷अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश देने से पहले अधिकारी के पूरे सेवा रिकॉर्ड को ध्यान में रखना जरूरी है। बाद के वर्षों में अधिकारी का प्रदर्शन पुरानी सजाओं की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है।÷ कोर्ट ने 2019 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सूरज प्रकाश को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया था। सूरज प्रकाश के खिलाफ आखिरी दंड 2005 में निंदा का था, और उससे पहले 2000 में उन्हें एक बड़ा दंड दिया गया था। हालांकि, 2005 के बाद उनके सेवा रिकॉर्ड में उनकी ईमानदारी को लगातार ÷संदेह से परे÷ दर्ज किया गया और उनके प्रदर्शन को ÷उत्कृष्ट÷ या ÷बहुत अच्छा÷ आंका गया।

### वर्ल्ड फूड इंडिया में बिहार की कृषि विरासत का अनोखा प्रदर्शन, मखाना और सत्तू ने बटोरी वाहवाही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड फ़ूड इंडिया का चौथा संस्करण गुरुवार को भारत मंडपम में शुरू हुआ। पहले दिन, बिहार, पंजाब, आंध्र प्रदेश और मेघालय सहित 21 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और पाँच संबद्ध सरकारी संगठनों ने भाग लिया। इन्वेस्ट बिहार पैवेलियन ने ÷एडवांटेज बिहार÷ और ÷स्टार्टअप बिहार÷ जैसे विषयों के अंतर्गत बिहार की समृद्ध कृषि विरासत को प्रदर्शित किया। कुल 11 स्टॉलों पर बिहार के युवा उद्यमियों द्वारा नवीन रूपों में 105 पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए। राज्य के स्टॉलों ने पहले दिन भारी भीड़ को आकर्षित किया, और निवेशकों ने बिहार के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं में गहरी रुचि दिखाई। पंजाब पैवेलियन में गेहूं, मक्का, मक्खन और तिलहन जैसे खाद्य पदार्थ प्रदर्शित किए गए, जबकि मेघालय पैवेलियन में मसाले, हल्दी और काली मिर्च जैसे जैविक खाद्य पदार्थ प्रदर्शित किए गए, जो सभी सादगी, पोषण और प्रकृति से जुड़ाव पर केंद्रित थे। जीआई-टैग वाले उत्पादों ने पैवेलियन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# बाल विवाह में कमी लाकर भारत बना दुनिया के लिए सबक

## किस प्रदेश ने मारी बाजी?




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
झभारत में बाल विवाह की दर में जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गई है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी शोध रिपोर्ट, 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवार्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, लड़कों के मामले में 72 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए हैं। रिपोर्ट बताती है कि लड़कियों की बाल विवाह की दर में सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत गिरावट असम में दर्ज की गई है। इसके बाद संयुक्त रूप से महाराष्ट्र व बिहार (70 प्रतिशत) का स्थान है जबकि राजस्थान व कर्नाटक में क्रम से 66 और 55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन साल के दौरान केंद्र, राज्य सरकारों और नागरिक समाज संगठनों के समन्वित प्रयासों की बदौलत बाल विवाह की दर में यह अप्रत्याशित गिरावट संभव हुई है। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यतः गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुना या जाना है। यह रिपोर्ट न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर एक अलग कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने जारी की। इस रिपोर्ट को जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के शोध प्रभाग सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंज बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) ने तैयार किया था। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। बाल विवाह के रोकथाम की दिशा में असम की अभूतपूर्व उपलब्धियों को मान्यता देते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को 'चैंपियंस ऑफ चेंज' पुरस्कार से सम्मानित किया।

2019-21 तक देश में हर मिनट तीन बाल विवाह होते थे। जबकि रोजाना सिर्फ तीन मामलों की ही शिकायत दर्ज हो पाती थी। रिपोर्ट के नतीजे देश में ऐतिहासिक बदलावों की ओर इशारा करते हैं। रिपोर्ट बताती है कि आज लगभग हर व्यक्ति बाल विवाह से जुड़े कानूनों के बारे में जानता है और कुछ साल पहले तक यह बदलाव अकल्पनीय था। रिपोर्ट इस तथ्य को उजागर करती है कि 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए 2024 में शुरू हुए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को बिहार, असम व महाराष्ट्र में जन-जन तक पहुंचाने में गैरसरकारी संगठनों की सबसे अहम भूमिका रही है। बिहार में 93%, महाराष्ट्र में 89% और असम में 88% लोगों को गैरसरकारी संगठनों के जरिए इस अभियान के बारे में जानकारी मिली।

# निफ्टेम के वैज्ञानिकों ने डायबिटीज रोगियों के लिए खोजी रामबाण औषधि




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत मंडपम में चल रहे वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2025 मेले में मधुमेह रोगियों के लिए प्रदर्शित डिस्किट भी आकर्षण का केंद्र है। ऊंट के दूध से बनी डिस्किट, हॉल नंबर 14 में निफ्टेम-के मंडप में प्रदर्शित है, जिसे मधुमेह रोगी भी निश्चिंत होकर खा सकते हैं। यह अनूठा आविष्कार सोनीपत स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) के वैज्ञानिकों का है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि ऊँट का दूध औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसे मधुमेह रोगियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। ऊँट का दूध आमतौर पर जल्दी खराब हो जाता है और उबालने से इसका पोषण मूल्य कम हो जाता है। यहीं पर निफ्टेम-के अनुसंधान दल को एक अनोखा विचार सूझा–इसे लंबे समय तक संरक्षित रखने और स्वादिष्ट बनाने का।

शोधकर्ताओं ने बीकानेर से ऊंट का दूध प्राप्त किया और अत्याधुनिक उच्च दाब गैर-तापीय प्रसंस्करण तकनीक का उपयोग किया। इससे रोगाणु नष्ट हो गए और दूध की शेल्फ लाइफ बढ़ गई। फिर, एक विशेष संपीड़न तकनीक का उपयोग करके, दूध को पाउडर में बदल दिया गया और बिना पकाए बिस्किट जैसे गोल ÷डिस्किट÷ बनाए गए। ये दो स्वादों में उपलब्ध हैं - इलायची और वेनिला।प्रत्येक 20 ग्राम डिस्किट में लगभग 20 प्रतिशत प्रोटीन, 19.3 प्रतिशत वसा और लगभग 48 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो इसे मधुमेह रोगियों के लिए एक संतुलित और ऊर्जादायक नाश्ता विकल्प बनाता है। 20 ग्राम प्रोटीन दूध आधारित होता है, जिसकी जैविक उपलब्धता सामान्य प्रोटीन की तुलना में अधिक होती है। डिस्किट का 100 ग्राम का पैकेट लगभग एक यूनिट इंसुलिन के बराबर मौखिक उपलब्धता प्रदान कर सकता है।

## दिल्ली पुलिस ने भारत मंडपम के पास 1 करोड़ के गहनों की लूट में 3 लोगों को दबोचा, माल भी बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने भारत मंडपम के पास 24 सितंबर को हुई 1 करोड़ रुपये के गहनों की लूटपाट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया सामान भी बरामदगी कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।




जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली के भारत मंडपम के पास बाइक सवार बदमाशों ने अपने स्कूटर पर लगभग 1 करोड़ रुपये के आभूषण लेकर जा रहे एक व्यक्ति को बंदूक की नोक पर लूट लिया था। पुलिस ने बताया था कि उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर उस समय हुई जब पीड़ित आभूषणों को लेकर भैरों मंदिर के पास अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार लुटेरे उनसे 500 ग्राम सोना और 35 किलोग्राम चांदी लूटकर फरार हो गए थे।

पीड़ितों की पहचान शिवम कुमार यादव (28) और उसके साथी राघव (55) के रूप में हुई थी, जो चांदनी चौक से स्कूटर पर भैरों मंदिर की ओर जा रहे थे। जब वे मंदिर पार्किंग क्षेत्र के पास पहुंचे तो बाइक सवार दो हमलावरों ने कथित तौर पर उन्हें रोक लिया। बंदूक की नोंक पर, लुटेरों ने चांदी से भरा एक बैग और सोने-चांदी के सामान से भरा एक और बैग छीन लिया और फिर मौके से फरार हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कॉल करने वाला व्यक्ति लुटेरों की बाइक का पूरा रजिस्ट्रेशन नंबर नोट नहीं कर पाया था। लूटपाट की सूचना मिलते ही तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों के रास्ते का पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए थे।

## क्या दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों की समस्याओं का मजबूती से हो पाएगा समाधान सरकार बना रही योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में 10 साल तक राज किया, लेकिन रेहड़ी-पटरी वालों के लिए एक मज़बूत शिकायत निवारण तंत्र स्थापित नहीं हो पाया। रेहड़ी-पटरी वालों को अपनी समस्याओं को लेकर भटकना पड़ा, यहां तक कि उनके स्टॉल लगाने के लिए अधिकृत स्थान भी तय नहीं हो पाए। अब, भाजपा सरकार सत्ता में आ गई है, लेकिन इन लोगों की स्थिति जस की तस बनी हुई है।




इन सबके बीच, दिल्ली सरकार के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि रेहड़ी-पटरी वालों के लिए शिकायत निवारण तंत्र को मज़बूत किया जाएगा। इसके लिए, नगर निकायों के पैनल में सामाजिक कार्य पृष्ठभूमि वाले पेशेवरों को शामिल किया जाएगा।

सरकार के शहरी विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड की रेहड़ी-पटरी वालों के लिए विवाद समाधान समितियों में दो-दो सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल करने की योजना बना रही है।

अधिकारियों ने बताया कि आवेदकों के पास सामाजिक कार्य या रेहड़ी-पटरी वालों के मुद्दों से निपटने का पर्याप्त ज्ञान या कम से कम 10 साल का अनुभव होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सामाजिक कार्यों और नागरिक मुद्दों के अनुभव वाले ये सदस्य समितियों के समक्ष रेहड़ी-पटरी वालों द्वारा दायर शिकायतों को निपटाने और बेहतर विवाद समाधान सुनिश्चित करने में मदद करेंगे। उनका मानना है कि इससे रेहड़ी-पटरी वालों की समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में लाखों रेहड़ी-पटरी वाले हैं, लेकिन नगर निकायों में पंजीकृत विक्रेताओं की संख्या केवल लगभग 1.5 लाख है।

### दिल्ली पुलिस ने काला जठेडी गैंग के छह सदस्यों को किया गिरफ्तार, अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियारों के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए काला जठेडी गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से छह पिस्तौल और 13 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सहदेव उर्फ देव, साहिल, रोहित, सत्यानारायण, राज राहुल और रविंदर के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) हर्ष इंडोरा ने बताया कि पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी सहदेव ने खुलासा किया कि वह अलीगढ़ से अवैध हथियार लाकर गैंग के सदस्यों को उनकी मांग पर सप्लाई करता था। सहदेव के इशारे पर बाकी गैंग सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया।

### पुतिन बोले- भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश, स्वतंत्र-संप्रभु नीति अपना रहा

**मॉस्को, एजेंसी।**
रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है।

क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है। पुतिन ने भरोसा जताया कि भारत और रूस क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर रचनात्मक संवाद जारी रखेंगे।

## अर्जेंटीना में नशे के सौदागरों का आतंक, तीन युवतियों की तड़पाकर की हत्या; इंस्टाग्राम पर भी किया लाइव

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।**
अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में तीन युवतियों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बता दें कि, इनकी हत्या न सिर्फ बेरहमी से की गई, बल्कि इसे सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर लाइव भी दिखाया गया। ये वारदात नशे के गिरोह से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों में 20 वर्षीय मोरेना वेरदी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो, जो आपस में चचेरी बहनें थीं, और 15 वर्षीय लारा गुटिरेज शामिल हैं। इनके शव बुधवार को ब्यूनस आयर्स के दक्षिणी इलाके में एक घर के आंगन में दफन मिले। ये तीनों 19 सितंबर से लापता थीं। पुलिस जांच में पता चला कि युवतियों को पार्टी का झांसा देकर एक वैन में ले जाया गया। वहां गिरोह के लोगों ने उन्हें यातनाएं दीं और फिर उनकी हत्या कर दी। इस गिरोह का मकसद दूसरों को डराना और यह संदेश देना था कि उनसे नशीली दवाओं की चोरी करने वालों का यही अंजाम होगा। अधिकारियों के अनुसार, यह खौफनाक घटना इंस्टाग्राम के एक निजी अकाउंट पर लाइव दिखाई गई, जिसे 45 लोगों ने देखा। हालांकि इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा का कहना है कि उन्हें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि वीडियो उनके प्लेटफॉर्म पर लाइव किया गया। अर्जेंटीना की मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवतियों की यातना इतनी भयानक थी कि उनके शरीर की पहचान करना मुश्किल हो गया। पुलिस का कहना है कि उनके नाखून उखाड़े गए, उंगलियां काटी गईं और उन्हें पीटने के बाद गला घोंटकर मार डाला गया। इस मामले में अब तक तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पांचवें आरोपी को बोलिविया की सीमा पर मौजूद शहर विलाजोन से पकड़ा गया। लेकिन इस साजिश का मुख्य आरोपी, जो 20 वर्षीय पेरू का नागरिक है, अब भी फरार है। वहीं इस हत्याकांड के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और संसद तक मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने लारा, ब्रेंडा, मोरेना लिखी तख्तियां और बैनर लेकर न्याय की मांग की। ब्रेंडा के पिता ने कहा, महिलाओं की सुरक्षा पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। मेरी बेटी के साथ जो हुआ।

### भारत के अनंत शस्त्र ने उड़ाई दुश्मनों की नींद, सेना ने जारी किया टेंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना ने स्वदेशी अनंत शस्त्र क्विक रिएक्शन सरफेस–टू–एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम) सिस्टम की तीन रेजिमेंट्स की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसकी लागत लगभग 30 हजार करोड़ रुपये है। इस सिस्टम को डीआरडीओ ने तैयार किया है, जो 30 किलोमीटर से अधिक दूरी पर विमानों, हमलावर हेलीकॉप्टरों, ड्रोनों, रॉकेटों और मिसाइलों का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर सकता है। सेना ने इसी हफ्ते इसके लिए टेंडर जारी किया। पाकिस्तान के साथ मई 7 से 10 तक सीमा पर चली तनातनी के बाद यह कदम उठाया गया है। ऐसे में इसे रक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। अनंत शस्त्र क्यूआरएसएएम सिस्टम को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारत डायनामिक्स जैसे रक्षा पीएसयू के सहयोग से बनाया जाएगा। इस प्रणाली में 360 डिग्री रडार, जैमिंग शील्ड, मोबाइल लॉन्चर और ऑल–वेदर ट्रैकिंग सिस्टम शामिल हैं, जो 8×8 उच्च गतिशील वाहनों पर स्थापित हैं। यह सिस्टम टैंकों, पैदल सेना के युद्धक वाहनों और तोपखाने की तोपों को हवाई हमलों से सुरक्षा देगा।

# त्रिनिदाद-टोबैगो की प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को कहा शुक्रिया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। दरअसल, उन्होंने यह खुलासा किया कि भारत ने उनके देश के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूनएससी) में सीट हासिल करने के प्रयासों का समर्थन किया। उन्होंने कहा, भारत ने हमें यूएन सुरक्षा परिषद की सीट पाने में समर्थन दिया। हमें उस दौरान किसी भी देश की ओर से आपत्ति नहीं मिली। कई देशों ने हमारा साथ दिया और हम भारत के साथ मिलकर आगे भी इस दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हैं।



कमला प्रसाद-बिसेसर ने पीएम मोदी को विशेष रूप से दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हैं। उन्होंने न केवल भारत के लोगों के लिए, बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। खासकर दक्षिण-दक्षिण सहयोग को आगे बढ़ाने में उनका प्रयास सराहनीय है। दुनिया में अब तक उत्तर देशों का वर्चस्व रहा है, लेकिन मोदी जी ने दक्षिण देशों को जोड़ने और उन्हें सशक्त करने का काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी की हालिया यात्रा के दौरान उन्होंने ब्राजील और घाना जैसे कई दक्षिणी देशों का भी दौरा किया और भारतीय प्रवासी समुदाय से मुलाकात की। बड़े आयोजनों में प्रवासी भारतीयों को आमंत्रित किया गया, जिससे उनका जुड़ाव और मजबूत हुआ।

**भारत-त्रिनिदाद संबंधों में नया अध्याय:** इस यात्रा के जरिए भारत और त्रिनिदाद के बीच रणनीतिक साझेदारी और गहरी होगी। मोदी की इस यात्रा ने न केवल आर्थिक संबंधों को बढ़ावा दिया है, बल्कि मानवीय सहयोग को भी नई दिशा दी है। कृत्रिम अंग वितरण जैसे सामाजिक कार्यक्रमों से गरीब तबके को तुरंत लाभ मिलेगा और दोनों देशों की जनता के बीच विश्वास और मित्रता और मजबूत होगी। कमला प्रसाद-बिसेसर ने अंत में कहा कि यह सिर्फ एक यात्रा नहीं थी, बल्कि भविष्य की साझा समृद्धि की नींव रखने वाला ऐतिहासिक कदम था, जिसका असर आने वाले वर्षों तक महसूस किया जाएगा।

### पीएम मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा ऐतिहासिक

त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद–बिसेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए भारत के प्रति गहरी कृतज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 की शुरुआत में हुई यह यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले गई और इसका प्रभाव न सिर्फ आर्थिक मोर्चे पर, बल्कि सामाजिक और मानवीय स्तर पर भी गहरा होगा। कमला प्रसाद–बिसेसर ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी का दिल से धन्यवाद करती हूं। उनके दौरे और हमारे साथ दिखाई गई साझेदारी ने एक ऐतिहासिक क्षण को जन्म दिया। त्रिनिदाद और टोबैगो की जनता इस यात्रा से बेहद प्रभावित हुई। हमारे देश की धरती पर आने वाले वे चौथे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनका यह दौरा दोनों देशों की गहरी मित्रता का मजबूत और जीवंत उदाहरण है। त्रिनिदाद की पीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के सबसे बड़े परिणामों में से एक पांच–दिवसीय कृत्रिम अंग फिटिंग शिविर है। इस शिविर में मुफ्त कृत्रिम अंग दिए जाएंगे, जिससे समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस पहल में जयपुर फुट यूएसए की बड़ी भूमिका रही है। न्यूयॉर्क में जयपुर फुट यूएसए और ब्रुहुद न्यूयॉर्क सीनियर्स की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कमला प्रसाद–बिसेसर ने प्रेम भंडारी की सराहना करते हुए कहा, मैं उन्हें (प्रेम भंडारी) इस पहल के लिए बहुत धन्यवाद देती हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### नवरात्रि के अवसर पर पीएनबी ने किया गरबा नृत्य का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंजाब नेशनल बैंक परिवार के द्वारा नवरात्री के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें



महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गरबा नृत्य की प्रस्तुति का पंजाब नेशनल बैंक, बोकारो मंडल की महिलाओं एवं उनके परिवार के सदस्यों ने आनंद लिया।

### त्योहार के मद्देनजर खूंटी पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** त्योहार के मद्देनजर खूंटी के कचहरी मैदान में आज खूंटी पुलिस ने मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल में एक टुकड़ी रैली की शक्ल में सड़क पर निकली और हमारी मांगें पूरी करो, पूरी करो के नारे



लगाए। तभी जिला पुलिस बल और रैफ के जवान वज्रवाहन के साथ आगे बढ़े और रैली में शामिल असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए अश्रु गैस की गोलियां दागी। क्यू आर टी टीम ने तत्काल एक्शन लेते हुए घायलों को एम्बुलेंस में बैठाया और स्थिति को नियंत्रित किया। डीएसपी वरुण रजक ने सभी पुलिस जवानों से पर्व त्योहारों में अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से करने का निर्देश दिया साथ ही तीन चार शिफ्ट में पुलिस बलों की ड्यूटी अलग अलग चौक चौराहों और संवेदनशील इलाकों में लगाई गई है। त्योहारों में किसी भी असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटने की पूरी तैयारी कर चुकी है। खूंटी जिला प्रशासन ने जगह जगह मजिस्ट्रेट भी बहाल किए हैं। साथ ही सादी वर्दी में पुलिस टीम यहां वहां चौबीसों घंटे तैनात रहेगी। उम्मीद की जा रही है कि जिले में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और भक्तिमय माहौल में सम्पन्न होगा।

### अनाथ बच्चों संग मनाई दुर्गोत्सव

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटी बैंक यूथ क्लब ने हिंदू मिशन अनाथालय के बच्चों के साथ दुर्गा पूजा की खुशियाँ बांटी । कार्यक्रम के अंतर्गत रोटी बैंक यूथ क्लब के सदस्यों ने सभी बच्चों को नए कपड़े



भेंट किए। भारतीय परंपरा में दुर्गा पूजा के अवसर पर नए वस्त्र धारण करने की परंपरा रही है और इसी को ध्यान में रखते हुए क्लब ने यह कदम उठाया। साथ ही, बच्चों को मिठाइयाँ वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। रोटी बैंक यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि ‟हमारे समाज की असली शक्ति तब प्रकट होती है जब हम खुशियाँ साझा करते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी हमने संकल्प लिया है कि इन मासूम चेहरों की पूजा का उत्सव और भी विशेष बने। अनाथालय के बच्चों ने भी इस पहल पर खुशी जताई और नए कपड़े व मिठाई पाकर उत्साह से झूम उठे।रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद की यह सामाजिक पहल समाज में सेवा,अपनत्व और त्योहारों की असली भावना को जीवंत करती है। संस्था के सहयोगी नीलकमल खवास और सक्रिय सदस्य उपस्थित थे!

### विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अमलाबाद ओपी थाना क्षेत्र के सियाडीह की रहने वाली पूर्णिमा देवी की रविवार को शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर मारपीट कर जहर खिलाने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई नारायण पंडित ने बताया कि शनिवार को बहन के भैसुर ने फोन कर सूचना दी थी कि अजय शंकर पांडे द्वारा पत्नी के साथ मारपीट की गई है। जब उन्होंने बहन को फोन किया तो उसने रोते हुए कहा कि पति ने मारपीट कर जहर खिला दिया है और उसे बचाने की गुहार लगाई। इसके बाद गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नारायण पंडित का आरोप है कि बीते एक साल से अजय शंकर पांडे एक लाख रुपये की मांग कर रहा था। पैसे नहीं देने पर वह बहन को प्रताड़ित करता था। आरोप है कि शनिवार को भी रुपये नहीं देने पर उसकी बहन की हत्या कर दी गई। मृतका की बहन सावित्री पांडेय ने बताया कि पूर्णिमा देवी के शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं। हाथ, जांघ और गर्दन पर चोटें साफ दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा कि अजय शंकर पांडे कोई काम नहीं करता और हमेशा पैसों की मांग करता था।

# पिण्ड्राजोरा में सब्जी विक्रेता के घर से अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिण्ड्राजोरा थाना अन्तर्गत ग्राम कमलडीह में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री सब्जी विक्रेता डब्लु साव के घर में संचालित की जा रही थी। इस बाबत जानकारी चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने दी। पुलिस जांच में सामने आया कि यह फैक्ट्री किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि संगठित सिंडिकेट द्वारा चलाई जा रही थी। डब्लु साव के साथ-साथ अंकित सिंह, अविनाश कुमार सिंह उर्फ बिट्टू, राहुल मंडल और कुश कुमार इस अवैध कारोबार में सक्रिय रूप से शामिल थे। ये सभी शराब को गाड़ियों में सब्जियों के नीचे छुपाकर बिहार तक पहुंचाने का काम करते थे। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की देखरेख में जब डब्लु साव के बंद घर की तलाशी ली तो वहां से नकली विदेशी शराब बनाने की मशीन, विभिन्न कंपनियों के स्टिकर, शराब बनाने में प्रयुक्त केमिकल, भारी मात्रा में खाली बोतलें और कार्टून बरामद किए गए। जब्त किए गए सामान की मात्रा से यह साफ हो गया कि फैक्ट्री बड़े पैमाने पर संचालित की जा रही थी और शराब को पैक कर बाजार में खपाया जा रहा था। एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले के आरोपी पहले भी कई मामलों में संलिप्त रह चुके हैं। अंकित सिंह के विरुद्ध पिण्ड्राजोरा थाना, बरमसिया ओपी और बिहार के जमुई जिले के झाझा थाना में मामले दर्ज हैं। अविनाश कुमार सिंह उर्फ बिट्टू पर पिण्ड्राजोरा और झाझा थाना में केस दर्ज है। श्याम कुमार सिंह का नाम भी पिण्ड्राजोरा थाना कांड में सामने आ चुका है। वहीं राहुल मंडल के खिलाफ पिण्ड्राजोरा थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। पुलिस का कहना है कि सिंडिकेट लंबे समय से इस धंधे को चला रहा था और शराब को बिहार भेजकर भारी मुनाफा कमाया जा रहा था। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी लगातार छापेमारी की जाएगी।

# देवघर में दुर्गोत्सव को लेकर खासा उत्साह



**देवघर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देवघर शिव और शक्ति का स्थल है। ऐसे में दुर्गा पूजा को लेकर देवघर में खासा उत्साह रहता है। भक्त मां देवी की आराधना बड़े ही भक्तिभाव से करते हैं। इसके अलावा देवघर बंगाल के कल्चर से भी काफी प्रभावित रहता है इस वजह से दुर्गा पूजा देवघर में काफी विशेष होता है और दुर्गा पूजा में सप्तमी में माता की प्रतिमा वेदी पर विराजमान होती हैं ऐसे में मूर्तिकार मां देवी के मूर्ति को अंतिम स्वरूप देने में लगे हुए हैं देवघर के कल्याणपुर में 36 सालों से मूर्तिकार बबलू कुमार वर्मा मूर्ति बना रहे हैं उन्होंने बताया की मूर्ति का अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं साथ-साथ मूर्ति बनाने में लगभग 3 महीने का समय लग जाता है देवी दुर्गा अपने स्थान पर तीन दिनों के लिए विराजमान होती है ऐसे में दसवीं के दिन लोगों नम आंखों से मां की विदाई देते हैं लेकिन मूर्तिकार के लिए क्षण काफी पहले ही आ जाता है क्योंकि 3 महीने से इस मूर्ति को जीवंत बनाने में लगे रहते हैं और जिस दिन मां देवी उनके घर को छोड़कर जाती है उसे दिन भी उनकी आंखें नम होती है मूर्तिकार में बताया कि ऐसा लगता है कि जैसे उनकी मां है उनके घर से विदा हो रही है काफी भावुक क्षण रहता है वही इस वर्ष मूर्ति के दर की बात करें तो 30 हजार रुपए से लेकर 3 लाख रुपए तक की मूर्ति बनाई जा रही है।

# नवमी को लेकर बकरे की खरीदारी तेज, बाजारों में उमड़ी भीड़

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवरात्रि के नवमी के दिन परंपरागत रूप से बलि प्रथा का प्रचलन ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिलता है। इसी कारण बोकारो इस्पात नगर समेत आसपास के इलाकों में इन दिनों बकरे की मांग अचानक बढ़ गई है। बाजारों में बकरा खरीदने के लिए भारी भीड़ देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, बोकारो में



बकरे की कीमत 7 हजार रुपये से लेकर 32 हजार रुपये तक है। ऊँचे दाम वाले बकरे उनकी नस्ल और वजन के आधार पर बेचे जा रहे हैं। अधिकांश बकरे उत्तर प्रदेश और हरियाणा से लाकर यहां बेचे जा रहे हैं, जिससे स्थानीय बाजारों में आपूर्ति बनी हुई है। बोकारो में रविवार और मंगलवार को बकरे का बाजार लगता है। रविवार को लगे हाट-बाजार में लोगों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी, वहीं मंगलवार को एक बार फिर बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचने की संभावना है। खासतौर पर नवरात्रि और दशहरा के मौके पर बकरे की खपत और बिक्री सामान्य दिनों से कई गुना अधिक हो जाती है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि धार्मिक अवसरों के कारण इन दिनों खरीदार अधिक हैं। कीमतें भी इसी वजह से बढ़ी हुई हैं। मांग के चलते बाजारों में रौनक है और खरीदार अपनी क्षमता के अनुसार बकरे खरीदने में जुटे हैं।

# पंपू तालाब का होगा जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के मध्य भाग में स्थित विशाल पंपु तालाब का दुर्गा पूजा के बाद साफ सफाई कर जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके बाद इसका सौंदर्यकरण आरंभ होगा। इसी सदर्भ में रविवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक के साथ संयुक्त रूप से इसका निरीक्षण किया। निरीक्षण का आरंभ पांडरपाला शमशेर नगर साइड से किया गया। इसके बाद पदाधिकारियों ने तालाब के दूसरे छोर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने बताया कि शहर के मध्य भाग में स्थित 72 एकड़ में फैले इस विशाल तालाब का दुर्गा पूजा के बाद सीमांकन और साफ सफाई कर नगर निगम द्वारा जीर्णोद्धार शुरू किया जाएगा। यह चरणबद्ध तरीके से होगा। जिससे आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। योजना के तहत पहले इसके डिस्लजिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिसके बाद यह विशाल तालाब साफ एवं सुंदर नजर आएगा। अगले चरण में पार्क, वॉक वे, रेस्टोरेंट, ग्रीन पैच इत्यादि बनाकर सौंदर्यकरण आरंभ होगा। सौंदर्यकरण में रेलवे को सहयोग करने का अनुरोध किया है। निरीक्षण के क्रम में तालाब के कुछ हिस्से में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण पाया गया। इसको दूर करने के लिए उपायुक्त ने रेलवे को अतिक्रमणकारियों को नोटिफाई कर तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने को कहा।

**निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने बताया कि शहर के मध्य भाग में स्थित 72 एकड़ में फैले इस विशाल तालाब का दुर्गा पूजा के बाद सीमांकन और साफ सफाई कर नगर निगम द्वारा जीर्णोद्धार शुरू किया जाएगा**

# जामताड़ा में मां दुर्गा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**जामताड़ा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जामताड़ा में दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मां दुर्गा मंदिर का पट खुलते ही दर्शन के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी है। मुख्य, बाजार, यज्ञ मैदान, गांधी मैदान, कायस्थपाड़ा, सहित जिले के विभिन्न जगहों पर भव्य पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। उपायुक्त रवि आनंद, एसपी राजकुमार मेहता तथा अन्य अधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडाल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। पूजा कमेटी के लोगों ने बताया कि जामताड़ा के लगभग दो दर्जन ऐसे दुर्गा मंदिर हैं जहां 500 वर्षों से माता की पूजा अर्चना हो रही है । पूजा को लेकर अधिकांश जगहों पर काल्पनिक मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनाए गए हैं।

रंग-बिरंगे लाइट लगाई गई है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उपयुक्त रवि आनंद* ने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो। सभी जगह सुरक्षा का पुख्ता व्यवस्था हो।सीसीटीवी कैमरा लगा रहे, महिला पुरुष के लिए अलग से लाइन का इंतजाम हो । पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता* ने कहा कि जिला प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। पूरे जिले में पुलिस गस्त की जा रही है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अगर बाजार आते हैं तो सड़क पर गाड़ी ना लगाए नहीं तो चालान कटेगा। इसके अलावा दुकानदार भी सड़क पर दुकान का सामान लगाकर ना रखें।

एसपी ने लोगों से आवाहन किया कि अगर आप बच्चों को लेकर आते हैं तो उसके पैकेट में बच्चों के पिता का नाम, घर का पता तथा मोबाइल नंबर लिख कर रख दे ताकि बच्चा के खोने पर उसे परिवार के लोगों से मिलाने में सुविधा होगी। पश्चिम बंगाल से सटा क्षेत्र रहने के कारण जिले के लोगों में अपेक्षाकृत ज्यादा उत्साह रहता है। वहीं अधिकांश मंदिरों में बांग्ला रीति रिवाज से मां दुर्गा की आराधना की जाती है।

# स्वदेशी जागरण मंच ने आयोजित किया वृहत्त कार्यक्रम




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परम पुज्य जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, 3सी में स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा बच्चों के बीच स्वदेशी सप्ताह के अवसर वृहत्त कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय की छात्रा ने सभी लोगों को तिलक लगाया फिर बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र सिंह एंव जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलन किया। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा द्वारा छात्र, छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वदेशी संकल्प कराया गया कि अब हम अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का ही इस्तेमाल करेंगे। साथ ही अपने परिवार जनों, नाते-रिश्तेदार, गांव-समाज सभी को प्रेरित करेंगे, कि वह स्वदेशी वस्तु का प्रयोग करें स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करके ही हम अपने देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बना सकते हैं। भविष्य में अब जो भी लड़ाइयां लड़ी जाएंगी वह किसी हथियार से नहीं लड़ी जाएगी बल्कि अब जो भी युद्ध लड़े जाएंगे वह आर्थिक युद्ध होंगे और आर्थिक युद्ध का सबसे बड़ा हथियार है हमारा स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना क्योंकि जब हम अपने स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करते हैं, तो हमारे देश का पैसा हमारे देश में रह जाता है। इससे हम अपने देश को समृद्ध बनाते हैं, लेकिन जब हम विदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हैं तो हम विदेश को आर्थिक रूप से मजबूत करते हैं। अपने देश को आर्थिक रूप से कमजोर करने का काम करते हैं' हर व्यक्ति बॉर्डर पर जाकर लड़ तो नहीं सकता है, लेकिन अपने देश में कम से कम स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करते है तो देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान होगा क विद्यालय के सचिव राज कुमार सिंह ने भी अपने वक्तव्य दिए ककार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों के अलावा स्वदेशी जागरण मंच के कार्यालय प्रमुख ददन प्रसाद, विद्यालय के आचार्य समीर कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य आचार्य उपस्थित थें।

# पूजा पंडालों से एकत्रित फूलों से बनेगी खाद, स्वच्छ पंडालों को मिलेगा पुरस्कार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमिटी (जेएनएसी) ने शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की शुरूआत की है। रविवार को नगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने साकची स्थित कासीडीह पूजा पंडाल से दस फ्लावर वेस्टेज वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी वाहन शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से पूजा में चढ़ाए गए फूलों को एकत्रित करेंगे। इन फूलों को बाद में वैज्ञानिक पद्धति से खाद में परिवर्तित किया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि अब तक पूजा के बाद फूलों को इधर-उधर फेंका जाता था, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होती थी। इस पहल से जहां शहर स्वच्छ बनेगा, वहीं आस्था का भी सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि जो भी पंडाल स्वच्छता को अपनाएगा और पंडाल परिसर को साफ-सुथरा रखेगा, उसे जेएनएसी की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। नगर आयुक्त ने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें और शहर को स्वच्छ बनाने में योगदान दें। इस अनोखी पहल से जमशेदपुर न केवल स्वच्छता के मामले में और सशक्त होगा, बल्कि पूजा के फूलों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक नई मिसाल कायम करेगा।

**नगर आयुक्त ने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें और शहर को स्वच्छ बनाने में योगदान दें**

# पॉलीटेक्निक मैदान में गूंजा 'राष्ट्र प्रथम' का मंत्र, आरएसएस ने मनाया शताब्दी वर्ष



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना को इस वर्ष 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर रविवार को बाबूडीह नगर के स्वयंसेवकों ने पॉलीटेक्निक मैदान में शताब्दी वर्ष का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक गणवेश में शामिल हुए और अनुशासित पंक्तियों में उपस्थित होकर संघ के आदर्शों का प्रदर्शन किया। इस मौके पर क्षेत्र प्रचारक प्रमुख अरुण कुमार, विभाग संघ चालक केशव हारोदिया और नगर संचालक अवधेश सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि संघ ने 1925 की विजयादशमी को अपने सफर की शुरूआत की थी और अब 2025 में यह 100 वर्ष पूरे कर रहा है। इस दौरान संघ ने 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र को आत्मसात कर समाज सेवा, संगठन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। शिक्षा, सेवा और संस्कार के क्षेत्र में संघ की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। आगे भी समाज को संगठित और समृद्ध बनाने की दिशा में संघ का प्रयास जारी रहेगा।

# अर्द्धवार्षिक ज्ञान आधारित स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत भवन में अर्धवार्षिक ज्ञान आधारित स्टेकहोल्डर मीटिंग का आयोजन सहयोगिनी संस्था के द्वारा किया गया। बैठक में पंचायत जनप्रतिनिधि, मुखिया, उपमुखिया, वार्ड सदस्य, सेविका-सहिया, महिला समूह की दीदियाँ एवं अभिभावक शामिल हुए। मीटिंग की अध्यक्षता दुगार्पुर पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार महतो उर्फ अमरलाल जी ने की। उन्होंने कहा कि किशोरियों और महिलाओं को अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा। किशोरावस्था लड़कियों के जीवन का सबसे अहम समय है, जहाँ से वे अपने भविष्य और करियर को बेहतर दिशा दे सकती हैं। इस मीटिंग में किशोरियों और महिलाओं से जुड़े मुद्दों जैसे घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, बाल विवाह की रोकथाम एवं उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। हितधारकों ने आपसी समन्वय के साथ अधिक से अधिक परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का संकल्प लिया। उपमुखिया पंचानन महतो ने कहा कि सभी हितधारक मिलकर पंचायत की किशोरियों और महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था प्रखंड के 30 गाँवों में किशोरियों व युवा महिलाओं की नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर काम कर रही है। उन्हें सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, कन्यादान योजना, स्कॉलरशिप, साइकिल योजना, स्वरोजगार योजना एवं कौशल विकास योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। जीवन कौशल प्रशिक्षण से किशोरियों में संचार कौशल, निर्णय लेने की क्षमता और समस्या समाधान की योग्यता विकसित की जा रही है। एनिमेटर बिनीता देवी ने कहा कि समूह बनाकर किशोरियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और हिंसा की रोकथाम की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बैठक में उपमुखिया पंचानन महतो, वार्ड सदस्य रंजू देवी, रविता देवी, पविता देवी, सेविका उषा बाला देवी, एनिमेटर बिनीता देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, पुष्पा देवी, सेविका किरण देवी, शांति देवी, न्यूनुवाला देवी, दीपक कुमार महतो, विनोद महतो सहित कई लोग उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com